www.epaper.azadsipahi.com

* ओड़िशा संस्करण

02 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची

रविवार, वर्ष 07, अंक 342

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लंबोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।**
**वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**



रांची : दुर्गा बाड़ी में महाषष्ठी पर सजा मां दुर्गा का दरबार और पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## भागवत को राष्ट्रपिता कहनेवाले इमाम को कट्टरपंथियों ने दी धमकी

- दिल्ली पुलिस ने शिकायत की दर्ज
- इमाम बोले, मैं अपने बयान पर कायम हूं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से मुलाकात और उन्हें राष्ट्रपिता बताने संबंधी बयान को लेकर ऑल इंडिया इमाम ऑगेनाइजेशन के प्रमुख उमेर अहमद इलियासी को 'सर तन से जुदा' करने की धमकियां मिल रही हैं। उन्हें ये धमकी भरे फोन कॉल्स इंग्लैड से आये थे। उन्होंने बताया की उन्हें इंग्लैंड से फोन कर एक शख्स ने पहले तो नाराजगी जताई फिर अपशब्दों का प्रयोग किया और अंत में धमकी दी। उन्होंने कहा कि मैंने दिल्ली पुलिस में इसकी शिकायत दी है। फोन में लगातार मिल रही धमकियों के बावजूद चीफ इमाम ने कहा कि मैं अपने शब्दों पर कायम हूं। मैंने मोहन भागवत को राष्ट्रपिता और राष्ट्रऋषि बोला था। मैं इन शब्दों को वापस नहीं लूंगा, परिणाम चाहे जो भी हो। पीएफआइ पर लगे बैन को लेकर उन्होंने कहा सरकार के पास पर्याप्त सबूत थे इसलिए कार्रवाई हुई है।

22 सितंबर दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग पर एक मस्जिद के बंद कमरे में मोहन भागवत करीब एक घंटे चीफ इमाम डॉ. उमर अहमद इलियासी के साथ रहे थे। किसी मुस्लिम धार्मिक संगठन के प्रमुख से आरएसएस चीफ की मस्जिद में यह पहली मुलाकात थी। इस दौरान इलियासी ने राष्ट्रपिता संबंधित बयान दिया था। उनका यह बयान कुछ राजनीतिज्ञों और कट्टरपंथियों को नहीं सुहाया। पुलिस को दी गयी अपनी शिकायत में इमाम ने बताया कि आरएसएस प्रमुख से मुलाकात के बाद से ही उनके मोबाइल पर भारत समेत अन्या देशों धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराने के साथ ही इसकी जानकारी गृह सचिव व दिल्ली पुलिस कमिश्नर को भी दी है। उन्होंने बताया कि पीएफआइ को प्रतिबंधित करने का समर्थन करने पर भी वह कट्टपंथियों के निशाने पर हैं।

### तकनीक : देश में आया 5जी, प्रधानमंत्री ने की लॉंचिंग

# मेरे आत्मनिर्भर भारत के सपने का कइयों ने मजाक उड़ाया: मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मानिर्भर भारत के मेरे सपने का कई लोगों ने मजाक उड़ाया। लोग सोचते थे कि तकनीक गरीबों के लिए नहीं है। लेकिन मुझे विश्वास था कि तकनीक हर घर तक पहुंच सकती है। प्रधानमंत्री शनिवार को नयी दिल्ली में 5जी लॉंचिंग के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने देश में 5जी की शुरुआत करते हुए कहा कि यह डिजिटल इंडिया और आत्मानिर्भर भारत की दृष्टि में एक बड़ा कदम है।



### डिजिटल इंडिया के चार स्तंभों की चर्चा

प्रधानमंत्री ने डिजिटल इंडिया के चार स्तंभों के बारे में बात करते हुए कहा कि हमने डिजिटल डिवाइस की कीमत, कनेक्टिविटी, डेटा की कीमत और डिजिटल के विजन पर जोर दिया। आज भारत की 21वीं सदी के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। क्योंकि 5जी तकनीक दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति लाएगी। यह डिजिटल इंडिया की सफलता है। यह देख कर खुशी हुई कि 5जी के लॉंच के ऐतिहासिक कार्यक्रम में गांव शामिल हो सकते हैं।

**मोबाइल फोन की पहुंच हर गरीब तक :** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता बना रहेगा बल्कि प्रौद्योगिकी के विकास में एक प्रमुख और वायरलेस प्रौद्योगिकी के डिजाइन में सक्रिय भूमिका निभाएगा। भारत मोबाइल फोन के निर्माण में दूसरे नंबर पर है और भारत मोबाइल फोन का निर्यात भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी प्रयासों ने भारत में मोबाइल फोन को सस्ता बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा डिजिटल पेमेंट आम बात हो गयी है। उन्होंने इंटरनेट यूजर्स की बढ़ती संख्या और डिजिटल पेमेंट की चर्चा की।

### पीएम ने 5जी के उपयोग को देखा

जियो ने 4 स्कूलों को जोड़ा। मुंबई के एक स्कूल के शिक्षक ने 3 अलग-अलग स्थानों के छात्रों को पढ़ाया। अहमदाबाद के रोपड़ा प्राइमरी स्कूल की एक स्टूडेंट से पीएम ने बात की। वोडाफोन आइडिया ने 5जी की मदद से दिल्ली मेट्रो की एक निमार्णाधीन सुरंग में कामगारों की सुरक्षा का उपयोग केस डेमोंस्ट्रेट किया। टनल में काम कर रहे लोगों से भी प्रधानमंत्री ने बात की। एयरटेल ने अपने डेमो में उत्तर प्रदेश के स्टूडेंट्स को शामिल किया। उनमें से एक छात्रा ने होलोग्राम के जरिए मंच पर उपस्थित होकर अपने लर्निंग एक्सपीरिएंस को प्रधानमंत्री के साथ शेयर किया। प्रगति मैदान में पवेलियन भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री 5जी के उपयोग से वाकिफ हुए। इसी क्रम में उन्होंने दिल्ली में बैठ कर यूरोप में मौजूद एक कार का रिमोट टेस्ट किया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी अपने सामने लगे स्टीयरिंग से कार को कंट्रोल कर रहे हैं।

### दिल्ली-मुंबई समेत देश के आठ शहरों में 5जी सेवा शुरू

देश में शनिवार एक अक्टूबर से 5जी मोबाइल सर्विसेस की शुरूआत हो गयी है। इंडियन मोबाइल कांग्रेस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5जी सर्विसेस लॉंच कीं। 5जी के आने से इंटरनेट स्पीड 4जी की तुलना में करीब 10 गुना बढ़ जाएगी। दिल्ली के प्रगति मैदान में आज से टेलीकॉम इंडस्ट्री के बड़े इवेंट इंडियन मोबाइल कांग्रेस के छठे एडिशन की शुरूआत हुई है। ये इवेंट 4 दिन तक चलेगा। एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल ने 8 शहरों से 5जी की शुरूआत का ऐलान किया। इनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, वाराणसी, बेंगलुरु, हैदराबाद और सिलीगुड़ी है। एयरटेल का मार्च 2024 तक पूरे देश में 5जी सर्विस पहुंचाने का प्लान है। रिलायंस ने बीते दिनों दिवाली तक 4 शहरों दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई में 5जी सर्विस शुरू करने की घोषणा की थी। वहीं, मुकेश अंबानी ने इंडियन मोबाइल कांग्रेस में कहा कि जीओ के जरिए दिसंबर 2023 तक देश के हर कोने में 5जी सर्विस पहुंचेगी।




### शहरी स्वच्छता में फिर लहराया परचम

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड बना सेकेंड टॉपर



- केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने झारखंड को किया सम्मानित
- राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व को फिर मिला सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य नें लगातार विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की है। इसी क्रम में नयी दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड को 100 शहरी निकायों वाले राज्यों में देश के सेकेंड टॉपर राज्य का सम्मान प्रदान किया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास के अधीनस्थ राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने इस सम्मान को प्राप्त किया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड को सेकेंड टॉपर अवार्ड के साथ कुछ अन्य शहरों को भी विभिन्न कैटेगरी में सम्मानित किया गया है। पूर्वी जोन के 50000 से 100000 आबादी वाले नगर निकायों में चाईबासा को बेस्ट सिटिजन फीडबैक के लिए सम्मानित किया गया। पूर्वी जोन के 15000 से 25000 आबादी वाले नगर निकायों में बुंडू को बेस्ट सिटिजन फीडबैक के लिए सम्मानित किया गया।

केंद्र द्वारा देशभर के शहरों में 17 सितंबर 2022 को कराये गये इंडियन स्वच्छता लीग में भी झारखंड के तीन नगर निकायों को सम्मानित किया गया है। झारखंड के जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र,मानगो और मेदनीनगर को इंडियन स्वच्छता लीग में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर जमशेदपुर और पलामू के उपायुक्त मौजूद रहे।



आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel
आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## सियासी आकलन : यों ही खड़गे को कर्नाटक का सोलिलादा सरदारा नहीं कहा जाता

# कांग्रेस के लिए 24 कैरेट गोल्ड साबित होंगे खड़गे

**आजाद सिपाही विशेष**

कांग्रेस को इस महीने नया अध्यक्ष मिलने जा रहा है। 24 साल बाद गांधी परिवार से बाहर का कोई अध्यक्ष बनेगा। यह पहला अवसर होगा, जब गांधी परिवार परिवारवाद के आरोप से किसी मामले में खुद का बचाव कर पायेगा। हालांकि यह भी सर्वविदित है किबिना सोनिया-राहुल की सहमति के कांग्रेस अध्यक्ष बनना किसी के बूते की बात नहीं। सो मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ाना आइवॉश ही है। मुखौटा तो उनका रहेगा, लेकिन गतिविधि वही होगी, जो गांधी परिवार को भायेगी। पोलिटिकल गलियारों में इसे रिमोट कंट्रोल कहा जाता है। सियासी आकलन के हिसाब से सब कुछ ठीक रहा, तो 19 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस की बागडोर संभाल लेंगे। कहने को शशि थरूर भी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन अब तक की राजनीतिक पकड़ के हिसाब से वह किसी गिनती में नहीं हैं। हां, जब चुनाव का आडंबर दिखाना है, तो कुछ खिलाड़ियों का मैदान में रहना जरूरी है, नहीं तो इसे फेयर चुनाव कैसे कहा जायेगा। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में वॉकओवर तो हमेशा से गांधी परिवार को मिलता आया है। ऐसे खड़गे भी क्लीन स्वीप ही करेंगे, ये तय है, क्योंकि गांधी परिवार का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त है। कहने को तो कांग्रेस के नेता जोर देकर कह रहे कि चुनाव को लेकर गांधी परिवार का रुख तटस्थ है, लेकिन नॉमिनेशन की तस्वीर से ही साफ हो गया कि उनका हाथ किसके सिर पर है। खड़गे के नामांकन के वक्त तमाम बड़े नेताओं की फौज मौजूद थी, तो थरूर के पर्चा दाखिले के वक्त उनके अलावा बमुश्किल ही कोई ऐसा चेहरा था, जिसे आम लोग तो छोड़िए, कांग्रेस के कार्यकर्ता भी पहचान रहे होंगे। लिहाजा नतीजा पहले से तय दिख रहा कि खड़गे ही जीतेंगे। आलोचक भले ही कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को दिखावा कहें, लेकिन यह अपने आपमें बहुत बड़ी बात है कि भारत में कोई राजनीतिक दल पूरे देश के सामने सार्वजनिक तौर पर आंतरिक चुनाव करा तो रहा है। अब देखना यह है कि 80 साल के खड़गे इतिहास के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस में नयी जान कैसे फूंकेंगे। चलिए मल्लिकार्जुन खड़गे की जीवन खिड़की में जरा झांक कर आते हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** के साथ।


राकेश सिंह

### संघर्ष भरा रहा सफर चूकते रहे सीएम पद से

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर दिया है। प्रबल संभावना है कि कांग्रेस के अगले अध्यक्ष वही बनेंगे। गांधी परिवार के कट्टर वफादारों में से एक मल्लिकार्जुन खड़गे का राजनीतिक जीवन बहुत ही शानदार रहा है। वह पांच बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गये। कहा जाता है कि पांचों बार उनका नाम सीएम पद के लिए लगभग तय था, लेकिन दिल्ली से अचानक आये फरमान के बाद पांचों बार वह सीएम बनने से चूक गये, लेकिन उन्होंने कभी भी कांग्रेस या गांधी परिवार के खिलाफ कुछ नहीं कहा। इसी कारण से उन्हें गांधी परिवार के वफादारों में से एक माना जाता है। या यूं कहें खड़गे गांधी परिवार के लिए खरा सोना से कम नहीं। मल्लिकार्जुन को 50 साल से ज्यादा का राजनीतिक अनुभव है। कांग्रेस में जगजीवन राम के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे दूसरे दलित नेता हैं, जिन्हें कांग्रेस में इतना सम्मान मिला है। इनकी दलित समाज में अच्छी पकड़ है और इन्हें गंभीर नेता माना जाता है। मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म 21 जुलाई 1942 को आज के कर्नाटक के बीदर जिले के वारवट्टी गांव में हुआ था। तब वह पुराने हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र में आता था और वहां निजाम का राज था। जब वह सिर्फ सात साल के थे, तब सांप्रादियक दंगों में उन्हें अपनी मां और परिवार के सदस्यों को खोना पड़ा। इतना ही नहीं, दंगों की वजह से खड़गे परिवार को अपना घर-बार तक छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवार को पड़ोसी कलबुर्गी जिले में आना पड़ा, जिसे पहले गुलबर्गा के नाम से जाना जाता था। शायद यही वजह है कि खड़गे सांप्रदायिकता के खिलाफ बहुत मुखर रहते हैं। गुलबर्गा जिले के वारवट्टी में एक गरीब परिवार में जन्मे मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी स्कूली शिक्षा और बीए के साथ-साथ गुलबर्गा में कानून की पढ़ाई की। राजनीति में आने से पहले कुछ समय तक वह वकालत के पेशे में थे। उनका विवाह राधाबाई से हुआ है और उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। उन्होंने संघ नेता के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। श्रमिकों के लिए काम करने के दौरान 1969 में वह कांग्रेस में शामिल हुए और गुलबर्गा सिटी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने। उसके बाद उनके राजनीतिक करियर का ग्राफ बढ़ता चला गया। राजनीति में कड़ी मेहनत के चलते उन्हें हमेशा चैंपियन कहा गया। खड़गे 1990 में एस बंगारप्पा कैबिनेट और 1992 से 1994 तक एम वीरप्पा मोइली की कैबिनेट के सदस्य थे। 1994 में विधानसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद उनकी भूमिका बदल गयी। उस समय खड़गे की नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी। यह पद उनका होते-होते रह गया। या यूं कहा जा सकता है हाथ को आया मुंह न लगा। जनता दल का सीएम बना। 1999 में वह फिर से मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में से एक थे, लेकिन एसएम कृष्णा ने उन्हें पछाड़ दिया। एसएम कृष्णा को सीएम बनाया गया और खड़गे उनके कार्यकाल में गृह मंत्री रहे। ऐसा ही एक मौका 2004 में भी आया था, लेकिन तब भी खड़गे शीर्ष पद से चूक गये, क्योंकि उनके करीबी दोस्त एन धरम सिंह ने कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन का नेतृत्व किया और उन्होंने उनके अधीन काम किया।



### जब फिर चुके सीएम पद हासिल करने से

मल्लिकार्जुन खड़गे को 2005 में केपीसीसी प्रमुख के पद के लिए चुना गया था, उसके बाद उन्हें 2008 में दूसरी बार विपक्ष का नेता बनाया गया। उन्होंने 2013 में मुख्यमंत्री बनने का एक और मौका गंवा दिया, जब पार्टी ने कर्नाटक और दक्षिण में पहली बार भाजपा की सरकार गिराते हुए क्लीन स्वीप किया। इस बार सीएम पद के लिए खड़गे की चुनौती वास्तविक थी, लेकिन एक वफादार पार्टी के व्यक्ति के रूप में, वह सिद्धारमैया के सामने झुक गये, जिन्हें पार्टी आलाकमान ने पसंद किया था। 2019 में एचडी कुमारस्वामी और उनके बीच खींचतान सामने आयी। कुमारस्वामी ने इस्तीफा दिया तो खड़गे के सीएम बनने की खबरें आयीं, लेकिन इस बार वह फिर सीएम बनने से चूक गये और बीजेपी ने यहां बाजी मार ली और बीएस येदियुरप्पा को सीएम बनाया।

### सोलिलादा सरदारा यानी अजेय सरदार

विधायक, राज्य सरकार में मंत्री, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, लोकसभा सांसद, केंद्रीय रेल मंत्री, श्रम मंत्री, राज्यसभा सांसद, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष। खड़गे अपने राजनीतिक जीवन में इन महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे। उनके सियासी कद का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि उन्हें कर्नाटक का 'सोलिलादा सरदारा' यानी 'अजेय सरदार' कहा जाता है। खड़गे विभिन्न परोपकारी और सामाजिक गतिविधियों से भी जुड़े हुए हैं। चुनाव की बात करें तो मल्लिकार्जुन हमेशा अजेय रहे। यहां तक कि लोकसभा चुनावों में मोदी लहर भी उन्हें नहीं हरा सकी। प्रबल मोदी लहर में जहां लोकसभा चुनाव में सूफड़ा साफ हुआ, उन्होंने गुलबर्गा से 74,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की।

### लगातार नौ बार रहे हैं विधायक

1971 में कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे को गुरमितकल विधानसभा सीट से टिकट दिया, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की। इसके बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। 1971 से जीत का जो सिलसिला चला, वह 2019 तक जारी रहा। 2008 तक लगातार नौ बार वह कर्नाटक विधानसभा के सदस्य रहे। 2009 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का टिकट दिया। उन्होंने कर्नाटक की गुलबर्गा लोकसभा सीट से जीत हासिल की। 2014 में वह फिर से लोकसभा के लिए चुने गये। हालांकि, 2019 में उनकी जीत का सिलसिला तब टूटा, जब बीजेपी उम्मीदवार से उन्हें शिकस्त झेलनी पड़ी। लेकिन कांग्रेस में उनकी मजबूत पकड़ होने के कारण जल्द ही उन्हें राज्यसभा में भेज दिया गया।

2009 तक कर्नाटक राजनीति में रमे खड़गे ने पूरे सूबे में अपनी छाप छोड़ी। हालांकि कभी वह सीएम नहीं बन पाये। वह राज्य सरकार में राज्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री तक रहे। अहम विभागों को संभाला। 1994 में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने। 2008 में दूसरी बार इस पद को संभाला। उसी साल कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभाली। जब 2009 में सांसद बने, तब मनमोहन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। 2014 में जब बीजेपी सत्ता में आयी तो वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बने। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। गुलाम नबी आजाद के राज्यसभा से रिटायर होने के बाद कांग्रेस ने खड़गे को उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष बनाया।

### खड़गे से राहुल को भविष्य में खतरा नहीं

खड़गे के चुनाव के पीछे सबसे बड़ी वजह उनकी उम्र भी है। खड़गे अभी 80 साल के हैं और 2024 लोकसभा चुनाव तक 82 साल के हो जायेंगे। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि खड़गे की बजाय कोई और अध्यक्ष बनता, तो राहुल के लिए भविष्य में चैलेंजर हो सकता था, लेकिन खड़गे के मामले में ऐसा नहीं है। खड़गे की जाति भी उनके सिलेक्शन की बड़ी वजह मानी जा रही है। खड़गे दलित हैं, जो वोटों के लिहाज से काफी प्रभावी हैं।

लोकसभा सीटों के हिसाब से देखा जाये तो देश की कुल 543 में से 131 सीटें एससी-एसटी के लिए आरक्षित हैं। खड़गे दक्षिण भारत से आते हैं, जहां भाजपा उत्तर भारत के मुकाबले ज्यादा मजबूत नहीं है। सिलेक्शन के लिए ये भी उनके लिए प्लस पॉइंट रहा। खड़के कांग्रेस के लिए 24 कैरेट सोना इसलिए साबित होंगे, क्योंकि कांग्रेस अब जोर गले से कह सकती है कि अगर भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया, तो हमने दलित समाज को सम्मान देते हुए अपने पार्टी के शीर्ष पर पहुंचाया।

## आइएएस पूजा सिंघल के खुल रहे हैं काले कारनामे, 1.33 करोड़ की जमीन खरीदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर की निलंबित आइएएस पूजा सिंघल पर आरोप है कि उन्होंने कांके में मेसर्स राधेश्याम फायरवर्क्स एलएलपी के नाम पर जमीन खरीदी है। इस जमीन के एवज में पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार ने जमीन विक्रेता को 1.33 करोड़ रुपये पेमेंट किया।

**सुमन सिंह के मोबाइल के कैलकुलेशन शीट से खुलासा**

इडी को इस भुगतान के सबूत सुमन कुमार सिंह के मोबाइल फोन के कैलकुलेशन शीट से मिले हैं। इस सौदे में जमीन दलाल सुजीत सिंह ने भी कैश भुगतान की पुष्टि की है। इडी ने फरवरी 2009 से



जुलाई 2010 तक पूजा सिंघल के कार्यकाल की जांच की है। डीसी के रूप में पूजा सिंघल के कार्यकाल के दौरान खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले को लेकर इडी ने चार्जशीट दायर की है।

**सुजीत ने किये कई खुलासे**

इडी के समक्ष सुजीत सिंह ने खुलासा किया है कि उसने कांके के बोड़ेया में जमीन खरीदने के लिए मालिक कामेश्वर नारायण तिवारी और खरीदार मैसर्स राधेश्याम एलएलपी के बीच सौदा कराया था। जमीन खरीदारी को लेकर 1.33 करोड़ रुपये का भुगतान सुमन कुमार सिंह ने किया। वह इस कंपनी के मालिक हैं। वहीं पूजा सिंघल की मां कमलेश सिंघल उनकी पार्टनर हैं।

इडी ने दावा किया कि नकद राशि पूजा सिंघल से संबंधित घोटाले की राशि का हिस्सा थी। इडी ने कहा है कि सुमन कुमार सिंह ने इस कंपनी के नाम पर जमीन खरीदने में भी घोटाले की राशि का इस्तेमाल किया।

## झारखंड पुलिस स्पेशल ब्रांच के 17 पुलिसकर्मियों का तबादला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस स्पेशल ब्रांच के 17 पुलिसकर्मियों का तबादला हुआ है। इनमें इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआइ और सिपाही रैंक के पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसकी अधिसूचना स्पेशल ब्रांच द्वारा जारी कर दी गयी है।

### कौन कहां भेजे गये

जिन 17 पुलिसकर्मियों का तबादला हुआ है, उसमें डेविड मिंज को प्रभारी डीएसपी गुमला, राकेश कुमार सिंह को प्रभारी डीएसपी साहिबगंज, अवधेश कुमार को प्रभारी डीएसपी जामताड़ा, सारंगधर प्रसाद को डीएसपी ऑफिस कोडरमा, शैलेंद्र कुमार पांडेय को डीएसपी ऑफिस जमशेदपुर, विष्णुदेव चौधरी को प्रभारी डीएसपी ऑफिस गढ़वा, लिलेश्वर महतो को रक्षित ऑफिस रांची, बिरेंद्र कुमार को प्रभारी पेंशन प्रशाखा, लोलंती मिंज को स्पेशल डेस्क प्रशाखा, जयप्रकाश टोप्पो को देवघर एयरपोर्ट, सरिता कुजूर को स्पेशल ब्रांच सिमडेगा, फिरोज अंसारी को स्थापना प्रशाखा, नागेंद्र कुमार सिंह को प्रेस और लाइब्रेरी प्रशाखा, जयकांत मिश्रा को डीआइजी स्पेशल ब्रांच ऑफिस, राकेश कुमार हांसदा का९ एडमिन 2 तकनीकी कोषांग, रमित कुमार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट और मदन कुमार मांझी को देवघर एयरपोर्ट भेजा गया है।

## जी-20 देशों की बैठक रांची में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फरवरी और मार्च महीने में होगी बैठक, सुरक्षा को लेकर अभी से तैयारियां तेज**

**रांची।** रांची झारखंड की राजधानी रांची में जी-20 देशों की बैठक होगी। खबर है कि बैठक 16-17 फरवरी और 16-17 मार्च को होनी है। बैठक रांची के कोल इंडिया कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। बैठक भले ही अगले साल होनी है, लेकिन यह बेहद अहम बैठक है, जिसे लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

**पहली बार झारखंड में होगी जी-20 की बैठक**

भारत में दिसंबर 2022 से जी-20 की बैठक करीब 50 शहरों में होनी है। ऐसा पहला मौका है, जब झारखंड में इस तरह की बैठक होगी। कई देशों के प्रतिनिधि इस अहम बैठक का हिस्सा होंगे, जिसमें भारत के साथ- साथ चीन, जर्मनी, फ्रांस, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हैं।

**ग्रेड के अनुसार मिलेगी सुरक्षा**

इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को उनको मिली सुरक्षा के ग्रेड के अनुसार सुरक्षा दी जायेगी। अगर किसी को जेड या जेड प्लस स्तर की सुरक्षा पहले से मिली हुई है, तो उन्हें यहां भी उसी सुरक्षा में रखा जायेगा। रांची शहर और कार्यक्रम स्थल इस दौरान छावनी में तब्दील होगा। इस अहम बैठक को लेकर देश के जी-20 के निदेशक (मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स) सहित दो सदस्यीय टीम ने डीजीपी नीरज सिन्हा, एडीजी अभियान संजय आंनदराव लाटकर, आइजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर और एसपी सुरक्षा शिवानी तिवारी सहित अन्य अधिकारियों से बात की है और यहां की सुरक्षा व्यवस्था और बैठक को लेकर रणनीति पर चर्चा की है।

**प्रतिनिधियों के ठहरने के लिए होगी विशेष व्यवस्था**

झारखंड पुलिस के अधिकारियों को यह सूचना दी गयी है कि जी-20 देशों के प्रतिनिधि फरवरी और मार्च के महीने मे रांची में होंगे। इस वक्त यह बैठक इंडोनेशिया में जी-20 की बैठक चल रही है। रांची में इन प्रतिनिधियों के ठहरने के लिए होटल रेडिशन ब्लू और होटल ली-लैक सहित दूसरे बड़े होटलों में व्यवस्था की जायेगी। इस संबंध में होटल में संपर्क किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का कांग्रेस अध्यक्ष बनने का सपना टूटा, रद्द हुआ नामांकन

**8 अक्टूबर तक उम्मीदवार वापस ले सकते हैं नाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी का कांग्रेस अध्यक्ष बनने का सपना टूट गया है। उनका नामांकन रद्द हो गया है। कांग्रेस के सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी के चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री ने शनिवार (1 अक्टूबर 2022) को यह जानकारी दी। श्री मिस्त्री ने बताया कि केएन त्रिपाठी ने जो नामांकन फॉर्म दाखिल किया था, वह मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे थे। हस्ताक्षर से भी जुड़ी समस्याएं थीं।

### इस वजह से रद्द हुआ केएन त्रिपाठी का नामांकन

केएन त्रिपाठी ने शुक्रवार (30 सितंबर 2022) को कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। शनिवार को स्क्रूटनी के दौरान उनके हस्ताक्षर में कुछ गड़बड़ी पायी गयी। इसके बाद उनके नामांकन को रद्द कर दिया गया। केएन त्रिपाठी समेत चार लोगों के नामांकन को हस्ताक्षर के कारणों



की वजह से रद्द कर दिया गया। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख अभी बाकी है।

### शुक्रवार तक 20 फॉर्म जमा हुए

मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि अब तक जितने भी लोगों ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है, वे 8 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं।

इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी कि मैदान में कितने उम्मीदवार होंगे। शुक्रवार तक 20 फॉर्म जमा हुए थे। स्क्रूटनी कमेटी ने इनमें से चार को हस्ताक्षर से जुड़े मुद्दों की वजह से रद्द कर दिया।

**मैदान में दो उम्मीदवार- मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर**

केंद्रीय निर्वाचन प्राधिकार के प्रमुख श्री मिस्त्री ने बताया कि अभी मैदान में दो प्रमुख उम्मीदवार हैं। एक मल्लिकार्जुन खड़गे और दूसरे शशि थरूर। श्री मिस्त्री ने कहा कि 8 अक्टूबर तक इंतजार करेंगे। अगर कोई नामांकन वापस नहीं लेता है, तो हम वोटिंग की प्रक्रिया शुरू करेंगे। बता दें कि 17 अक्टूबर 2022 को कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की तिथि तय है। 19 अक्टूबर को मतगणना होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे।

**राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने से कर दिया था इंकार**

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने से इंकार कर दिया था। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया था कि गांधी परिवार से कोई भी व्यक्ति कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनेगा। कांग्रेस पार्टी जिसे चाहे, अपना अध्यक्ष चुन ले। बता दें कि राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर कई सीनियर लीडर्स ने सवाल उठाये थे। इससे नाराज राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने से साफ मना कर दिया। अभी वह भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। दूसरी तरफ, कई नेता पार्टी छोड़ रहे हैं।

## अध्यक्ष, प्रमुख, मुखिया और पंचायत जनप्रतिनिधियों को जल्द मिलेगा मानदेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के पंचायत जनप्रतिनिधियों को जल्द ही मानदेय भुगतान होगा। इसमें यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता भी शामिल है। इसके लिए सभी जिलों के विकास आयुक्तों को आवंटन जारी कर दिया गया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कुल 15 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध तय किया गया है। पंचायती राज विभाग, झारखंड ने इसमें से 8 करोड़ 14 लाख 45 हजार 500 रुपये का आवंटन डीडीसी को कर दिया है। अब प्रक्रियागत तरीके से राज्य से सभी जिलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों को मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा। पंचायती राज विभाग के स्तर से पैसा रिलीज होने से राज्य के 60 हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों (पंचायत) को लाभ मिलेगा। इनमें 4545 मुखिया, 53479 वार्ड सदस्य, 5341 पंचायत समिति सदस्य और 536 जिला परिषद जिला परिषद सदस्य शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.4 °c | 21.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.40 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## पूजा पंडालों के पट खुले : मां के दिव्य स्वरूप से जग में हुआ उजियारा

# मां के दर्शन कर निहाल हो रहे भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र षष्ठी को बेलबरन पूजन के साथ दुर्गोत्सव का रंग और भी गहरा गया। राजधानी के ज्यादातर पूजा पंडालों के पट शनिवार की शाम आम भक्तों के लिए खोल दिये गये। सात्विक जनों को अभय देने वाली महिषासुर मर्दिनी का दिव्य स्वरूप साकार हो उठा। लगा मानो जग में उजियारा हो गया हो। भक्तों की अंखियां निहाल हो गयी हों। दर्शन को उमड़े भक्तों ने जयकारा लगा आशीष मांगा, मंगल कामनाएं की तो मां के हाथों के रक्ताभ वृत्त से आशीर्वचनों का तेज सभी के शरीर में प्रविष्ट हो गया। महामाया सहित अन्य देवी-देवताओं की जिन प्रतिमाओं में कलाकारों ने जान डालने में कोई कसर नहीं छोड़ी, उनमें तेज का संचार होता प्रतीत हुआ। ऐतिहासिक और कलात्मक कलाकारी का बेजोड़ नमूना पेश करती प्रतिमाएं और सार्थक जीवन का संदेश देते मनोहक एक से बढ़ कर एक पूजा पंडाल जहां दर्शनार्थियों को देर रात तक आकर्षित करते रहे, वहीं भक्ति गीतों से गुंजायमान वातावरण में मनोहारी विद्युत सज्जा का खुबसूरत नजारा मन मोहता रहा। अब विजयदशमी तक कुछ ऐसा ही भक्ति, उमंग और उल्लास का आलम चहुंओर छाया रहेगा। भक्त जहां मां का दर्शन-पूजन कर आशीष मांगेंगे वहीं भक्ति के मेले का भी जमकर लुफ्त उठायेंगे।

## सीएम ने किया श्रीश्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण



दीपाटोली रांची स्थित बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में माता रानी के दरबार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## लुभा रहा संदेश देता पूजा पंडाल

शनिवार की शाम पट खुलते ही मां के दर्शन को तांता सा लग गया। लोग कभी पंडाल की भव्यता तो कभी आभा बिखेरती मां सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को अपलक निहारते रहे। मानव जीवन की सार्थकाा को प्रदर्शित करते शहर के पूजा पंडाल सभी का मन मोहते रहे। प्रकृति संरक्षण के साथ सेफ लाइफ तक का संदेश मिल रहा। बच्चों के आउटडोर खेल को लेकर भी सजग किया जा रहा।



आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा समिति, रातू रोड का पंडाल : जल-जंगल और जमीन को बचाने का संदेश दे रहा उडेन से बना यह पंडाल।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट के पंडाल का डॉ रामेश्वर उरांव ने किया उद्घाटन



शनिवार को डोरंडा स्थित छप्पट सेट दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन करते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राहुल सिंह, आलोक दुबे और लाल किशोर नाथ शाहदेव।

**रांची।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट में विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा के पट शनिवार को संध्या 7:30 बजे राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने खोला एवं आम लोगों के दर्शनार्थ पूजा पंडाल भी खोल दिया गया। मां दुर्गा के पट खुलते ही जय-जयकार से पूजा पंडाल गूंज उठा। अनावरण के उपरांत महिलाओं द्वारा सामूहिक आरती की गयी। इसमें वित्त मंत्री के साथ आजाद सिपाही के निदेशक राहुल सिंह, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, राहुल सिंह, शोभा सिंह, नरेंद्र कुमार धोनी, संजीत यादव, अभिषेक साहू, दिलीप कुमार, मनोज सिंह छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए एवं तत्पश्चात छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम दूबे गोपी ने गणमान्य अतिथियों को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने मां दुर्गा से राज्य में खुशहाली, विकास, सद्भावना, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की एवं पूरे हर्षोल्लास एवं शांति के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना किया है कि देश ही नहीं पूरी दुनिया में कोरोना जैसी महामारी फिर कभी ना हो। दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि नवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास, उमंग के साथ मनाया जायेगा। पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम दूबे गोपी ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों द्वारा नेपाल हाउस व अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा 1967 में दुर्गा पूजा छोटे से स्वरूप में शुरू किया गया था जो आज एक भव्य रूप ले चुका है। इस वर्ष 60 फीट ऊंचा काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया गया है जिसके शीर्ष पर भगवान शिव अपनी जटा से मां गंगा को निकालते हुए दिखायी दे रहे हैं। आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671–2367768-783, FAX: 0671–2367663, E-mail: crrictc@nic.in
Advertisement No. 23/FA/2022-23
Walk-in-interview is to be held on 21.10.2022 for selection of **one (01) Field Assistant (FA)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Identification of rice cultivars with low as concentration in gain through as speciation study and developing management practices to mitigate as contamination"** (EAP-351). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**
PRINCIPAL INVESTIGATOR

## नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति बूटी मोड़ पूजा पंडाल का पट खुला




रांची (आजाद सिपाही)। नव युवक संघ, दुर्गा पूजा समिति बूटी के पूजा पंडाल का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू और महावीर नाथ ओहदार ने सामूहिक रूप से किया। मौके पर समिति अध्यक्ष राम ओहदार, बिरेंद्र नाथ ओहदार, माय माटी 1932 खतियान बूटी मोड़ के अध्यक्ष संजय कुमार महतो, वार्ड पांच की पार्षद गायत्री देवी, सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, अमर नाथ चौधरी, रामकिशोर ओहदार, दिलीप स्वर्णकार, महेश चंद्रा, अजित महतो, रजनीकांत ओहदार, लिखेश्वर ओहदार, मोहन महतो, अशोक ओहदार, पायल सोनी, अशोक साहू, बंटी कुमार, कपिल महतो, श्रावण महतो, प्रदीप महतो, सचिन कुमार और सभी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

BETHEL COLLEGE OF NURSING, RANCHI
Approved by Jharkhand Government, Affiliated to Ranchi University, Affiliated to JNRC, INC Regd.
* Eligibility: 10+2 pass (PCB) with any recognised board
* Affordable fee structure
*Committed tutors and staffs
*Separate hostel for boys and girls
*Beautiful Campus
*24x7 Security
*Labs with latest equipments
*Library books with latest edition
*Provide free Wifi
(1)Admission Open B.Sc (Nursing) 4 year degree course
(2) Our College is affiliated to Jharkhand Nurses Registration Council (JNRC)
(3) Our B.Sc (N) degree is affiliated to Ranchi University, Ranchi
(4) We need a principal in our college, who has a M.Sc in Nursing with experiences
(5)We have the need of a Vice Principal and an Administrator too.
(6) We expect committed, honest and humble God's people to help us.
================
Contact: 7631006982
Whatsapp: 8709561347
Visit: bethelcollegeofnursing.com
Add. Bethel College of Nursing, PO Boreya, PS Kanke, Ranchi Jharkhand 834006

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



रमेश बैस
राज्यपाल, झारखण्ड

वन्यप्राणी सप्ताह
02 से 08 अक्टूबर, 2022



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

पृथ्वी पर वास कर रहे सभी जीव–जन्तुओं का संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए आवश्यक है। वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड राज्य में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर, 2022 तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है।

वन्यप्राणी पारिस्थितिकी संतुलन के लिये महत्वपूर्ण कड़ी है। वन, वन्यप्राणी एवं मनुष्य, सबका अस्तित्व एक दूसरे पर आश्रित है। हमारे आस–पास एवं वनों में पाये जाने वाले पशु–पुक्षी, कीट–पतंग इत्यादि मानव जीवन को रोमांचक एवं सुखद बनाते हैं। झारखण्ड राज्य के वन सदा ही विभिन्न प्रजाति के वन्य प्राणियों की वासस्थली रहे हैं लेकिन वनों के निरंतर ह्रास होने से वन्यजीवों के पर्यावास प्रभावित हो रहे हैं। अतः वन्यजीवों के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए आवश्यक है कि आमजन, विशेषकर ग्रामीणों तथा वनों के समीप रहनेवाले लोगों के बीच वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु अधिकाधिक जागरूकता एवं कर्तव्यबोध की भावना उत्पन्न की जाय।

वन एवं वन्यजीव, अनादिकाल से मानव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। वन एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूक होकर इसके संरक्षण के लिए सदा सजग एवं संवेदलशील रहना सभी राज्यवासियों का कर्तव्य है।

आइए, वन्य प्राणी सप्ताह के शुभ अवसर पर हम सब वन्यप्राणी तथा इनके प्राकृतिक पर्यावास की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लें।



संदेश

वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर, 2022 तक "**वन्यप्राणी सप्ताह**" मनाया जा रहा है।

जीव–जगत एवं वनस्पति–जगत के साथ सहभागी–समरस सम्बन्ध हमारे विचारशील पूर्वजों–पुरखों के गहन चिन्तन का सार–सन्देश है। जंगल वन्यप्राणियों के वास स्थान हैं। हमारे वनों में असंख्य जीव–जन्तु, पंछी, कीट–पतगों की प्रजातियाँ निवास करती है। प्राणियों के सह–अस्तित्व के लिये जैव–विविधता प्रकृति की व्यवस्था है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए वन्यप्राणी का होना आवश्यक है।

विकास के दौड़ में वन्यप्राणियों का पर्यावास प्रभावित हुए हैं जिसके फलस्वरूप यदा–कदा वन्यजीवों का मानवों से द्वंद भी हो जाता है। वन्यप्राणियों से जान–माल की हुई क्षति की पूर्ति सरकार के द्वारा की जाती है।

सहअस्तित्व–सहभागिता हमारी दार्शनिकता–आध्यात्मिकता के बीज–मंत्र हैं। इसलिए हमारे पर्व–त्यौहार, रीति–रिवाज, संस्कृति एवं धर्म–अध्यात्म में वन्यप्राणियों एवं वन–वृक्षों का बहुत महत्व है। इन वन्यप्राणियों का संरक्षण करना, हमारा परम कर्त्तव्य एवं दायित्व है। सरकार द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान, गज परियोजना, व्याघ्र आरक्ष्य, वन्यप्राणी आश्रयणी तथा प्राकृतिक वनों का प्रबंधन किया जाता है।

वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हम सब झारखण्डवासी वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहभागी बनें, यही मेरी कामना है। आइए, हम सब मिलकर वन्यप्राणी सप्ताह के पुनीत अवसर पर वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लें।



P.R. 278992 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

## जल-नल योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता पर भड़के प्रमुख



**टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों जल-नल योजना का काम तेजी से चल रहा है। जिनमे डूमर और डहरभंगा पंचायत में वर्तमान में काम देखने को मिल रहा है। मायापुर के कई ग्रामीणों की शिकायत पर प्रमुख संतोष मण्डल निर्माण कार्य का जायजा लेने स्थल पर पहुंचें। वहां नव प्राथमिक विद्यालय के सामने नींव का कार्य पूर्ण देखा गया। वहां के ग्रामीण जमुनी देवी,इंदु देवी और हीरो भुइयां ने कहा कि नीचे जैसे-तैसे मिट्टी पर नींव खड़ा कर दिया गया है। यहां पहले से जो चापानल था,उससे हमलोग पानी पीते थे । उसे खोलकर खराब कर दिया,फिर उनलोगों ने कहा कि 500 रुपये दो तब चापाकल ठीक कर देंगे,उसे 500 रुपये दिया, फिर भी चापाकल नहीं बनाया और चला गया। कहा कि अब हमलोग दूर से पानी लाते हैं तब पीते हैं या घर का काम करते हैं। मायापुर के ही एक टोले में काम चल रहा था,जहाँ प्रमुख ने सबसे पहले बनाये गए मसाले को देखा ,जिसमे केवल बालू दिख रहा था। प्लिंथ में आठ एमएम का छड़ का जाली लगा था,पिलर में केवल चार छड़ 12 एमएम का लगा था। इसे देख श्री मण्डल ने अनियमितता का आरओ लगाया है। कार्यपालक अभियंता को इसकी जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण कार्य की जांच के लिए डीसी साहिबा को चिट्ठी लिखेंगे और दिशा की बैठक में इसे जोरदार ढंग से उठाएंगे। प्रमुख के साथ परमेश्वर यादव,पंकज मण्डल भी थे। क्या कहते हैं जेई दिनेश एक्का प्राक्कलन के आधार पर काम हो रहा है। नींव में ईंट सोलिंग नहीं करना है और बालू फाइलिंग कर उसपर 3 इंच पीसीसी कर देना है। पिलर में 12 एमएम का ही चार रॉड लगाया जाना है। काम ठीक हो रहा है। उनसे पूछने पर बताया कि मैं वहां जाकर भी देखूंगा।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर बुजुर्ग लखीनारायण चौधरी और राधो महतो को किया सम्मानित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड अन्तर्गत टाटीझरिया में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर बीडीओ शाईनी तिग्गा, मुखिया सुरेश यादव, बीपीआरओ विजय रवि ने अंगवस्त्र और पौधा देकर शनिवार को दो वृद्धजनों को सम्मानित किया। इसमें टाटीझरिया निवासी लखीनारायण चौधरी (101 वर्ष) और राधो महतो (84 वर्ष) शामिल हैं। मौके पर बीडीओ और मुखिया ने बुजुर्गों को भारत निर्वाचन आयोग का पत्र देते हुए कहा कि बीते समय में विभिन्न चुनावों के दौरान वोट डालकर इसका वास्तविक अर्थ सिद्ध किया है। भारतीय लोकतंत्र में सकारात्मक योगदान और युवा पीढ़ी के लिए वह संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते रहें। इस अवसर पर दीनबंधु चौधरी, सुशील चौधरी, बिरेन्द्र राणा, लक्ष्मी राणा, गौरव चौधरी, रंजीत तिवारी, पंचायत सचिव विश्वजीत दूबे, शकुंतला देवी, रानी चौधरी, शालू चौधरी, कौशल, कृष, स्नेहा, अनुष्का व अन्य मौजूद थे।

## एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2022 की पहली छमाही में उत्पादन में 15.1% से अधिक की वृद्धि हासिल की

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी समूह की कंपनियों ने अप्रैल से सितंबर 2022 तक 203.5 बीयू का उत्पादन दर्ज किया, जो कि अप्रैल से सितंबर 2021 में उत्पन्न 176.8 बीयू से 15.1% की वृद्धि दर्ज करता है। उच्च उत्पादन वृद्धि बेहतर प्रदर्शन और मांग में वृद्धि का संकेत देती है। उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी रिहंद (3000 मेगावाट) अप्रैल से सितंबर 2022 के बीच 90.22% प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाला थर्मल पावर प्लांट है। एनटीपीसी कोयला स्टेशनों का कुल प्लांट लोड फैक्टर अप्रैल से सितंबर 2022 तक 76.3%था। बिजली संयंत्रों के संचालन और रखरखाव में उच्च स्तर की परिचालन उत्कृष्टता और एनटीपीसी की विशेषज्ञता का प्रमाण है। एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 70,234 मेगावाट है। एनटीपीसी हरित हाइड्रोजन, अपशिष्ट से ऊर्जा और ई-गतिशीलता जैसे नए व्यावसायिक क्षेत्रों में अपने पदचिह्न का विस्तार कर रही है। भारत का सबसे बड़ा बिजली उत्पादक भी 2032 तक शुद्ध ऊर्जा तीव्रता में 10 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य रखता है। एनटीपीसी ऊर्जा पर संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय वार्ता (एचएलडीई) के हिस्से के रूप में अपने ऊर्जा कॉम्पैक्ट लक्ष्यों को घोषित करने वाली पहली ऊर्जा कंपनी है। वहीं बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने हाइड्रो, पवन और सौर जैसे स्वच्छ और हरित स्रोतों और हरित हाइड्रोजन समाधानों के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन में विविधता लाई है। पावर मेजर ने ईंधन सेल, ई-मोबिलिटी और वेस्ट-टू-एनर्जी सहित कई तरह के व्यावसायिक क्षेत्रों में भी कदम रखा है।

## रेन्बो स्कूल में अर्धवार्षिक का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया व उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि विद्यालय बेहतर शिक्षा के लिए कृत संकल्प है। विद्यार्थियों को अर्जुन के जैसा अपने लक्ष्य पर ध्यान रखकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। परीक्षा छात्रों का दर्पण होता है। इससे आप अपना आंकलन स्वयं कर सकते हैं तथा भविष्य में अपनी खामियों पर कार्य करके बेहतर परिणाम पा सकते हैं। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम से संतोष जताया एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना किया। घोषित किए गए परिणाम में कक्षा प्री नर्सरी से रितेश कुमार, नर्सरी से प्रथम अशद आलम, एलकेजी विशाल कुमार, यूकेजी से पम्मी कुमारी, कक्षा पहली से निक्खत प्रवीण, कक्षा दो से टाइगर रौशन, कक्षा तीन से प्रथम कुनाल कुमार, कक्षा चार से सिकेश कुमार, कक्षा पांचवी से नुजहत प्रवीण, कक्षा छः से राजा कुमार, कक्षा सांतवी से सुजल कुमार, कक्षा आठवीं से डब्लू कुमार, कक्षा नवमी से सोनू कुमार, कक्षा दसवीं से आयुष कुशवाहा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वही विद्यालय टॉपर के रूप में कक्षा दो से टाइगर रौशन बने जिन्हे शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षको में पंचम पांडेय, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, पूजा दुबे, सुधा कुमारी, स्वेता कुमारी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## आयुष्मान भारत को लेकर प्रभातफेरी निकाली

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के अंतर्गत राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च्य विद्यालय बसोडीह से लेकर रामडीह तक आयुष्मान भारत को लेकर पखवाड़ा का प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ लेने के लिए गुलाबी पीला और हरा राशन कार्डधारी परिवार को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत लोगों को पांच लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त में किया जाएगा। इसके लिए अपने नजदीकी सूचीबद्ध सरकारी या निजी अस्पताल में निः शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाकर मुफ्त में स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल सकेगा। मौजूद प्रभात फेरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सतनारायण भक्त, आरोग्य मित्र विक्रम कुमार, विपुल कुमार, अनुज कुमार, रविंद्र कुमार, रणवीर कुमार, आशीष कुमार एवं राज्य संपोषित उच्य विद्यालय के प्रभारी अवधेश पांडेय, सभी शिक्षक बच्चे उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव का फाइनल, कटैया ने समलडीह को हराया

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के ब्लॉक मैदान में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन रोमांचक मुकाबले में कटैया पंचायत की टीम ने समलडीह को एक गोल से हराया। चार दिवसीय खेल महोत्सव के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि सांसद अन्नपूर्णा देवी के पुत्र मयंक यादव व जिला सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र मेहता ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कटैया टीम के सीताराम को दिया गया जबकि मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार कटैया टीम के रत्नेश कुमार को दिया गया। इस रोमांचक मुकाबले का पूरा खेल मुख्य अतिथि के अलावे सांसद प्रतिनधि बिनोद यादव, मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, महामंत्री नरेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, लालदेव यादव, राजेश यादव, सुनील सिंह, अरविंद सिंह आदि ने खूब आनन्द उठाया।

### दुर्गा पूजा के मद्देनजर विद्युत से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी, 13 केंद्र पर कर सकेंगे शिकायत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर दुगार्पूजा-2022 के मद्देनजर निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति एवं पूजा पण्डालों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता महादेव उरांव ने बताया कि पूजा पंडालों में सुरक्षित व व्यवस्थित विद्युत आपूर्ति के निमित गाइड लाईन जारी किये गये हैं। उन्होंने निदेश दिया कि पूजा पंडाल हेतु भार के हिसाब से विद्युत विभाग से अस्थायी विद्युत संबंध लिया जाना, बिना विद्युत संबध लिये विद्युत का उपयोग सीधे तार से हुकिंग कर न जोड़ा जाय, ऐसा करना धारा 135, विद्युत अधिनियम 2003 का सीधा उल्लंघन माना जायेगा एंव आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उपयोग किये गये विद्युत उर्जा का विपत्र संबधित कनीय विद्युत अभियंता द्वारा आपके पूजा पंडाल परिसर में दिया जायेगा। सुरक्षा हेतु पंडाल के अन्दर एंव बाहर किये गये वाईरिंग का जांच अधिकृत अनुज्ञप्ति संवेदक के द्वारा किया जाय एंव प्रमाण पत्र भी प्राप्त करें। पंडाल के अन्दर नया तार एंव केबल का उपयोग करें एंव साथ में ज्वाईंट में कनेक्टर का उपयोग करें। पूजा पंडल 11 केवी एंव 33 केवी लाईन से कम से कम 2.13 मीटर दूरी पर स्थापित किया जाय। पंडाल में विद्युत वितरण हेतु डीबी का उपयोग करें। शॉट-सर्किट के हर संभव को रोकने हेतु एमसीबी का उपयोग जरुर करें आदि शामिल हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 13 शिकायत केन्द्रों की सूची-दशहरा के दौरान किसी भी तरह की विद्युत समस्या अथवा घटना की जानकारी देने के लिए 13 शिकायत केन्द्र बनाये गये हैं जहां पर आमजन सम्पर्क कर विद्युत संबंधी समस्या अथवा परेशानी का समाधान कर सकते हैं।

1. विद्युत शक्ति उपकेन्द्र केवी पीएसएस सिन्दुर के सम्पर्क न 7050159257
2. केवी पीएसएस हीराबाग (9135066519)/कनीय अभियंता शैलेश कश्यप-उत्तरी (9955436621)
3. केवी पीएसएस मिशन (9430380702)
4. केवी पीएसएस लोहसिंगना (9934029859)/कनीय अभियंता प्रभाष कुमार-दक्षिणी (8709658046)। इन चारों केन्द्र के लिए सहायक विद्युत अभियन्ता सुनील कुमार हजारीबाग (शहरी) (9431135716) शामिल हैं। वहीं डेमोटॉड केन्द्र (7541825354), सिलवार (9471136419), जबरा (8674904716)/ आरएन टोप्पो, कनीय विद्युत अभियंता, हजारीबाग ग्रामीण (9471136419), बड़कागॉव (8969923551), केरेडारी (9835098493) जिनमें कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार, कनीय विद्युत अभियन्ता, (बड़कागांव) 7360916665 तथा इन पांचों केन्द्र के लिए आरएन टोप्पो, सहायक विद्युत अभियन्ता, हजारीबाग (ग्रामीण) (9431135717) निगरानी करेंगे। इसी क्रम में बनासो केन्द्र (9572290885), कवालु (9576657726)/कनीय अभियंता कुनू राम मुर्मू, कनीय विद्युत अभियन्ता-बनासो (8789578813) तथा आरएन टोप्पो, सहायक विद्युत अभियन्ता, हजारीबाग-ग्रामीण (9431135717), कटकमसांडी (8292375784) तथा ईचाक (9470958513)/कनीय अभियंता अमित कुमार शर्मा, कनीय विद्युत अभियन्ता-ईचाक (7979970039) तथा दुगार्रानी केरकेट्टा, सहायक विद्युत अभियन्ता, कटकमसांडी (9431135715) आदि शामिल हैं।

# निर्माण के चार महीने बाद ही सड़क की स्थिति खराब, कार्य की गुणवत्ता की खुली पोल

मकबुल अंसारी



**चरही (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखण्ड के इन्दरा पंचायत से हेंदेगढा पंचायत से को जोड़ने वाला निर्माणधीन कालीकरण मुख्य सड़क में घोर लापरवाही बरती जा गई है। संवेदक सड़क निर्माण में सरकारी मापदण्ड के अनुरूप कोई भी कार्य नही करवाया है। सड़क निर्माण के कालीकरण का कार्यो में घोर अनिमियता बरती गया है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय लोगो ने विरोध किया लेकिन कार्यो में कोई गुणात्मक सुधार नही किया गया। सड़क जैसे तैसे बनवाया गया है। बताते चले की चार महीने पुर्व राम प्रकाश टेक्स्ट ने आर्या विभाग से कार्य हुआ है बरसात अच्छा से खत्म नहीं हुई है और सरक की जगहों पर टुट फुट गया है कालीकरण किये जाने से कालीकरण सड़क में कोई गुणवता को ध्यान में नही गया है। इन्दरा पंचायत और हेंदेगढा में हो रहे कालीकरण को कई बार विरोध किया गया लेकिन बरसात के मौसम में ही सड़क कालीकरण का कार्य खराब हो गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कालीकरण सड़क ज्यादा दिन तक टिकने वाला नही है। खराब कालीकरण करवाना ठेकेदार व संवेदक की मनमानी है। सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा काफी अनिमियता बरती गया है। विरोध करने के बाद भी कार्यो में कोई सुधार नही किया गया है। इधर इन्दरा बजार टांड चौक से लेकर हेंदेगढा कारुखाप निमाडी के अलावे कई गांवो में सड़क के किनारे में मिट्टी मोरम नही डाला गया है । जिसके कारण आये दिनों राहगीरों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे मिट्टी मोरम नही रहने के कारण कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है। इस मामले को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव परमेशवर महतो ने बताया की हमने अपने स्तर से सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर शिकायत किया लेकिन संवेदक द्वारा मनमानी करने में कोई सुधार नही हुआ। इसकी शिकायत विधायक को अवगत भी करवा दिया गया है ताकि गुणवता सड़क का निर्माण हो सके।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** देशभर में 17 सितंबर से रक्तदान अमृत महोत्सव की शुरूआत हुई थी। इस अभियान के तहत एनटीपीसी ने अपने सिकरी साइट ऑफिस स्थित चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर के आयोजन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान अमृत महोत्सव के तहत लोग इस महादान में भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में हर दो सेकेंड में एक व्यक्ति को खून की जरूरत होती है। हर तीन में से एक व्यक्ति को जीवन भर रक्त की आवश्यकता होती है। उन्होंने लोगों से रक्तदान के लिए आग्रह करते हुए कहा कि रक्तदान एक नेक काम है और हमारी समृद्ध संस्कृति और सेवा और सहयोग की परंपरा को देखते हुए, मैं सभी नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह करता हूं और अपील करता हूं कि वे देशव्यापी मेगा स्वैच्छिक रक्तदान अभियान- रक्तदान अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में आगे आएं और रक्तदान करें। वहीं चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कबीबर पधान ने कहा कि रक्तदान अमृत महोत्सव आजादी का अमृत महोत्सव के बड़े समारोहों का हिस्सा है। अभियान का उद्देश्य नियमित रूप से गैर-पारिश्रमिक वाले स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि रक्त या उसके उपलब्ध घटक सुलभ, सस्ती और सुरक्षित हैं। इस अवसर पर बादम परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर तथा सभी विभागाध्यक्ष उपस्थति रहें एवं डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. सुकुमार रेड्डी, डॉ. सेरेन एवं अस्पताल के सभी पैरामेडिकल स्टाफ ने अपना सहयोग दिया।

## नवरात्र कार्यक्रम के साथ शगुन बैंक्वेट एंड होटल का शुभारंभ

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शनिवार की शाम रांची पटना रोड स्थित शगुन बैंक्वेट एण्ड होटल का शुभारंभ नवरात्रा के शुभ अवसर पर गणेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दीप प्रज्जविलत कर किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में शेमरॉक के बच्चों ने डांडिया, फैंसी ड्रेस, नृत्य एवं दुर्गा के नौ रुपों में कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मनमुग्ध कर दिया। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि तिलैया शहर में सुविधाओं से परिपूर्ण शगुन बैंक्वेट एण्ड होटल लोगों के लिए बडे शहरों जैसे सुविधा के साथ उपलब्ध है। साथ ही उन्होंने शगुन बैंक्वेट एण्ड होटल के प्रोपराइटर चन्दन वर्णवाल व पल्लव कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के नवरात्र सह उद्घाटन समारोह में बच्चों ने जो प्रस्तुति दी है, मनमोहित करने वाला रहा।

## लगातार बारिश से घर गिरा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** लगातार बारिश से अब गरीबों के कच्चे घर ध्वस्त होने लगे हैं। मूसलाधार बारिश के कारण ग्राम पंचायत नावाडीह के ग्राम लोहोंडियो में एक गरीब के मिट्टी से बने घर ढह गया। हांलाकि दीवार के बाहर की ओर गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ परन्तु घर के अंदर रखे राशन व अन्य साम्रगी खराब हो गई। अब परिवार के पास रहने को ठिकाना नहीं है। कई वर्षो से खुशबू खातून पति इब्राहिम अंसारी कच्चे मकान में रह रहे थे। तेज हुई बारिश में कच्चा मकान का मिट्टी अचानक गिरने लगा और मकान के अंदर पानी भर गया। इब्राहिम किसी तरह से मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है। परिवार की माली हालत भी ठीक नहीं है। **पीएम आवास की राह देख रहा परिवार :** एक तरफ तो सरकार पीएम आवास को लेकर लाखों करोड़ों का बजट खर्च कर रही है। लेकिन ग्रामीण अंचलों के वास्तवीक हकदारों को आज तक आवास नहीं मिले हैं। गांव-गांव में ऐसे सैकडों परिवार हैं जो झोपडी में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। पीडित परिवार का कहना है कि बारिश में उनके घर की छत व दीवार गिर गई है, अब उनके पास रहने की समस्या हो गयी है।

# डाड़ीकला गोलीकांड में शहीद हुए चार लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** डाड़ीकला में दिन शनिवार को गोलीकांड में शहीद शहीद हुए चार लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सभी लोगों ने अभिषेक राय,मेहताब आलम,पवन कुमार साव और रंजन कुमार दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मिथिलेश दांगी व संचालन मुखिया इलियास अंसारी ने किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे डॉ मिथिलेश कुमार दांगी ने कहा कि ग्रामीणों का जमीन एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहण किया जा रहा है पर रोजगार के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। परंतु रोजगार नहीं दिया जा रहा है। वही संचालक कर रहे डाड़ीकला मुखिया इलियास अंसारी ने कहा कि ग्रामीणों को अभी भी अवसर मिला है कि एकजुट होकर एनटीपीसी के खिलाफ लड़ाई लड़े एवं एनटीपीसी द्वार अत्याचार को नहीं सहें। एनटीपीसी का विरोध करें। और उसका बहिष्कार करें। वही अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि सभी ग्रामीण जब तक एक ना होंगे कंपनी से नहीं जीत पाएंगे एवं अपना हक नहीं ले पाएंगे।अपना हक अधिकार लेने के लिए हम सब को आगे आना होगा एवं एनटीपीसी के खिलाफ लड़ाई लड़ना होगा। वही पूर्व मुखिया दीपक दास ने कहा कि एनटीपीसी कंपनी जानवर है वह इंसानो की कदर नहीं करता वह हमेशा गरीबों पर अत्याचार करता है एवं गरीबों का हक अधिकार को छिनता है। उन्होंने कहा कि नवंबर में हम सब मिलकर एक आंदोलन करेंगे।आगे उन्होंने कहा कि सहिद हुए उन चार लोगों को आज तक इंसाफ नहीं मिला। मौके पर शामिल डॉ मिथिलेश कुमार दांगी, प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया अनिकेत कुमार नायक,अनिरुद्ध कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश्वर कुमार महतो, दीपक दास ,पंचायत समिति फायुम अंसारी ,मुख्तार आलम, मोहम्मद यूनुस, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जीडी नेशनल स्कूल हदारी में पौधरोपण का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** गांधी जयंती के अवसर पर शनिवार को जी डी नेशनल स्कूल हदारी के प्रांगण में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चे और शिक्षको ने फलदार वृक्ष और फूलों के पौधे लगाए। इस दौरान प्राचार्या श्वेता वर्मा ने कहा की गांधी जी ने देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ निक्षावर किया था हम लोगो को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। साथ ही बच्चों को सदा अनुशासन में रहने और स्वतंत्रता सेनानियो के जीवन से एवम् कार्यों को आत्मसात करने को कहा। मौके पर नीलिमा सिन्हा, नम्रता सिन्हा, नूतन कुमारी, ललिता कुमारी, निशा कुमारी, आशीत कुमार, अजीत कुमार, दीपू कुमार, टिंकू कुमार, अजय कुमार, अलीशा, मीनाक्षी, पूनम, संजीता आदि शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।

## आजसू नेता ने शारदीय नवरात्र के दिन मंदिर में पूजा अर्चना की



**चरही (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के आजसू केंद्रीय सचिव परमेशवर महतो पहुंचे मंदिर ।महा आरती में हुए शामिल । इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए जिले के लिए सुख समृद्धि की कामना की। पुजा अर्चना के बाद आजाद सिपाही संवाददाता से बात करते हुए कहा कि दो वर्ष कोरोना में सरकार का गाईडल लाईन को देखते हुए शरदीय नवरात्र में प्रतिबंध को लेकर श्रद्धालुओं लोगों में काफी निराश देखा गया इस वर्ष वर्ष श्रद्धालु काफी उत्साह देखा जा रहा है ।नवरात्र शुभ अवसर पर मांडू विधानसभा के तमाम जनता को डेर सारे शुभकामनाएं इस क्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव परमेशवर महतो, प्रोफेसर महेश महत्व, रामेश्वर महतो, विष्णु महतो, प्रोफेसर अखिल महतो, समाजसेवी नंदलाल महतो, कमलेश्वर महतो, सुखदे महतो सहित दर्जनों संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## एसएमसी सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण डायट हजारीबाग में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष कुमार गुप्ता एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीईओ ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयो ने गठित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देकर उन्हें जागरूक बनाना है , सामुदायिक सहभागिता से ही विद्यालय का बेहतर प्रबंधन संभव है। मौके पर एडीपीओ सुनीला लकड़ा , प्रशिक्षण प्रभारी अंजुला कुमारी भी मौजूद थी। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सीआरपी अजय नारायण दास एवं प्राणतोष कुमार सिंह ने जिले भर में कार्यरत सीआरपी बीआरपी का दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन, उनके कार्य व दायित्व, एसएमसी की नियमित मासिक बैठक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका, बच्चो की नियमित उपस्थिति , छोजित एवं ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव समेत अन्य बिंदुओं पर की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी सीआरपी अपने अपने संकुलाधीन विद्यालय के एसएमसी के सदस्यों का प्रोजेक्टर के माध्यम से विजुअल दिखाकर समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित करेंगे। मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में संघ के अध्यक्ष प्रविंद कुमार सिंह, सचिव ओमप्रकाश, अभय कुमार, हृदयांशु कुमार, बिशन ठाकुर, नरसिंह महतो, सुरेंद्र कुमार, रामजीवन प्रसाद, अखिलेश्वर कुमार, सुनील पांडेय, अनुपमा रानी, मीनाक्षी अम्बष्ठा रंभा कुमारी, अजय कुमार, संतोष प्रसाद, कामेश्वर चौधरी, तनवीर आलम, बैजनाथ यादव, राजेश तिवारी, प्रभु साव, गुलाबचंद प्रसाद, रविंद्र रवि, राजेश यादव, तुलसी प्रसाद, जयप्रकाश समेत जिले के सभी सीआरपी बीआरपी शामिल थे।

## प्रज्ञा केंद्र खुलने से लोगों को होगी सहूलियत : रंजीत मेहता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** गोबरबांदा पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। श्री मुखिया ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र खोलने से क्षेत्र के लोगों को अब सभी कार्यों में सहूलियत होगी। आधार कार्ड, जाति , आवासीय, आय प्रमाण पत्र ,वोटर कार्ड, बिल पेमेंट, शैक्षणिक कार्य समेत कई तरह के कार्य आसानी से हो सकेंगे। वही संचालक प्रकाश कुमार ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र में ग्राहकों को विशेष ध्यान दिया जाएगा। हमारे प्रज्ञा केंद्र में सरकारी दरों पर सभी प्रकार के प्रमाणपत्रों का ऑनलाइन किया जाएगा। मौके पर उप मुखिया साजमा खातून, सेवानिवृत्त शिक्षक दीपक साव, राजू मेहता, शमलाल साव, गोपाल सिंह, इशरत परवीन ,रीना देवी, पुनम देव, पंचायत सचिव राजेश्वर कुमार, बीएफटी सेवलाल महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कैंपियन बेसिक एकेडमी में मनायी गयी गांधी जयंती



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक स्थित मानव विकास द्वारा संचालित कैंपियन बेसिक एकेडमी में गांधी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सामान्य होते हुवे भी असामान्य काम कैसे कर सकता है यह बात हमें गांधीजी के जीवन से सीखना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक गणेश शंकर मदन ने बताया की अहिंसा परमो धर्म: गांधी जी के उत्तम विचारों में से एक है ,हमें अपनी वाणी से या अपने कर्म से किसी को आघात नहीं पहुंचाना चाहिए। प्राचार्या सुरभि वर्मा ने कहा कि जो भी बदलाव हम समाज में देखना चाहते हैं पहले वो बदलाव अपने जीवन में लाना होगा तभी हम समाज के लिए आदर्श बन पायेंगे। इस अवसर पर अलग अलग क्षेत्रों में जैसे नृत्य, संगीत, ड्राइंग, विज्ञान प्रदर्शनी, वाद विवाद, हिन्दी अंग्रेजी लेखन, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता इत्यादि में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रंजीत शर्मा के द्वारा किया गया।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में रक्तदान शिविर का आयोजन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन प्राचार्य कृतिनाथ महतो के निदेर्शानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है यह दान अवश्य करें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया ।इन्होंने महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं छात्र छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। सभी कोई खुशी खुशी से रक्तदान किए। स्वयंसेवकों में बबलू कुमार का काफी सराहनीय सहयोग रहा, मेडिकल विभाग से मोहम्मद अख्तर,नेहाल राज ,प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो मोहम्मद फजरुद्दीन, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो अन्नू कुमारी, प्रो रंजीत प्रसाद, प्रो ऋतुराज, प्रो पवन कुमार, नागेश्वर महतो, राजेंद्र कुमार, धनेश्वर महतो, धनु नाथ महतो, मोहन कुमार, विश्वनाथ कुमार, शिशुपाल कुमार, सत्यम कुमार ,राकेश कुमार, संदीप कुमार, कामेश्वर कुमार, अरविंद कुमार ,बबलू कुमार, श्रेया कुमारी, सकीना खातून,रणदीप ,टिकेश्वर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# कुजू रेलवे साइडिंग में पत्थर कोयला मिक्सिंग मामले में छपी खबर सुर्खियों में

## एफआइआर में नहीं आया मास्टरमाइंड का नाम, सख्त हैं एसपी, बेनकाब होगा असली चेहरा

▶▶ कोयला पत्थर की अवैध कमाई से खड़ा किया साम्राज्य

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुजू रेलवे साइडिंग में कोयला हेराफेरी को लेकर छपी खबर के बाद कुछ लोगों में बौखलाहट है। ऊटपटांग बयानबाजी कर रहे है। अपने आप को पाक-साफ बता रहे हैं। लेकिन सच्चाई बिल्कुल उलट है। अब तो सब कुछ पुलिस जांच पर ही निर्भर करता है। हालांकि प्रथम कार्रवाई में नटवर लाल मामले से दूर दिख रहा है, जबकि इस नटवर लाल ने कोयला पत्थर का एक अलग साम्राज्य खड़ा कर लिया है। अब वह बड़े बड़े अधिकारी के नाम पर इलाकों में पैठ बना रहा है।

**अधिकारियों के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है हेराफेरी मास्टरमाइंड**

सूत्रों ने बताया कि सात ट्रक पकड़े जाने के बाद कारोबार का मास्टरमाइंड लगातार मामले से बचने के लिए बड़े बड़े अधिकारी के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है, जहां से उन्हें बचने के उपाय बताये जा रहे हैं। कुछ हद तक मामले से मास्टरमाइंड बचता दिख रहा है।

### एफआइआर में नहीं आया नटवर लाल का नाम

कोयला हेराफेरी मामले में एसपी द्वारा की गयी कार्रवाई की लोगों ने खूब प्रशंसा की, लेकिन एफआइआर में मुख्य नामजद लोगों के नाम नहीआने से कार्रवाई के प्रति सवाल उठा है। लोगों का मानना है कि कुजू रेलवे साइडिंग में क्या हो रहा है और कौन कर रहा है, ये किसी से छुपा नही है।

### कार्रवाई नही होने से बढ़ा है कारोबारियों का मनोबल

इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बैंड पत्थर कोयला में मिक्सिंग करने वाला फिलहाल बच निकला है। एफआइआर उस पर हुआ है, जिसका कोई अस्तित्व नहीं है की बात सामने आ रही है। मुख्य कारोबारियों का नाम एफआइआर में नहीं आने से उनका मनोबल सातवें आसमान पर है। वे अपने कारोबार को कुछ दिन बाद फिर से शुरू करने की कवायद में जुट गये है।

### जांच- पडताड़ सही दिशा में बढ़ी तो फसेंगी बड़ी मछली

इधर सूत्रों ने बताया कि एफआइआर में नाम नहीं आने के बाद भी पुलिस की जांच सही दिशा में बढ़ती है तो मामले में बड़ी मछली फंसेगी। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो अब कोयला मिक्सिंग में बड़ा खेल कर रहे हैं

### अवैध कारोबार को लेकर काफी सख्त है रामगढ़ एसपी

लेकिन रामगढ़ एसपी अवैध कारोबार को रोकने के लिए काफी सख्त दिख रहे हैं। उनके निर्देशन में पुलिस की जांच निष्पक्ष होने की पूरी उम्मीद है। अगर ऐसा हुआ तो पर्दे के पीछे खेल खेलनेवाले लोग बहुत जल्द बेनकाब होंगे।

## चतरा-गया रेल लाइन को मिली अंतिम स्वीकृति, जल्द होगा शिलान्यास



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा का चिर परिचित अति महत्वकांक्षी चतरा-गया रेल लाइन योजना को अंतिम मंजूरी मिली। जिले में रेल कनेक्टिविटी का रास्ता साफ हुआ। सांसद सुनील कुमार सिंह व डीसी अबु इमरान को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकृति पत्र भेजा। 5452 करोड़ रुपए की लागत से 99.345 किलोमीटर लंबा रेल लाइन का होगा निर्माण गया से झारखंड के चतरा को जोड़ेगा स्वीकृत रेल लाइन। कूल 197 ब्रिज, आरओबी व टैनल का लाइन में होगा निर्माण। गया-चतरा-टोरी इस्टम उपयोग अंतिम स्थान निर्धारण योजना को भी मिला अनुमोदन। भूमि अधिग्रहण को ले राज्य सरकार को मिला 926 करोड, भूमि अधिग्रहण में जुटा जिला प्रशासन। चतरा-टोरी रेल लाइन को अंतिम मंजूरी मिलने पर कार्यकताओं ने सांसद का किया जोरदार स्वागत। जमकर हुई आतिशबाजी, बटी मिठाईयां। सांसद ने जनप्रतिनिधियों, जिले वासियों और मीडिया कर्मियों का जताया आभार। कहा सभी के सहयोग से होने जा रहा है सपना साकार। जल्द होगा शिलान्यास। सांसद व विधायक किशुन दास को माला साथ स्वागत किया गया।

## धनगड़ा तालाब में अवैध मुर्गी शेड निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के धनगडा गांव में शनिवार को सार्वजनिक तालाब को बिनोद साव द्वारा अतिक्रमण कर मुर्गी तथा बत्तख सेड बनाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा अंचल अधिकारी विजय कु दास समेत संबंधित पदाधिकारियों को लिखित आवेदन देकर शिकायत किया। उक्त मामले को लेकर विजय कुमार दास ने संज्ञान लेते हुये निरीक्षण कर निर्मित संरचना तोड़ कर अविलम्ब हटाने का निर्देश दिया। सीओ विजय कु दास ने बताया की हमने निरीक्षण के दौरान मुर्गी सेड निर्माण विनोद साव द्वारा किया गया था वह सही पाया गया।उन्होंने बिनोद साव से कागजात की मांग किया। जिससे वह उपलब्ध नहीं करा पाया।त्वरित सीओ श्री दास के द्वारा तलाब को अतिक्रमण मुक्त करने एव किसी भी तरह की अवैध संरचना सरकारी तालाब में नहीं करने का निर्देश दिया गया।

## केरेडारी- बिजुपाड़ा मुख्य राज मार्ग पर आठ हजार लगेंगे पौधे



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** राज्य राजमार्ग केरेडारी-बिजुपाड़ा मुख्य पथ की दोनो ओर पौधा रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को डीएफओ चतरा दक्षिण एस.पी.सुमन, तजिंदर गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना वन विभाग झारखण्ड सरकार व एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एनटीपीसी द्वारा वन विभाग के माध्यम से इस राज्य राजमार्ग की दोनों ओर आठ हजार पौधे लगाये जायेंगे।वन विभाग तीन साल तक इन वृक्षों का रख रखाव करेगा। एनटीपीसी द्वारा इस मद में वन विभाग को आवशक 1.41करोड़ की राशि जमा करा दी गयी है।

## दुर्गा पूजा को लेकर सिमरिया प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** अनुमण्डल क्षेत्र के सिमरिया में दुगार्पूजा के अवसर पर सिमरिया प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च थाना परिषर से होकर सुभाष चौक के सभी मार्गो पर चलाया गया। साथ हीं डाड़ी पुंडरा, खपिया, बगरा, बानासांडी आदि कई गांवों में भ्रमण किया गया। यह फैलग मार्च एसडीओ सुधीर कुमार दास, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, इंस्पेक्टर के.पी. चौधरी, बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर दास के संयुक्त नेतृत्व में निकाला गया। दुगार्पूजा शांति पूर्ण मनाने को लेकर एसडीओ सुधीर कुमार दास ने कहा कि यह फ्लैग मार्च क्षेत्र में अमन चैन व शांति व्यवस्था कायम रहने के लिए निकाली गयी है। प्रशासन वाट्सएप्प ग्रुप से लेकर सोशल साईड पर कड़ी निगरानी रखेगी। फ्लैग मार्च एसपी और उपायुक्त के संयुक्त निर्देश पर निकाला जा रहा है। वैसे हुडदुगीयों से निबटने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी। सभी धर्म स्थलों पर पुलिस तैनात रहेगी। जिससे क्षेत्र में अमन व शांति पूर्ण दुगार्पूजा मनाया जा सके। वहीं एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि धर्मपसन्द लोग शांति पूर्ण त्यौहार मनाए। पुलिस व्यवस्था के लिए हम हमेशा ततपर है। किसी भी परिस्थिति में असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। हम उनसे निपटने के लीए हमेशा तैयार हैं।मौके पर इस्पेक्टर केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार, एएसआई रामदेव वर्मा, महेंद्र ठाकुर, जय सिंह, के अलावे दर्जनों पुलिस के जवान शामिल थे।

## झामुमो नेता राजकुमार महतो ने दुगार्पूजा पंडाल किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन के साथ कलश यात्रा का आयोजन शनिवार को करमा दक्षिणी पंचायत के ग्राम धनबेड़वा में किया गया। पंडाल का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने फीता काटकर की। तत्पश्चात कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंडप परिसर से गाजे-बाजे के साथ उखरबेडवा दामोदर नदी पहुंचे। जहाँ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री एवं पुरोहित जनार्दन तिवारी ने यजमान बने डॉ अनिल गुप्ता, बासुदेव महतो, तुलेश्वर महतो, खिरोधर महतो, नंद किशोर महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा - अर्चना कराया। पूजनोपरांत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु अपने-अपने कलशो में पवित्र जल को भरा। तत्पश्चात विभिन्न देवी - देवताओं के जयघोष के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मंडप परिसर पहुंचे, जहां कलशो को स्थापित किया गया। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से श्रद्धालुओं को मन की शांति मिलती है। इससे पूर्व, पूजा समिति द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत गमछा ओढ़ाकर एवं फूल माला पहनाकर किया गया। मौके पर करमा लोकल सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, मोहरलाल महतो, उमेश कुमार महतो, सोभनाथ महतो, सहदेव महतो, राजनाथ महतो, प्रेमचंद मुंडा, बीरबल मुंडा, संजय मुंडा, योगेंद्र महतो, विनोद महतो, लालधारी महतो, नुनू चंद महतो, घनश्याम महतो, कैलाश महतो, टेकलाल महतो, हेमंत कुमार, किसुन महतो, सुखदेव राम मुंडा, नरेश मुंडा समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# चुटूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर हुआ दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, एक गंभीर

## आर्मी के जवानों ने रेस्क्यू कर एक को बचाया



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत चुटूपालू घाटी में शनिवार को एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त हो गया। इस घटना में ट्रेलर के केबिन में चालक और खलासी बुरी तरह फंस गए। इसी बीच घटना स्थल से गुजर रहे आर्मी के कई जवान व लोगों की सहयोग से घंटों रेस्क्यू कर दोनों को जिंदा निकाल लिया गया। गंभीर रूप से घायल चालक और खलासी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रहे हैं टेलर संख्या यूपी 22एटी 9724 का अचानक चुटूपालू घाटी में ब्रेकफेल हो गया। चालक ने सूझबूझ से गति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने नियंत्रित खो दी और गाड़ी डिवाइडर को तोड़ते हुए चट्टान से जा टकराई। घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### आर्मी के जवानों के जज्बे को लोगों ने किया सलाम

आर्मी के दो जवान छुट्टी में अपने अपने घर लौट रहे थे। घाटी में हुई घटना को देख जवानों ने अपनी-अपनी वाहनों को रोककर दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर में फंसे चालक और खलासी को रेस्क्यू किया। रांची जिले के बरियातू निवासी आर्मी जवान दीपक कुमार मिश्रा और सीआरपीएफ के जवान ने मिलकर घायलों की जान बचाई। रामगढ़ मिलिट्री हॉस्पिटल से रांची जा रहे एंबुलेंस पर सवार भी आर्मी के 2 जवानों ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन में अपना सहयोग दिया। घटनास्थल पर मौजूद भीड़ ने आर्मी जवानों के इस दिलेरी पर उन्हें सलाम भी ठोका।

## सीसीएल कर्मी को बोनस मिलने से व्यवसायियों के चेहरे पर चढ़ी मुस्कान

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर सीसीएल कर्मियों को बोनस व वेतन मिलने से सीसीएल कर्मियों व स्थानीय व्यवसायियो के चेहरे पर लौटी मुस्कान।बोनस के इंतजार में मायुस दिख रहे थे कपड़ा व्यवसाई।बोनस का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे सीसीएल कर्मी व स्थानीय व्यवसायी।बोनस मिलते ही कपड़ा दुकानों में लंबी कतार लगी हुई है वही सीसीएल कर्मी भी जल्द से जल्द त्योहार के कपड़े खरीदने के लिए व्यस्त दिख रहे हैं।बोनस मिलने की खबर से दुर्गा पूजा मेला बाजार में भी रौनक दिख रही है।मेला बाजार में दूर दराज से आकर अपना दुकान लगाकर मुनाफा कमाने के ख्याल से अपना व्यवसाय करते हैं वो ज्यादा खुश दिख रहे हैं बोनस मिलने से। बोनस से सभी स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## सौ दिन के कार्यकाल में मुखिया सत्यंवती देवी ने विकास के किये कई काम

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा अपने 100 दिन का कार्यकाल पूरा होने पर शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुखिया अपने द्वारा किए गए कार्यों की विवरण प्रस्तुत की। जिसमें प्रमुख रुप से अपने ग्राम पंचायत के समस्याओं एवं चहुंमुखी विकास हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को 101 पत्र लिखा गया, 217 छात्र छात्राओं का जाति-प्रमाण पत्र बनाने की अनुशंसा, 238 ग्रामीण सदस्यों का नया आधार बनाने अथवा सुधार करने की अनुशंसा, 56 जन्म, मृत्यु-प्रमाण पत्र बनाने हेतु अनुशंसा, 160 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के लिए मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड में स्वीकृति दिलाना, दो पूर्व की योजनाओं का भुगतान सह एक यात्री सेड का उद्घाटन,हेतु जिला योजना से अनुमोदित करवाई।

# चतरा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़



**चतरा (आजाद सिपाही)।** एक माह के भीतर भाकपा माओवादी नक्सलियों के साथ चतरा पुलिस की दूसरी भीषण मुठभेड़ हुई। भाकपा माओवादी सैक सदस्य गौतम पासवान, रीजनल कमेटी मेंबर इंदल गंझू, अभ्यास भुईयां, जोनल कमांडर नीरू, अमरजीत, सब जोनल कमांडर सहदेव व एरिया कमांडर संतोष भुईयां दस्ते के साथ भीषण मुठभेड़ हुई। चतरा पुलिस, सीआरपीएफ कोबरा 203 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 190 बटालियन के जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। खुद पर सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख जंगल का लाभ उठाकर नक्सली भाग निकले, सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता। नक्सलियों का एक इंसास रायफल, 195 जिंदा कारतूस, इंसास मैगजीन चार, इंसास एलएमजी मैगजीन, कई कम्पनी के मोबाइल, दवाइयां, डेटोनेटर, वायरलेस सेट, दो केन आईईडी, नक्सली साहित्य समेत व दैनिक सामान बरामद किया गया। झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित जिले के हंटरगंज एवं वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के फाटा जंगल में मुठभेड़ हुई, सर्च अभियान जारी। 01 इंसास रायफल, 04 इंसास मैगजीन, 01 इंसास एलएमजी मैगजीन, 195 जिंदा कारतूस, दर्जनों मोबाईल फोन, डेटोनेटर व आईडी बनाने का सामान, दवाईयां, 9 वायरलेस सेट, दो केन आईडी समेत नक्सलियों के दैनिक उपयोग का सामान जप्त। शनिवार को एसपी राकेश रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। एसपी ने दी नक्सलियों को खुली चुनौती। कहा आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर हथियार डाले नक्सली वरना पुलिस की गोली खाने को रहें तैयार। बतादे की 20 दिन पूर्व प्रतापपुर थाना क्षेत्र में इंदल दस्ते के साथ पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों की हुई थी मुठभेड़, एक जवान शहीद हो गया था।

# भुरकुंडा कोयलांचल में भक्तिभाव व विधि-विधान से हुई षष्ठी पूजा

▶▶ विभिन्न जगहों पर बनाये गये हैं आकर्षक पूजा पंडाल, आज खुलेंगे पंडालो के पट, भक्तिमय हुआ क्षेत्र



जवाहरनगर ज्योति क्लब का आकर्षक पूजा पंडाल



रिक्रेशन क्लब थाना चौक का आकर्षक पूजा पंडाल



रीवर साईड नेहरू पार्क का आकर्षक पूजा पंडाल



सौंदा डी का आकर्षक पूजा पंडाल



सेंट्रल सौंदा को-ऑपरेटिव का आकर्षक पूजा पंडाल



रिभर साईड गांधी पार्क का आकर्षक पूजा पंडाल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्रो में मां का पंडाल सज चुका है। शारदीय नवरात्र पर शनिवार को महाषष्ठी पर विधि-विधान से छठे स्वरूप मां कात्यानी की पूजा अर्चना श्री दुर्गा सप्तशती पाठ आरती क्षमा प्रार्थना की गई। इस बार भी पंडालो के अंदर और बाहर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के वैदिक मंत्रो और भक्ति गीतो से क्षेत्र गूंज रहे है। दुर्गा पूजा को ले इस बार भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो में दो दर्जन से अधिक जगहो पर पूजा पंडाल बने हैं। भुरकुंडा पूरणराम चौक, बिरसा चौक, रिक्ररेशन कलब, सौंदा बस्ती, बोनर धौड़ा, जवाहर नगर, सौंदा डी कलब घर, जयनगर, सेंट्रल सौंदा मैदान, सीसीएल सौंदा कलब घर, कोपरेटिव, रिभर साईड शास्त्री पार्क, गांधी पार्क, नेहरू पार्क, भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री, लपंगा, पटेलनगर, सौंदा बस्ती, केके कोलियरी पोड़ा, सयाल, उरीमारी, चैनगडा, सयाल टिपला, दत्तो, पोड़ा, रसदा, बलकुदरा आदि कई जगहो पर एक से बढ़कर एक पूजा-पंडालो का निर्माण हुआ है। विभिन्न मंदिरो के थीम पर पंडाल बने है।

## विधायक ने किया होटल का उद्घाटन



**गोला (आजाद सिपाही)।** डीबीसी चौक में शनिवार को बजरंग होटल का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक ममता देवी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस होटल के खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। कई वर्षों से इस होटल का सफल संचालन होता आया है। जिसके कारण लोगों का विश्वास इस होटल के प्रति बढ़ गया है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, जनार्दन पाठक,कमाल सहजादा,सरजू महतो, बजरंग महतो, रामप्रसाद करमाली,अमित महतो,प्रकाश महतो, घनेनाथ चौधरी आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ पार्षद ने दोहकातू में नया ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत के रामगढ़ प्रखंड के दोहा कातू पंचायत हररे टोला में लगभग 4 महीनों से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होने के कारण यहां की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, इस बात की सूचना ग्रामीणों के द्वारा गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं समाजसेवी सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा को दी गई ! इस विषय पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं समाजसेवी सुनीता चौधरी की पहल पर रामगढ़ सदर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो सदस्य के अथक प्रयास से दोहाकातू पंचायत की जनता को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दी गई हैं दोहाकातू पंचायत हररे टोला के समीप ट्रांसफार्मर का शुभ उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ सदर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, के द्वारा की गई ! मौके पर पार्षद ने कहा कि आजसू पार्टी रामगढ़ विधानसभा की जनता के साथ-साथ हर सुख दुख में खड़ी रहती है और साथ ही कहा कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं समाजसेवी सुनीता चौधरी हमेशा रामगढ़ विधानसभा की हर समस्या का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं ! उद्घाटन के मौके पर रामगढ़ सदर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो के साथ मुख्य रूप से प्रमुख करुणा देवी, कुंदरू कला मुखिया किशुन राम मुंडा, दोहाकातू मुखिया कलावती देवी, वार्ड सदस्य सकून देवी, दिलीप मुंडा, सुमित बेदीया, राकेश कुमार महतो, पूजन सिंह, मदन मुंडा, राजेश बेदिया, सहित की सम्मानित जनता लोग मौजूद थे !गरबा और डांडिया के बीच अग्रसेन स्कूल में मना नवरात्र महोत्सव

## गरबा और डांडिया के बीच अग्रसेन स्कूल में मना नवरात्र महोत्सव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को डांडिया और गरबा के बीच नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने मां दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रम्हचारणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यानी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धरात्रि का रूप धरे बच्चों की आरती उतारकर की। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने मंत्रोच्चार किया। छोटे बच्चे मां दुर्गा, शंकर, गणेश, कार्तिक्य, राम, लक्ष्मण, सरस्वती, हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं का रूप धर महोत्सव में पहुंचे थे। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति में मां दुर्गा की उत्पत्ति एवं उनके नौ रूपों समेत महिषासुर वध का मंचन किया। महोत्सव में आकर्षक राम दरबार भी सजाया गया था। महोत्सव में धुंवन नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें बंगाल से आये ढोल वादक भी शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पर्व-त्योहार समाज को मजबूत बनाने का काम करते हैं। दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। लाख कठिनाइयों के बावजूद हम सभी को अपने जीवन में हमेशा सत्य का मार्ग चुनना चाहिए, क्योंकि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो सत्य के आगे उसकी हार निश्चित है। महोत्सव में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने विभिन्न गरबा और डांडिया गीतों पर घंटों तक नृत्य किया।

## मुखिया ने खराब जलमीनार व चापानल की करायी मरम्मत

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार चीफ हाउस के मुखिया विकास पांडेय द्वारा काफी दिनों से खराब पड़े तीन नंबर वार्ड क्रांति क्लब में दो जलमीनार व दो चापानल का मरम्मत कराया गया। इसके अलावे मुखिया ने अपने पंचायत क्षेत्र से बाहर शास्त्री पार्क दुर्गा मुंडप में खराब पड़े चापानल का भी मरम्मत कराया।

**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

| S. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Tender Issuing Authority | Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSF&CSCL Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002. |
| 2 | Name of the work | Selection of Vendor (System Integrator) for GPS Based Vehicle Tracking System and Setting-up of Command-and-Control Centre at JSF&CSCL |
| 3 | Tender Sale start Date & Bid submission start date. | 01/10/2022 |
| 4 | Availability of tender documents | The tender is available and downloadable on e-Tendering Website: https://jhtenders.eproc.in<br>All Subsequent changes to the Bidding document shall be published on the above website. |
| 5 | Non-Refundable Tender Cost | RFP document fee - INR 10,000/- (Non-Refundable) + 18% GST via RTGS / NEFT / Online/ Bank Draft |
| 6 | Earnest Money Deposit | (2%) of the total contract value payable through NEFT/RTGS into the account of Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation Limited as mentioned in section 5.1 |
| 7 | Performance Bank Guarantee | 5 % of the total contract value within 15 days from the date of issue of work order / Letter of Acceptance from any Nationalized Bank having branch in the state of Jharkhand. |
| 8 | Guarantee period | 3 years |
| 9 | Last date and time for submission of queries for clarifications | All the queries/clarification requests should be received on or before 13/10/2022 till 18:00 Hrs, through email only with subject line as follows:<br>"Pre-Bid queries -<Bidder's Name>- GPS Based Vehicle Tracking System and Setting up of Command-and-Control Centre".<br>The queries shall be submitted in an excel file as per the format prescribed in the tender<br>The Pre-Bid queries to be sent to the following Email Ids :<br>Email ID: jsfcmonitoring@gmail.com, jhsupport@C1india.com<br>The pre-bid queries shall be addressed to;<br>Managing Director,<br>Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002. |
| 10 | Date, time and venue of pre-bid meeting | 13/10/2022 , 11:00 Hrs<br>Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002. |
| 11 | Last date and time (deadline) for receipt of proposals in response to tender notice | 03/11/2022 till 18:00 Hrs |
| 12 | Last date and time (deadline) for receipt of Bid fees and EMD in response to tender notice | 03/11/2022 till 18:00 Hrs |
| 13 | Date, time and venue of opening of Technical Proposals received in response to the tender notice | 04/11/2022 at 11:00 Hrs |
| 14 | Concerned person | Abhishek Tiwari, C-1 India Pvt. Ltd. 9219516455 or 9795046772 |
| 15 | Bid validity | Proposals must remain valid up to 180 (One Hundred & Eighty) days from the last date of submission of the Bid. |

All the Bidders are requested to have digital certificate and get themselves registered with the application service provider of NIC.

Tender Reference No.: 3939, Date: 30.09.2022

Managing Director,
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited

# सुरक्षित गर्भपात का अधिकार

सुप्रीम कोर्ट का गुरुवार को दिया गया फैसला देश में महिलाओं के अधिकार के लिहाज से तो महत्वपूर्ण है ही, यह सामाजिक और न्यायिक चेतना को आगे ले जाने के मामले में भी भारतीय न्यायपालिका को दुनिया में अग्रणी बनाता है। अपने इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुरक्षित गर्भपात का अधिकार शरीर की स्वायत्तता से जुड़ा है और इसलिए किसी भी महिला को इससे वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून की व्याख्या समाज में आ रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए। गर्भपात का कानून जब बना था, तब की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भले ही इसे विवाहित महिलाओं तक सीमित रखना सहज और स्वाभाविक माना गया होगा, लेकिन इस बीच समाज में विवाह और परिवार को लेकर बहुत सारे बदलाव देखने को मिले हैं। अब लिव इन जैसे रिश्ते पनप रहे हैं, जो विवाह और परिवार के पारंपरिक मॉडल से अलग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए स्पष्ट कहा कि महिला विवाहित हो या अविवाहित उसे प्रजनन का अधिकार है। इसीलिए उसे गर्भपात के कानूनी अधिकार से वंचित रखना महिला की गरिमा पर चोट पहुंचाना है। देश की सर्वोच्च अदालत के इस उदार और व्यापक नजरिए को अगर वैश्विक संदर्भ में देखा जाये तो मौजूदा दौर में इसकी अहमियत और उभरकर सामने आती है। खासकर गर्भपात के ही मसले पर आये पिछले दिनों अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के बहुचर्चित फैसले को देखें, जिसमें गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को खत्म कर दिया गया, तो यह साफ हो जाता है कि कानून और संविधान की गलत व्याख्या के जरिए न्यायपालिका समाजिक चेतना को पीछे ले जाने का काम भी कर सकती है। इस लिहाज से देश के सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले के जरिए जिस व्यापकता और उदारता का परिचय दिया है, वह पूरे न्यायिक जगत के लिए एक मिसाल है। इसमें बात सिर्फ गर्भपात के अधिकार तक ही सीमित नहीं रहती, अदालत ने घरेलू हिंसा वाले पहलू के सहारे यह भी कहा कि अगर कोई विवाहित महिला इच्छा के विरुद्ध गर्भधारण करती है, तो उसे उसी तरह से गर्भपात का अधिकार होगा जैसे किसी रेप विक्टिम अविवाहित महिला को होता है। ऐसे मामलों में उसे अलग से रेप की शिकायत दर्ज कराने या रेप साबित करने की जरूरत नहीं होगी। उसके मामले को मैरिटल रेप मान लिया जायेगा। ऐसा कह कर अदालत ने कानून में मैरिटल रेप के कॉन्सेप्ट को प्रवेश दिला दिया। चूंकि मैरिटल रेप से जुड़ी एक याचिका पहले से ही सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है, उम्मीद की जानी चाहिए कि मैरिटल रेप को कानून से मिली अनैतिक छूट जल्द ही खत्म हो जायेगी। पर जरूरी यह है कि विधायिका भी कानून निर्माण में ऐसे ही परिपक्व, उदार और व्यापक नजरिए का अनुसरण करे।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुरक्षित गर्भपात का अधिकार शरीर की स्वायत्तता से जुड़ा है और इसलिए किसी भी महिला को इससे वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून की व्याख्या समाज में आ रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1893 से लेकर 2011 तक भारत का परचम पूरे विश्व मे लहराया, तो वो था आध्यत्म, साहित्य, खेल के क्षेत्र में। 2020 एवं 2021 में भारत का पूरे विश्व मे परचम लहराया है या कहें नरेंद्र मोदी को ग्लोबल नेता के रूप में जो पहचान मिली है, वो राजनीति के क्षेत्र में यह पहली बार परिघटित हुआ है। मोदी भारत के पहले राजनीतिज्ञ हैं, जिन्हें विश्व ने एक वैश्विक नेता के रूप में स्वीकार किया है। यह इस बात का संकेत है कि भारत पर अब पूरी दुनियां का विश्वास बढ़ा है।**

# नरेंद्र दत्त से लेकर नरेंद्र मोदी तक विश्व में भारत का परचम



**सूरज नाथ शाहदेव**



जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं, भारत की छवि विश्व पटल पर लगातार सुधरी है। मोदी एक ग्लोबल लीडर के रूप में सबसे ऊपर हैं। आज पूरा विश्व भारत को सुनता और देखता है। दुनियां की किसी भी मुद्दे पर भारत का विचार जानने को उत्सुक रहता है। एक बार भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया के कालचक्र मैदान में आयोजित पांच दिवसीय विशेष गेलुक मोनलम पूजा फॉर वर्ल्ड पीस में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने कहा था 'भारत सभी धर्मों को हमेशा संरक्षण देता रहा है और अनेकता में अखंडता इसका उदाहरण है। भारत में कई धर्मों के लोग एक साथ रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में विश्व गुरु बनने की क्षमता है और आने वाले समय में यह विश्व गुरु बनेगा। लगता है बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा की वह भविष्यवाणी सच होने वाली है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है। मोदी की नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की दृढ़ता मानवता से ओत प्रोत एवं भारत की परंपरा वसुधैव कुटुंबकम की मान्यता को साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति ने ही नरेंद्र मोदी को ग्लोबल लीडर बनाने में अहम भूमिका निभाया है।

**समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स पर विश्वास करें, तो चीन में भी 51% लोग मोदी को बहुत पसंद करते हैं।**

भारत मे यह पहली बार नही हुआ है, जब किसी ने भारत का परचम पूरे विश्व मे लहराया है। इससे पहले नरेंद्र दत्त उर्फ स्वामी विवेकानंद ने अध्यात्म के क्षेत्र में पहली बार 1893 मे अमेरिका के शिकागो में सर्वधर्म सम्मेलन में पहली बार भाषण देकर भारतीय दर्शन की शक्ति का एहसास पूरे विश्व को कराया था। अगले ही दिन स्वामी विवेकानंद पूरे अमेरिका में चर्चा का विषय बन गये उनके कई अनुयायी बन गये। उसके बाद रविंद्र नाथ टैगोर ने साहित्य के क्षेत्र में भारत का परचम लहराया। उनकी कृति गीतांजलि ने पूरे विश्व के लेखक एवं पाठक का ध्यान उनकी किताब की ओर खींचा एवं साहित्य के क्षेत्र में भारत को एक पहचान मिली। उनके उपन्यास गीतांजलि के कारण उन्हें 1913 में साहित्य के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार मिला। फिर भारत को खेल के क्षेत्र में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद ने पूरे विश्व का ध्यान भारत की ओर खींचा, जब इनके कप्तानी में 1928,1932 एवं 1936 में हॉकी में विश्व कप जीता। पूरे दुनिया मे हॉकी में भारत का डंका बजने लगा। फिर क्रिकेट के क्षेत्र में 1983 में कपिल देव की कप्तानी में भारत ने क्रिकेट विश्व कप जीता और भारत का परचम लहराया। उसके बाद 2007 में धोनी के नेतृत्व आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप जीता। उसके बाद 2011 में भारतीय क्रिकेट टीम धौनी के ही नेतृत्व में क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता।

1893 से लेकर 2011 तक भारत का परचम पूरे विश्व मे लहराया, तो वो था आध्यत्म, साहित्य, खेल के क्षेत्र में। 2020 एवं 2021 में भारत का पूरे विश्व मे परचम लहराया है या कहें नरेंद्र मोदी को ग्लोबल नेता के रूप में जो पहचान मिली है, वो राजनीति के क्षेत्र में यह पहली बार परिघटित हुआ है। मोदी भारत के पहले राजनीतिज्ञ हैं, जिन्हें विश्व ने एक वैश्विक नेता के रूप में स्वीकार किया है। यह इस बात का संकेत है कि भारत पर अब पूरी दुनियां का विश्वास बढ़ा है। अगर चीन में छपनेवाली समाचार पत्र ग्लोबल टाइंस पर विश्वास करें, तो चीन में भी 51% लोग मोदी को बहुत पसंद करते हैं।

मोदी को ऐसे ही पूरा विश्व से प्यार नही मिल रहा है, बल्कि इस प्यार को पाने के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया है। मोदी का एक नारा है सबका साथ, सबका विकास एवम सबका विश्वास, इसी सोच को लेकर मोदी आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना काल मे जिस प्रकार से मोदी ने अपनी कर्तव्य का पालन किया और अपनी मनोबल एवं नेतृत्व क्षमता से कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी, इसकी तारीफ भारत सहित पूरे विश्व ने की। अगर मोदी नहीं होते तो कोरोना भारत मे विकराल रूप में फैलता। पूरा विश्व इससे चिंतित था कि भारत इससे कैसे निबटेगा, लेकिन मोदी की सूझबूझ एवं निर्णय लेने की क्षमता ने वक्त से पहले देश मे लॉक डाउन लगाकर देश को बर्बाद होने से बचा लिया। हालांकि कुछ राज्य सरकारों की नासमझी के कारण थोड़ा ऑफर तफरी मची थी, लेकिन सब कुछ नियंत्रण में रहा। देश मे अचानक बेरोजगारी छा गयी। लोगों को पेट पालने की चिंता सताने लगी, तभी फिर से मोदी सामने आये और देश की लगभग 80 करोड़ जनता को अनाज उपलब्ध कराया, ताकि कोई भूख से न मरे। धनजन योजना के तहत खुले खातों में 500 से लेकर 1000 रुपये भेजने का महति कार्य भी मोदी की सरकार ने किया। किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर चार महीने में 2000 रुपये सहयोग राशि भेज कर उनके आर्थिक स्थिति को डवांडोल होने से बचाया। कोरोना की पहली लहर के समय देश के पास इससे लड़ने के लिए न तो कोई दवा थी, न मास्क न पीपीई किट न सेनिटाइजर न ही ऑक्सीजन की प्रर्याप्त मात्रा और न ही वेंटिलेटर थी। अगर कुछ था तो भारत के पास एक कुशल नेतृत्व एवं देश वासियों को इस आपदा से बचाने की जुनून एवं जज्बा थी। मोदी ने बहुत ही सूझबूझ एवं धैर्य के साथ अपने देशवासियों एवं मंत्री परिषद की मदद से एक एक कर हर चीज की व्यवस्था की। दुनिया के सामने हाथ नहीं फैलाया, बल्कि अपने ही देश मे उद्यमियों एवं बैज्ञानिकों के साथ मिल कर दवा, मास्क, पीपीइ किट, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, वैक्सीन सभी जरूरी चीजों की व्यवस्था कम समय मे किया गया। बहुत ही कम समय मे 100 करोड़ लोगों को मुफ्त में वैक्सीन दिया गया। कोरोना के संकट में जब किसी देश के लिए दूसरे की मदद करना मुश्किल हो रहा था। हर कोई अपने को संभालने में लगा था, ऐसे संकट के समय में भारत ने 150 से अधिक देशों को मेडिकल सप्लाई वैक्सीन, मास्क, सेनिटाइजर, पीपीई किट, दवा मुफ्त में भेज कर उनके लिए मानवीय मदद का काम किया एवं मानवता का एक मिशाल पेश की। उसी का का नतीजा है कि दुनिया ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सही अर्थ में वैश्विक नेता माना। इस दुःख की घड़ी में जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत गरीब एवं विकासशील देशों के साथ खड़ा रहा, पूरी दुनिया भारत की इस मानवता से भरी व्यवहार की भूरी भूरी प्रशंसा की। और जब मौका आया दुनियां को यह बताने की भारत ही वह देश है, जो पूरे विश्व का नेतृत्व सही अर्थ में बिना भेद भाव कर कर सकता है, तो दुनिया के लोगो ने मोदी जी को 70% रेटिंग देकर विकसित देशों को आइना दिखाया।

चीन अपनी विस्तारवादी नीति से अपने पड़ोसियों को हमेशा परेशान करता रहता था। भारत में भी यदा कदा घुस कर भारत की भूमि को हथियाने का कार्य को अंजाम देता रहता था। मोदी के शासन काल मे भी डोकलांम और सिक्किम में घुसने की कोशिश की तो मोदी सरकार की खुली छूट के कारण सेना ने मुहतोड़ जवाब दिया। चीन को वापस भागना पड़ा। भारत के पड़ोसी देशों सहित पूरे दुनिया को यकीन हो गया कि चीन को अगर कोई जवाब दे सकता है, तो वह है भारत। भारत की कूटनीति का परिणाम ही है कि पूरे विश्व में कोरोना को फैलाने वाले चीन को सभी देशों ने अलग थलग कर दिया। आतंकवाद के खिलाफ भी जीरो टोलरेंस की नीति से काम करने वाली मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक कर के दुनिया को संदेश दिया कि भारत अब पहले वाला भारत नहीं है। इन्ही सबका नतीजा था कि अमेरिका भी भारत को अपने साथ रखने में मुनासिब समझा और डोनाल्ड ट्रंप के समय अमेरिका भारत का साथ पूरी दृढ़ता के साथ दिया। भारत को क्वाड में शामिल किया। ग्रुप 10 में शामिल करने का पक्षधर रहा। सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के लिए वकालत की। ये सब कुछ आज जो घटित हो रहा है, वो अगर संभव हो पाया है, तो सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी के कारण हो पाया है। इस जगह देश के विपक्षी दलों की भी चर्चा करना जरूरी है। किसी भी सरकार में पक्ष और विपक्ष की जरूरत होती है। जब पूरी दुनियां में कोरोना की महामारी फैली, तो जहां अन्य देशों में पक्ष और विपक्ष एक होकर महामारी से लड़ते हुए देखे गये, लेकिन वही भारत में इसके विपरीत विपक्ष का व्यवहार रहा। भारत के विपक्षी दलों ने दुख के समय भारत सरकार की कोई मदद तो नहीं की, बल्कि काम करने वाली सरकार की कामो में टांग अड़ाते जरूर देखें गये। हर बात की आलोचना करते रहे। देशवासियों को भड़काते रहे। जब देश ने वैक्सीन का ईजाद कर लिया, तो उसे मोदी वैक्सीन का नाम देकर एवं नपुंसकता फैलाने वाला वैक्सीन बता कर देश की जनता को गुमराह किया। मोदी को अपशब्द कहते रहे, लेकिन धन्य हो मोदी का सब कुछ धैर्य और शालीनता के साथ सुनते रहे लेकिन जबाब नहीं दिया। मोदी सरकार जानती थी कि इस महामारी से लोगों को बचाने की जिम्मेदारी उनकी है। अतः सब कुछ सहते रहे। अंततः देश की जनता को इस महामारी से बचाया तो विपक्ष का भी मुंह चुप हो गया। देश की जनता भी आज इस चीज को मानती है कि कोरोना काल मे देश अगर सुरक्षित रहा तो सिर्फ मोदी के नेतृत्व, ऊंचा मनोबल एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण। अतः आज जो कोई भी मोदी के खिलाफ बोलता है, देश की जनता उसको पसंद कतई नहीं करती है। कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वर्षों बाद भारत को एक कुशल नेतृत्व मिला है, जो भारत को हर दृष्टि से मजबूत और विकसित बनाने में सक्षम है। अतः वह दिन दूर नहीं है जब भारत विश्व गुरु बनेगा एवं पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा।

**(लेखक : बड़कागढ़ रैयत जनमंच रांची, झारखंड के महासचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारी को लेकर विधायक ने की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आगामी 11 अक्टूबर को भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। शनिवार को सम्मेलन के आयोजक सह सदस्य सरयू राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक डोरंडा, एजी मोड़ रांची अवस्थित कार्यालय में की गयी। बैठक में सम्मेलन की सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर समितियों के संयोजक एवं सह संयोजक बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तैयारी समिति के संयोजक धर्मेंद्र तिवारी, सह संयोजक वीरेन्द्र कुमार सिंह, मुकेश पांडेय, शिवानी लता, स्वागत समिति के संयोजक सुशील कुमार, सह संयोजक अजय साह, शिवशंकर ठाकुर, अविनाश कुमार, प्रेस समिति के संयोजक आशीष शीतल मुंडा, पंजीयन समिति के संयोजक बॉबी सिंह, प्रचार समिति के संयोजक मनोज सिंह, सुरक्षा समिति के संयोजक अशोक ठाकुर, मंच संचालन समिति के संयोजक भारतेंदु झा को बनाये गये। इस मौके पर सम्मेलन के आयोजक सरयू राय के द्वारा सभी संयोजकों एवं सह संयोजकों को उनके दायित्व से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। यह जानकारी तैयारी समिति के सह संयोजक वीरेंद्र कुमार सिंह ने दी।

## चाकुलिया में एइ और प्रमुख के बीच झड़प

**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार की दोपहर एई आशुतोष कुमार और प्रमुख धनंजय करुणामय,समिति राम बेसरा और अन्य के बीच योजना में प्रसेंटेज मांगने पर हुई झड़प के बाद दोनों पक्षों ने चाकुलिया थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में एई आशुतोष कुमार ने आवेदन में कहा है कि प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, झामुमो नेता राजा बारिक समेत अन्य लोग कार्यालय पहुंचकर हंगामा करते हुए उनके साथ मारपीट की है। मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# तिलकानगर में मां दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गधडा तिलकानगर बस्ती विकास समिति के द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घघाटन समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार शाम कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति समाजिक सेवा संघ अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, विशिष्ट अतिथि पूर्व पंचायत समिति सदस्य विश्वजीत भगत व सम्मानित अथिति में समाजसेवी विवेक गुप्ता,राजेश मुंडा,छोटे सरदार, गणेश गोप शामिल हुए।पूजा कमेटी के द्वारा अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दुगार्पूजा पंडाल का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान सभी ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर बस्ती वासियों के परिवार में सुख शांति व समृद्धि की कामना की। मौके पर राजेश सामंत ने कहा गधडा तिलकानगर बस्ती विकास समिति के द्वारा मा दुर्गा की पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाता है। कॉलोनी के अंदर रहने वाले महिलाएं काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने बताया मां दुर्गा की पूजा करने से शक्ति मिलती है। यही शक्ति से जरूरतमंद लोगों का मदद करने की जरूरत है। तभी जाकर क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के परिवार में शांति वहाल करने व सभी के परिवार में सुख शांति रहे, सभी को स्वास्थ्य लाभ मिले, सभी का मनोकामना पूरी हो ऐसे कई बातों पर मां दुर्गा से कामना की। मौके पार पूजा कमेटी के सुधीर सिंह, रविंद्र दुबे, सुरेश, राजेश तिवारी, आदेश, दिवाकर, सुधीर वर्मा, मुन्ना सिंह, अजय सिन्हा, नवनीत मंडल, उमेश मंडल के आलावे तिलकानगर बस्ती के महिलाएं व छोटे-छोटे बच्चे शामिल रहे।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है दुर्गापूजा : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सुंदरनगर सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी, सुंदरनगर दुर्गा पूजा कमेटी सुंदरनगर चौक, श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सोपोडेरा, बावनगोडा दुर्गापूजा समिति, जोजोबेरा दुर्गा पूजा कमेटी, घोड़ाबांदा आनंद विहार पूजा पंडाल, घोड़ाबांदा ग्रीन वैली पूजा पंडाल, श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति गडरा, लोहाबाशा दुर्गा पूजा कमेटी के पूजा पंडाल का विधायक मंगल कालिंदी में फीता काट कर उद्घाटन किया।



दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन करते विधायक मंगल कालिंदी।

शनिवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मा दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मौके पर विधायक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को दुर्गा नवरात्र की शुभकामनाएं भी दी। विधायक ने कहा दुर्गापूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मौके पर मौजूद लोगों को मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष पलटन मुर्मू, प्रदीप गुहा, माणिक चंद्र महतो, मनोज यादव, राकेश चक्रवर्ती, जयकिशन, विश्वजीत भगत, बबलू महतो, बबलू गुप्ता, विकास स्वर्णकार, विनीत, रजत व पूजा समितियों के सदस्य के अलावा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# घर के बड़े बुजुर्ग खुश तो मां दुर्गा भी खुश : काले



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शहर के विभिन्न हिस्सों में दुगार्पूजा पंडालों का उद्घाटन किया। दुर्गापूजा पंडालों के उद्घाटन के साथ ही पट खुल गए और देवी दुर्गा के दर्शन हेतु पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। अलग-अलग थीम पर आधारित पूजा पंडाल दर्शनार्थियों को आकर्षित कर रहे हैं। रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा भी लोगों का ध्यान खींच रही है।

इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए श्री काले ने दुर्गा पूजा उत्सव की बधाई दी। वहीं, सभी से पूरे शांति-सद्भाव से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण रूप में दुर्गोत्सव आयोजन को ले शासन-प्रशासन तत्पर है। इस दिशा में आम लोगों का भी सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। हमारे जीवन में दुर्गा पूजा का खास महत्व है। मां दुर्गा की कृपा से सबका जीवन मंगलमय, सुखी, समृद्ध और आरोग्यमय हो। काले। ने कहा जी अगर हमारे घरों के बड़े बुजुर्ग खुश है तो समझो माँ दुर्गा भी प्रसन्न है इसके लिये हमें ध्यान रखना होगा। काले ने टी एफ सी विद्यापति नगर, बारीडीह, श्री श्री सिद्धेश्वरी आश्रम दुर्गा पूजा कमेटी, पोस्ट आफिस मैदान बारीडीह, मुखी समाज टिनप्लेट 10 नंबर बस्ती, वास्तु विहार, मोहरदा, ठक्कर बप्पा क्लब धतकीडीह, फडलुगोडा पूजा समिति पारडीह सहित शहर के पूजा पंडालों का में माथा टेका।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### अंचलाधिकारी ने पीवीटीजी के तहत 90 परिवारों को मुफ़्त राशन उपलब्ध कराया



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के ग्राम रानी ताली परहिया टोला में अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में 90 लोगों के बीच पीवीटीजी के तहत मुफ़्त राशन का वितरण किया गया। बताते चलें कि अक्टूबर महीने के पहली तारीख को राशन मिलने से सारे परहिया टोला के लोग बेहद खुश हैं। वहीं राशन का वितरण करते समय अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, स्थानीय डीलर बिनोद कुमार, बीडीसी सहित अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत क्षेत्र बाजार स्थित नालियों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला के निर्देशन में नगर पंचायत क्षेत्र बाजार के सभी दुकानों के सामने स्थित नलियों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। बताते चलें कि बाजार स्थित दुकानदारों ने दुकान का सामने नाली पर ठेला लगाकर, दुकानों का सामान लगाकर एवं अन्य प्रकार से नालियों का अतिक्रमण कर रखे थे, जिससे आने-जाने वाले राहगीरों, वाहनों को काफी परेशानी होती थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला ने स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत कर्मी के सहयोग से नाली को अतिक्रमण मुक्त कराया। वहीं नाली अतिक्रमण मुक्त अभियान में कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला, स्थानीय प्रशासन, राकेश सिन्हा, अमित पाठक, अनूप तिवारी, विकास सिंह सहित अन्य नगर पंचायतकर्मी उपस्थित थे।

### रपुरा गांव स्थित देवी मंदिर में 52 वर्षों से स्थायी कमेटी कर रही है दुर्गा पूजा



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** पंचायत के रपुरा गांव स्थित देवी मंदिर में 52 वर्षों से स्थायी कमेटी के द्वारा पूजा होती आ रही है। इस संबंध में गांव के बुजुर्ग सह स्थानीय कमेटी के सदस्य उमाशंकर सिंह, ललन सिंह, बसंत सिंह ने बताया कि आज के अपेक्षा पूर्व में इस सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांव में संसाधन का काफी अभाव था। उस समय रात्रि में रोशनी को लेकर किसी तरह से लालटेन और पेट्रोमैक्स के सहारे रात्रि पूजा पाठ की जाती थी। साथ ही गांव में अनाज का चंदा कर अनाज के बदले दुकानों में पूजा से संबंधित सामानों की खरीदारी की जाती थी। गाजे-बाजे के रूप में ढोल सिंह ही आदि का प्रयोग होता था। वहीं प्रसाद के रूप में दूध के द्वारा तैयार की गई खोवा लोगों के बीच बांटी जाती थी। नवरात्रि आने से एक माह पहले से ही पूजा की तैयारी शुरू कर दी जाती थी। दुर्गा मां की मूर्ति बनाने के लिए सोनमार्ग से नाव के द्वारा बिहार के रोहतास जिले से कारीगर आते थे। उस समय काफी गरीबी थी, लोग सक्षम नहीं थे। विसर्जन के दिन मूर्ति को शाम होने से पहले ही लोग कंधे पर लेकर गांव का भ्रमण कराते हुए नदी में विसर्जन कर देते थे। आज बदलता स्वरूप में गांव में भी सब संसाधन उपलब्ध हो गया है। इसी के अनुरूप आज ग्रामीण इलाकों में भी शारदीय नवरात्र पूजा काफी धूमधाम से मनायी जाती है।

**बैठक :** उपायुक्त ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन पर की चर्चा, कहा

# प्रखंडों में टीबी के मरीजों को चिन्हित कर पेशेंट कंसेंट फॉर्म प्राप्त करें

**उपायुक्त ने डस्ट्रीक्ट टीबी को-मोरबिडिटी को-ऑर्डिनेशन कमेटी गढ़वा की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला मुख्यालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के द्वारा गोद लेने हेतु डिस्ट्रिक्ट टीबी फोरम गढ़वा एवं डिस्ट्रीक्ट टीबी को-मोरबिडिटी को-ऑर्डिनेशन कमिटी गढ़वा की बैठक की गयी। विदित हो कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 9 सितंबर 2022 को किया गया है। अभियान के तहत कॉरपोरेट्स, को-ऑपरेटिव, प्राइवेट कंपनी, पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव्स, पॉलीटिकल पार्टीज, एनजीओ, इंडिविजुअल्स एंड अदर स्टेकहोल्डर के सामुदायिक भागीदारी के तहत मरीजों के इलाज के दौरान गोद लेने एवं कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन करने पर चर्चा की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के मरीजों का इलाज उपरोक्त संस्थाओं द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला स्तर, प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर, ग्राम टोला स्तर पर अथवा व्यक्तिगत स्तर पर रोगियों के इलाज के दौरान गोद लेते हुए टीबी मुक्त होने तक या कम से कम 6 माह तक इलाज व पोषाहार देकर उन्हें टीबी मुक्त बनाना है। वर्तमान में टीबी के मरीजों को सरकार की तरफ से सहायतार्थ 500 रु. पोषाहार हेतु मुहैया कराया जाता है। मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आरएनटीपीसी को उपायुक्त श्री घोलप द्वारा निदेश दिया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखंडों में टीबी के मरीजों को चिन्हित कर पेशेंट कंसेंट फॉर्म प्राप्त करें।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि अबतक 43% कंसेंट फॉर्म प्राप्त किया जा चुका है। उपायुक्त ने इसे 100% की लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया है। उपरोक्त कार्यक्रम के जरिये वर्ष 2025 तक टीबी से होने वाली मृत्यु को वर्ष 2015 की अपेक्षा 90% तक कमी लाना एवं पीड़ितों की संख्या 80% तक कम करना है। साथ में टीबी से पीड़ित परिवारों को टीबी के कारण होने वाली आर्थिक विसंगतियों से बचाना है।

उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन गढ़वा डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ कमलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे एवं विभिन्न चिकित्सा पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने दर्जनों पूजा समिति के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**पूजा में शस्त्र व शास्त्र का बहुत महत्व, हम सभी को अपने घरों में दोनों चीजों को रखने की जरूरत है : भानु प्रताप शाही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर के समीप भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में प्रखंड के चार दर्जन से अधिक पूजा समिति के पदाधिकारियों को विधायक भानु प्रताप शाही ने अंग वस्त्र व पारम्परिक हथियार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के रक्षा करने का जो आप सभी ने बीड़ा उठाया है वह सराहनीय कार्य है। कहा कि हम सभी के पूर्वजों ने पीढ़ी दर पीढ़ी सनातन धर्म को निभाने का कार्य किया है। बताया कि आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व से ही हमारे इस संनातन धर्म की रक्षा के लिए पूजा पाठ किया जाता रहा है। ताकि किसी की बुरी नजर नहीं लगे। उन्होंने कहा कि पूजा में शस्त्र व शास्त्र का बहुत महत्व है जिसे हम सभी को अपने घरों में दोनों चीजों को रखने की जरूरत है। मौके पर मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, विधायक प्रतिनिधि पंकज सोनी, अजय कुमार सिंह, छोटू सिंह, सुमन गुप्ता, रूपनारायण यादव सहित दुर्गा मंदिर कमिटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सूर्या कल्ब के अध्यक्ष प्रियांसु ठाकुर, डब्लू गुप्ता, रामभरोषा पांडेय, ललित किशोर, विनोद प्रसाद पासवान, राहुल यादव, विकास पाल, रविंद्र चौधरी, प्रताप सिंह, विजय प्रसाद चंद्रवंशी, कुलदीप ठाकुर, लालमन मेहता, संतोष साह, रामजी परहिया, विजय यादव, अशोक पासवान, दिलीप प्रजापति, अशोक यादव, सतेंद्र सिंह, संदीप चंद्रवंशी, पवन सिंह, प्रेमशंकर बियार, प्रदीप गुप्ता, सुरेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बरामद 50 मोबाइल लौटाये गये

**मोबाइल की बरामदगी के लिये टीम गठित कर क्षेत्र में अभियान चलाया गया था : एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 50 मोबाईल धारकों का गुम मोबाइल बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल की गयी है। पुलिस ने सभी बरामद मोबाइल को धारकों के बीच उनके गुम एवं चोरी हुए मोबाईल को वितरित किया। शनिवार को श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र में जनवरी से लेकर अगस्त माह तक चोरी एवं गुम हुये मोबाईल को बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि मोबाईल की बरामदगी के लिये एक टीम गठित कर क्षेत्र में अभियान चलाया गया था। जिसमें अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से लगभग 50 मोबाईल को बरामद किया गया है। श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में 12, रमना में 11, विशुनपुरा में 4 एवं धुरकी में 5, भवनाथपुर में 3,खरौंधी में 5, हरिहर पुर ओपी 4 सहित लगभग 50 मोबाइल बरामद किया गया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार, श्री बंशीधर नगर के थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, रमना के थाना प्रभारी सुधांशु कुमार, विशुनपुरा के बुद्धराम सामद, धुरकी के कृष्णा रजवार आदि मौजूद थे। जिन्हें मोबाईल मिला उनमें श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के चेचरियारिया के अरुण प्रसाद, देव कुमार गुप्ता, मेराज सिद्दीकी, आनंद कुमार, सुजीत विश्वकर्मा, आशुतोष कुमार, विशुनपुर के सद्दाम हुसैन, श्री बंशीधर नगर के गोलू कुमार, टिकर के मकसूद अंसारी, जंगीपुर के चंद्रशेखर कुमार, हेहों के करण कुमार एवं सगमा के अमरेश कुमार यादव के नाम शामिल हैं।

रमना के भागोडीह के मनोज साह, बुलका के गुलजार अंसारी, श्री बंशीधर नगर के नितेश कुमार, रमना के संजय कुमार, मड़वनिया के अनिल यादव, बाबूडीह के शुभम कुमार, हरादाग के छोटू कुमार, कविसा के राधिका देवी, परसवान के मुस्तकीम अंसारी, बहियार खुर्द के मंदिश कुमार एवं कल्याणपुर गढ़वा के सरोज देवी के नाम शामिल हैं। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के देवनकारा के दीपक कुमार यादव, जतपुरा के उपेंद्र प्रजापति, अमहर के रामस्वरूप मेहता एवं बगमानव के राजू कुमार के नाम शामिल हैं। धुरकी के थाना क्षेत्र के घघरी के जितेंद्र कुमार पासवान, पुतुर के आलोक कुमार यादव, विंध्याचल गुप्ता, शिवरी के मिथिलेश कुमार, धुरकी के सुशांत सिंह के नाम शामिल हैं।

### मंझिआंव थाना प्रभारी ने गुम 16 मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे




**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में जनवरी माह से अगस्त माह तक गुम मोबाइल बरामदगी हेतु छापेमारी का निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में मंझिआंव थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो के निर्देशानुसार संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया है। जिसमें थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुल 16 मोबाइल बरामद किए गए। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा सभी मोबाइल मालिकों को थाना परिसर में बुलाकर मोबाइल सौंप दिया गया। गुम मोबाइल मिलने के पश्चात सभी लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए थाना प्रभारी का आभार प्रकट किया। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो, बिकाश कुमार, कंचन धोबी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### भवनाथपुर थाना प्रभारी ने तीन गुम मोबाइल लौटाये



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र से गुम हुए तीन मोबाइल को बरामद कर सत्यापन के बाद वास्तविक धारक को सौंपा गया। उक्त मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर भवनाथपुर थाना में बीते एक जनवरी से अगस्त तक गुम हुए मोबाइल मामले की जितनी भी सनहा दर्ज की गई थी उन सभी मोबाईल की बरामदगी हेतु विशेष टीम गठित कर खोजबीन करने पर तीन मोबाइल बरामद की गई। सत्यापन के बाद मोबाइल के वास्तविक धारक सिंदुरिया निवासी रंजीत कुमार पाठक, संतोष कुमार पाठक एवं सरैया निवासी राजेन्द्र साह को मोबाइल सुपुर्द किया गया।

### 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोग ले सकेंगे होम पेंशन सेवा का लाभ



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष केके यादव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा गढ़वा के प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि होम पेंशन सेवा लागू हो चुका है। अति वरिष्ठ नागरिक पेंशन धारकों, जिनकी उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक है, उनका जीवन प्रमाण पत्र देना आसान हुआ। वह घर पर भी रहकर के होम पेंशन सेवा का लाभ ले सकते हैं। अति वरिष्ठ पेंशन धारक जिनकी उम्र 80 वर्ष या इससे ऊपर है, उन्हें अपना लाइफ सर्टिफिकेट माह अक्टूबर से ही देना है तथा वैसे पेंशन धारक जो 80 वर्ष से कम उम्र के हैं, उन्हें माह नवंबर में अपना लाइफ सर्टिफिकेट देना है। भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा वीडियोग्राफी के माध्यम से भी लाइफ सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अलग से वेबसाइट जारी किया गया है। जिसका नाम है होम पेंशन सेवा। हमारे झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के कार्यालय में इसका लिंक उपलब्ध है, जिन्हें भी किसी प्रकार की असुविधा हो वह हमारे कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### आरके पब्लिक स्कूल में नवरात्र और दशहरा पर कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दशहरा पर्व के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जूनियर विंग के बच्चों ने रूप सज्जा, गायन, गरबा व डांडिया प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 6 से कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने दुर्गा स्तुति, भक्ति गीत, भाषण व चित्रांकन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को उचित मंच मिलता है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका बर्मन ने भी सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में इस प्रकार से सामूहिक रूप से उत्सव मनाने से हमारी भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों में हर प्रकार के अच्छे गुणों का प्रसार करना है ताकि पढ़ाई के साथ-साथ वे अपनी संस्कृति से भी जुड़े रहें। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के कार्यों की सराहना की और सभी विद्यालय परिवार को नवरात्रि व दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने दुर्गा पूजा पंडाल में किया डांडिया का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा रंका मोड़ उमाकांत तिवारी जी के दुर्गा पूजा पंडाल में डांडिया महोत्सव का आयोजन सहेली अध्यक्ष रितु जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की विधि विधान पूर्वक आराधना से की गई एवं माता के सुमधुर भजनों पर सभी महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों जिनमें नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, नप की पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त सहित संचिता तिवारी, अंजू केशरी, कंचन जायसवाल, अंजना नारायण, पूनम केशरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जायन्ट्स सहेली की पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, माला केशरी, सुनीता केशरी, अनुसुइया केशरी, सीमा केशरी, जायन्ट्स सहेली की उपाध्यक्ष संध्या केशरी, प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल, वित्त निदेशक वीणा केशरी, रीमा स्वरूप, पल्लवी पुंज, चांदनी केशरी, इत्यादि जायंट्स सहेली बहनें उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाकांत तिवारी, आनंद केशरी, शशिशेखर जी का विशेष योगदान रहा।

**सफलता :** नक्सलियों से पूरी तरह मुक्त हो चुका है बड़गड़ प्रखंड में पड़ने वाला बूढ़ा पहाड़

# पुलिस कैंप स्थापित होने से आसपास के ग्रामीणों के चेहरे पर दिख रही है खुशी



बूढ़ा पहाड़ से लौटकर अशोक केशरी

**भंडरिया।** झारखंड सरकार के लिए सिरदर्द बना 25 वर्षों तक नक्सलियों का सेफ जोन कहा जाने वाला भंडरिया थाना क्षेत्र के बड़गड़ प्रखंड में पड़ने वाला बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों से पूरी तरह मुक्त हो चुका है। बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने में राज्य के वरीय पुलिस पदाधिकारियों सहित सीआरपीएफ 172 बटालियन, कोबरा 203 बटालियन एवं झारखंड के जगुआर, जैप, सैट तथा जिला पुलिस बल का अहम योगदान रहा है। सीआरपीएफ एवं राज्य के वरीय पुलिस पदाधिकारीयों के बेहतर रणनीति का परिणाम है कि बड़े बड़े नक्सलियों का पनाहगाह रहा बूढ़ा पहाड़ जवानों के अदम्य साहस एवं दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत कई कुर्बानियों के बाद नक्सलियों द्वारा पहाड़ पर बिछाए गए बारूदी सुरंगों का सामना करते हुए बूढ़ा पहाड़ फतह कर वहां कोबरा 203 एवं सीआरपीएफ की 172 बटालियन ने अपना कैम्प स्थापित कर लिया है। एक समय में बूढ़ा पहाड़ अरविंद जी, संदीप यादव, मिथलेश मेहता, मृत्युंजय जी, नवीन जी, विमल जी, मनीष जी सहित कई अन्य बड़े नक्सलियों का यह सुरक्षित ठिकाना हुआ करता था। उपरोक्त सभी नक्सली अपने अपने समय में बूढ़ा पहाड़ से ही गढ़वा जिला सहित पूरा झारखंड में नक्सल गतिविधि संचालित करते थे। भंडरिया थाना क्षेत्र का बूढ़ा पहाड़ आज नक्सलियों से पूरी तरह मुक्त हो चुका है, बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने में वर्ष 2010 से लगे सीआरपीएफ का 172 बटालियन विषम परिस्थितियों में भी डटकर चुनौतियों का सामना करते हुए नक्सल प्रभावित गांवों में रहने वाले लोगों का भरोसा जीता एवं लगातार नक्सल अभियान जारी रखा। इस दौरान सीआरपीएफ एवं जिले के पुलिस कप्तान के अथक प्रयास से पूर्व में चेपटी एवं प्रमिला नामक दो महिला माओवादी नक्सली को सरकार के आत्मसमर्पण नीति के तहत सरेंडर कराया गया था। पुलिस कैम्प स्थापित होने के बाद नक्सलियों के भय से मुक्ति पाकर वहां के आसपास के गांव तुरेर, तुमेरा, खपरीमहुआ, बुढ़ा गांव, झाउल डेरा, छत्तीसगढ़ का पिपरढ़ाबा, पुनदाग, चुनचुना आदि के ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की लहर साफ दिख रही है।

### अब हमें नक्सलियों के भय से मुक्ति मिली है : ग्रामीण

आजाद सिपाही ने आसपास के गांवों में जाकर वहां रहने वाले लोगों से तब और अब की स्थिति के बारे में पूछने पर प्रकाश लकड़ा, तपेश्वर किसान, रोबट लकड़ा, रामजीत किसान, रूपलाल किसान, छोटू सिंह, धीरन बृजया, मनोज किसान आदि ग्रामीणों ने निस्संकोच होकर कहा कि नक्सली जब यहां थे तो वह हमेशा उनके कोप भाजन का शिकार हुआ करते थे। नक्सली गांव में आकर खाना मांगते थे। नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों को जंगलों में मवेशियों को चराने तथा उनके जीविकोपार्जन के लिए उपयोग होने वाले वन संपदा जैसे महुआ, डोरी, गोंद, जड़ी- बूटी आदि लेने जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता था। गांव के आसपास जंगल में माओवादी पुलिस से बचने के लिए बम लगाये जाने की बात कह कर डराते थे। हमारे बच्चों को नक्सली बनाने के लिए बलपूर्वक छीन कर ले जाते थे। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस के रहने से उन्हें नक्सलियों के भय से मुक्ति मिली है, वे आज अमन चैन से अपने घरों में रह रहे हैं।

Govt. of Jharkhand Energy Department
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**
**Tender reference no.: 22/JREDA/SPV/SSLs(LED)/22-23**
**Dated: 29.09.2022**

Online bids are invited for Rate Contract for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of 12W/20W/30W/40W White LED based Solar Street Lighting Systems (SSLSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery under Solar Photovoltaic Programme on Turnkey basis across the state of Jharkhand. The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of 12W/20W/30W/40W/White LED based Solar Street Lighting Systems (SSLSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery under Solar Photovoltaic Programme on Turnkey basis across the state of Jharkhand. |
| 2 | Completion period | **04 (Four) Months** |
| 3 | Period of contract | **Completion period + 5 years** |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | **07.10.2022 (Friday)** |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | **20.10.2022 (Thursday)** at 2.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | **09.11.2022 (Wednesday)** upto 05:00 PM |
| 7 | Submission of original copies of Bid fee & EMD (Offline) | **09.11.2022 and 10.11.2022** up to 5.00 P.M. |
| 8 | Technical Bid Opening Date | **11.11.2022 (Friday)** at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in** & www.jreda.com. **Further details can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

**Sd/-**
**Director, JREDA, Ranchi**

PR 279169 Energy(22-23)D

## चोरी की तीन बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप एंटी क्राइम जांच अभियान के तहत पुलिस ने चोरी का एक बाइक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर पकड़ कर छानबीन कर रही थी। इसी दौरान बाइक चालक घर में बाइक का पेपर होने की बात बता कर पेपर लाने चला गया। परंतु बाइक चालक पेपर लेकर नहीं आया तो पुलिस हरकत में आई और छानबीन आरम्भ कर दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि सेन्हा थाना के समीप एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन जांच चलाया जा रहा था। उसी दौरान एक बाइक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का पकड़ा गया। और वाहन संबंधित कागजात की मांग किया गया। परंतु बाइक चालक द्वारा कागज नहीं दिखाने पर छानबीन आरंभ कर दिया गया। इसी दरमियान दो युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसके निशानदेही पर दो बाइक जेएच 08 ए 9308 हीरो होंडा एवं जे एच 08 डी 5186 लाल रंग का स्प्लेंडर जब्त किया गया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना कांड संख्या 99/22 चोरी कांड में संलिप्त होने की पुष्टि होने पर धारा 414 के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम निवासी सिद्दीकी अन्सारी का 34 वर्षीय पुत्र रोजउद्दीन अन्सारी तथा जमाल अन्सारी का 32 वर्षीय पुत्र अलीम अंसारी को चोरी का बाइक इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुटी हुई है।

### बिशुनबांध के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक के भ्रष्ट कार्यों से विद्यार्थी परेशान

# विद्यार्थियों को रूटीन के अनुसार नहीं दिया जा रहा है मध्याह्न भोजन

**महीनों में विद्यार्थियों को दी जाती है अंडा और फल के रूप में विद्यार्थियों को मिलते हैं सड़े केले**








आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एक और सरकार विद्यार्थियों के लिए तरह तरह की योजनाओं को संचालित कर रही है तो दूसरी ओर विद्यालय में प्रधानाध्यापकों की मनमानी से विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित विशुनबांध पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना और विद्यालय संचालन को प्रधानाध्यापक के द्वारा मनमानी ढंग से चलाने का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन प्रतिदिन के रूटिंग के अनुसार नहीं दी जाती है। जबकि बच्चों को सप्ताह में दो बार अंडा दिया जाना है लेकिन बच्चों को महीनो में अंडा दिया जाता है। और बच्चों को फल में सड़े हुए केले दिए जाते हैं। विद्यालय में प्रतिदिन मिलने वाले मध्यान भोजन में हमेशा ही कुछ ना कुछ कमी होती है कभी दाल पानी जैसी होती है तो कभी चावल में कमी होती है। जिसका विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने विरोध किया है। विद्यार्थियों ने बताया कि (मिड डे मील) मध्याह्न भोजन योजना का कार्य उनके प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता खुद से संचालन करते हैं क्योंकि विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश भुइयां पूर्व में ही इस्तीफा दे चुके हैं। और विद्यालय का संयोजिका हुस्नारा बीबी को हाल में ही बनाया गया है। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि विद्यालय में चावल के बोरे उनसे ही उठवाए जाते हैं। मौके पर देखा गया कि दो क्लास रूम में बच्चे मौजूद हैं पर कोई भी शिक्षक क्लास में नहीं है। विद्यालय में प्रेम पाठक, अनूप कुमार गुप्ता, विपिन भारती तीन ही शिक्षक मौजूद थे। प्रधानाध्यापक किसी मीटिंग में गये हुए थे। दूसरी ओर एक क्लास रूम की छत की स्थिति काफी जर्जर है पर उसी जर्जर क्लासरूम के नीचे छोटे-छोटे बच्चों को बिना बैंच के नीचे बैठा कर पढ़ाया जा रहा है। जो कि कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संकेत देती है। इस संबंध में विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने जिला प्रशासन से जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने की मांग किया है।

### क्या बोले बीडीओ

मामले को संज्ञान में ले लिया गया है। अगर प्रधानाध्यापक अपनी मनमानी ढंग से विद्यालय का संचालन और मध्यान भोजन देने का कार्य कर रहे हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के विरोध को देखते हुए जल्द से जल्द प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता के कार्यों की जांच पड़ताल कर उनके विरोध उचित कार्रवाई की जायेगी।

### मौके पर उपस्थित विद्यार्थी

शांति कुमारी, अंजली कुमारी, रीमा कुमारी, सरिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मक्सी प्रवीण, अंजू कुमारी, पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुमन कुमारी, रमिला कुमारी, निसार प्रवीण, राहुल कुमार, कुंदन कुमार, रोहित कुमार, करण कुमार, प्रीतम कुमार, उत्तम कुमार, रोहित उरांव, केवल अंसारी, रविंदर उरांव,कैसर अंसारी, पवन लोहरा, राजू कुमार, सुजीत कुमार,विकास कुमार, शिव प्रकाश लोहरा, शिक्षक प्रेम पाठक, अनूप कुमार गुप्ता, विपिन भारती, अभिभावक धनेश्वर उरांव, विनोद यादव, समेत सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## तालाब में नहाने गये कलाकार की मौत

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के हुरहद गांव निवासी कलाकार उरांव 27 पिता सोमरा उरांव की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार एक अक्टूबर की सुबह कलाकार उरांव जिंजी तालाब में नहाने गया था, नहाने के क्रम में डूबने लगा जिसे वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख रिम्स रांची रेफर किया लेकिन रास्ते में बारयाटोली के समीप उसकी मौत हो गयी।

## ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्की पथ में शुक्रवार देर रात धान से लोड 709 ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिससे चालक एवं सह चालक बाल बाल बचे जानकारी के अनुसार बता दें कि 709 ट्रक के पलटने से किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं है। परंतु ट्रक व धान क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सेन्हा से मुर्की जाने वाला पथ इन दिनों काफी जर्जर हो गया है। जिस के कारण आये दिन छोटी छोटी घटनाएं होती रहती है। सेन्हा मुर्की पथ का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पांच वर्ष पूर्व कराया गया था। लेकिन इस पथ पर भारी वाहन द्वारा क्षमता से अधिक लोड लेकर चलने के कारण पथ काफी जर्जर हो गया है। सड़क को देखने से ऐसा लगता है कि यह सड़क नहीं बल्कि तालाब है। इस पथ पर भारी वाहन तो दूर बाइक चलाना दुर्लभ है। जर्जर पथ को देखते हुए भारत ईंट भट्ठा संचालक द्वारा जगह जगह पर मरम्मती भी किया गया है। परंतु वाहन के आवागमन व बारिश के पानी का जमाव होने के कारण पथ तालाब में तब्दील होते नजर आ रही है। जिस पर पैदल या वाहन से चलना और खतरे को निमंत्रण देना है।

## महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह मुहल्ला के उपर टोंगरी बधुआ निवासी मैना देवी ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसके पति दुखन भुईयां की मौत पहले ही हो चुकी है। खबर मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के दो पुत्री व एक पुत्र हैं और सभी का विवाह हो चुका है। पुलिस आत्महत्या करने के कारणों को तलाशने में जुटी है। बाद मे छात्र नेता नागमणि के प्रयास से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर मृतक के परिजनों को राशन उपलब्ध कराया गया। मौके पर संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के सेमिनार में मोदी@20 पुस्तक का विमोचन



**लातेहार।** शहर के माको डांक बंगला में सेवा पखवाड़ा के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मोदी@20 पुस्तक का विमोचन किया गया। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत एक बार फिर विश्व का सिरमौर बनने की राह पर अग्रसर है। इससे पहले पंडित दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण और पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यकम का संचालन जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमीत कुमार ने किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, महेश सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, नरेश पाठक, राकेश दुबे, पंकज सिंह, रामदेव सिंह, रेनू देवी, राजीव रंजन पांडेय आदि उपस्थित थे।

## लातेहार को प्लास्टिक मुक्त बनाना है : विनोद



**लातेहार।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके), लातेहार के तत्वावधान में एक अक्टूबर से स्वच्छ भारत 2 का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने किया। इस अवसर पर कीनामाड़ स्थित चिल्ड्रेनस पार्क एवं आस पास के क्षेत्रों में सूखा कचरा और एकल उपयोग प्लास्टिक का संग्रहण किया गया। विनोद उरांव ने कहा कि हम सब को मिल कर लातेहार को प्लास्टिक मुक्त जिला बनाना है। उन्होने स्वच्छता के प्रति अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने एवं अपने घर और समाज को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। एनवाईके जिला युवा पदाधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को साफ करने के उद्देश्य से एक से 31 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जायेगा। नागरिकों के समर्थन और स्वैच्छिक भागीदारी से देश को स्वच्छ बनाना है। इसके तहत शहरों के अलावा ग्राम और पंचायत स्तर पर कचरा विशेषकर प्लास्टिक एकत्रित किया जायेगा।

## वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया गया



**लातेहार।** नगर पंचायत के वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया गया। शहर के थाना चौक निवासी बिंदु साव (101) को प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव एवं पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने उनके घर जा कर बुके व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। बीडीओ ने बताया कि भारत निवार्चन आयोग के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में व्हील चेयर, रैंप, निशुल्क परिवहन, स्वयं सेवक व कतार रहित मतदान की व्यवस्था की गयी। उन्होने वरिष्ठ मतदाताओ से मतदान के महत्व को समझाते जरूर मतदान करने की अपील की। अतुल कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक घर बैठे-बैठे भी अपना मतदान फॉर्म 12 (घ) भरकर कर सकते है। मौके पर अरुण कुमार, निरंजन प्रसाद, रंजीत कुमार, आशा देवी व अनूप कुमार आदि उपस्थित थे।

## छोटे-छोटे बच्चों ने गरबा नृत्य कर मन मोहा



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अग्रवाल मुहल्ला स्थित प्ले स्कूल लिली किड्ज में दुर्गा पूजा मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश बंदना के साथ कि गयी। मौके पर एलकेजी के छात्र देवांश खत्री ने दुर्गा स्तुति गाकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। वही इस दौरान छोटे छोटे बच्चों ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति किया। छोटे छोटे बच्चों ने अपने हाथों में छोटे छोटे डांडिया लेकर नृत्य कर रहे थे। पारम्परिक वेशभूषा में बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति किया जिसका उपस्थित लोगों ने काफी सराहना की। इस मौके पर स्कूल की संचालिका प्रिया अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, शशिकला, संगीता देवी, सोनाली बिंदल, मुस्कान समेत अन्य उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए सप्तमी से खुलेगें पूजा पंडालों के पट



**लातेहार।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि दो अक्तूबर को शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जायेगें। पूजा समितियों ने इसकी तैयारी तकरीबन पूरी कर ली है। इससे पहले शारदीय नवरात्र की षष्टी तिथि को विभिन्न पूजा पंडालों के द्वारा बेलवरण कर माता का आह्वन किया गया। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में पंडित त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य मे पूजा अर्चना संपन्न करायी जा रही है। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में उज्जवल साहु सपत्नीक उपस्थित थे। राजा दुर्गा बाड़ी में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। यहां पंडित नरेंद्र मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न करायी जा रही है। यहां भानू प्रताप सिंह सपत्नीक मुख्य यजमान के रूप में हैं। जबकि सार्वजनिक काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा सप्तमी तिथि को कलश यात्रा निकाली जायेगी। रेलवे स्टेशन के नवरंग चौकस्थित नवयुक संघ द्वारा पूजा की तैयारियां भी पूरी कर ली गयी है। यहां आकर्षक पंडाल बनाया गया है। दुर्गा पूजा समिति डुरुआ, मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया है।

## स्वच्छता अपनायें बीमारी दूर भगायें : अनीश खान




**कैरो/लोहरदगा।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के निर्धारित निदेर्शानुसार स्वच्छता ही सेवा है। कार्यक्रम 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंड ग्राम पंचायत के गांव में निर्धारित तिथि अनुसार कार्यक्रम किया जा रहा है। कैरो प्रखंड के नरौली पंचायत के चेरीमा गांव में स्थित एचएस इम्पेरियल पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत स्वच्छता शपथ लिया गया। जिसमें शादी विवाह या कोई भी उत्सव में सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने का शपथ लिया गया है। कचरा ठोश एवं तरल कचरा अलग अलग कर पृथक्करण केंद्र में जमा करने का शपथ लिया एवं गांव को स्वस्थ सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। अन्यथा संक्रमण हो सकता है और डायरिया दस्त हो सकता है मलेरिया से बचने के लिए अपने घर के पास पानी नहीं जमने दे मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी मोजाहिर अंसारी एचएस इम्पेरियल पब्लिक स्कूल के शिक्षक नाम इरशाद अंसारी, रेहान अंसारी, वसीम अंसारी, सुशांत चौर्य कनक किशपोट्टा सुशीला खलखो, उर्मिला तिर्की, सोएब अंसारी, फूलमती कुमारी खुशबू खान ममता कुमारी, नुरूल हसन शिक्षिका तथा अभिभावक और बच्चे उस्पथित थे।

## रेल से गिरकर युवक हुआ घायल बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर

**बरवाडीह।** शनिवार अहले सुबह बरवाडीह और छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बीच उककमाड बस्ती के पास सासाराम रांची इंटर सिटी एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद घायल युवक को स्थानीय ग्रामीण व पूर्वी जीप सदस्य के मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ड्रेसर राजेश चंद्रा उर्फ बबलू के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया गया। वहीं युवक की पहचान रांची जिले के मांडर प्रखंड के दर्जी गांव के अजय महतो के रूप में हुई।

## गांधी से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन



**लोहरदगा।** स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय परिसर में गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर महात्मा गांधी से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग प्रथम से पंचम तक के भैया- बहन ने भाग लिया।प्रतियोगिता की शुरूवात विद्यालय संचालन समिति के संरक्षक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, निदेशक प्रमोद उरॉव एवं विद्यालय के प्राचार्य नंदन कुमार ने महात्मा गांधी के विषय में बताया की महात्मा गांधी सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे उन्होंने देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये थे। उन्होंने आजादी के लिए कई बार जेल भी गये, उन्होंने नमक के लिए डांडी यात्रा निकाली। उन्होंने अपना पूरा जीवन खाकी वस्त्र में ही गुजार दिए। कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने बताये की दो अक्टूबर को दो- दो महापुरुष का जन्म दिवस है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बारे में बताया कि शास्त्री जी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। क्विज में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः आंचल, ममता एवं नीतू ने प्राप्त किया जिन्हें विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संतोष उरांव, सुनीता देवी, संगीता देवी, सुषमा देवी, जीवन साहु एवं विद्यालय के सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

### पंखराज साहेब कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस का आयोजन

# युवाओं का रचनात्मक सोच देश के विकास में अहम भूमिका निभायेगा : अशोक भगत

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा पंखराज साहेब कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस का आयोजन बक्सीडीपा मैदान लोहरदगा से किया गया। यह साइकिल रेस जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी बिशुनपुर 54 किमी तक किया गया। साइकिल रेस में बालक वर्ग में 269 बालिका वर्ग में 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने ग्रामीण युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की यह आयोजन युवाओं को रचनात्मक सोच एवं देश के विकास में भूमिका निभाने मे अपनी भूमिका निभायेगा युवाओं को अपने गांव को मजबूत बनाना होगा और अपनी ग्राम सभा में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना होगा। युवाओं को नशा पान से दूर रहना होगा। पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने युवा प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया कि नशा पान से दूर रहेंगे एवं गांव को नशा मुक्त बनायेंगे। परंपरागत जैविक खेती एवं पशुधन के विकास को बढ़ावा देंगे जल संरक्षण के लिए नदी नाला तालाब को संरक्षित करेंगे। साइकिल रेस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम से दशम क्रमशः उमेश उरांव, सुमन उरांव, रोशन उरांव, रामप्रसाद मुंडा, रंजीत उरांव, सुमित उरांव, अर्जुन उरांव, देवेंद्र खेरवार, धर्मेंद्र उरांव व संविधान महतो रहे जबकि बालिका वर्ग में प्रथम नीमा कुमारी, द्वितीय नेहा टोप्पो, तृतीय पुनीता उरांव, चतुर्थ नीलम ताना भगत, पंचम नेमती कुमारी, अनीमा कुमारी, सुखमणि कुमारी, सुषमा उरांव, नेहा तिर्की, मोनिका कुमारी रही।

## किस्को में चलाया वाहन जांच अभियान

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के पुलिस कप्तान आर रामकुमार के आदेशानुसार किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार के नेतृत्व में किस्को मुख्य चौक में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एएसआई अविनाश कुमार सिंह एंव पुलिस बल द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी छोटे बड़े वाहनों की गहनता के साथ जांच पड़ताल की गई। मौके पर सभी दोपहिया एंव चार पहिया वाहन को डिक्की एवं सीट सहित चालकों का पॉकेट की बारीकी से जांच पड़ताल की गई। इस दौरान सभी दो पहिया चलाने वाले वाहनों को चालक की हेलमेट, लाइसेंस, ऑनर बुक, इंश्योरेंस सहित अन्य जरूरियात कागजात साथ में लेकर चलने का निर्देश दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी सनी कुमार ने कहा कि आगामी दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। थाना प्रभारी सनी कुमार ने कहा कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर सघन वाहन जांच अभियान जरूरी है।

### जगह-जगह कारीगर आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए दिन- रात कर रहे हैं मेहनत

# दूर्गा मां की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की लगी होड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र को लेकर 26 सितंबर को कलश स्थापना करके दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। अहले सुबह से ही ह्यया देवी सर्वभुतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के मंत्र से वातावरण गुंजायमान होने लगा है। दिन भर लोहरदगा व आसपास के क्षेत्र दुर्गा सप्तशती के श्लोकों गूंजते रहे। वहीं देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर मां के जयकारे और घंटों की ध्वनि से गूंजते रहे। सुबह पांच बजे से ही पूजा करने श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे। नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां माता रानी का भव्य श्रृंगार हुआ। मंत्रोउच्चारण से मां का आह्वान हुआ। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो मंदिर कमिटी इसका भी पूरा ख्याल रखती है। शहर में लगभग दो दर्जन से अधिक पंडालें में मूर्तियां स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। इसके लिये पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। इधर, मौसम की स्थिति भांपकर इस बार वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण अधिकांश जगहों में किया जा रहा है। पूजा समितियों में इस बात की होड़ लगी हुई है कि उनके यहां मूर्ति के अलावा सजावट दूसरे जगहों से अच्छी हो। इसके लिये अब दिन-रात समिति के सदस्य प्रयास में लगे हुये हैं। आमजनों का मानना है कि शहर के बरवाटोली, महावीर चौक, बीआईडी, थानाटोली, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, हटिया गार्डन, रेलवे साइडिंग, मैना बगीचा, बक्शीदीपा, मिशन चौक आदि की सबसे अच्छी प्रतिमा के निर्माण के साथ-साथ यहां की सजावट भी काफी अच्छी होती है।

### तीन माह के बाद खुला बेतला पार्क, पर्यटकों व स्थानीय दुकानदारों में हर्ष का माहौल

# डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर ने मिलकर बदली बेतला की तस्वीर

रवि कुमार गुप्ता



**बरवाडीह।** पर्यटकों के लिए आज बेहद खुशखबरी भरा दिन है। आखिर ऐसा हम क्यों कह रहे है।और कहना भी लाजमी आखिर क्यों न कहे बात ही कुछ ऐसा है। जी हां तो पिछले तीन महीने से बरसात मे वन्यजीवों का प्रजनन काल को देखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन महीने के लिए बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों के पार्क में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी। बताया जाता है कि सैलानियों के प्रवेश होने से जीव-जंतुओं के स्वतंत्र विचरण और प्रजनन में दिक्कत होती है।बंद बेतला नेशनल पार्क अब पर्यटकों से गुलजार होने वाला है। यह पार्क शनिवार यानि आज दिन शनिवार एक अक्टूबर से खोल दिया गया। पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर कुमार आशुतोष, डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष सहित कई विभागीय पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर बेतला नेशनल पार्क को पर्यटको के लिए खोल 0स्त्रदिया। इस दौरान पदाधिकारियों के द्वारा पर्यटको को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बात कही गई। जिसके बाद देश-विदेश के पर्यटक इस पार्क का लुत्फ उठा सकेंगे। पीटीआर प्रबंधन के द्वारा इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयीं हैं। पार्क के खुलने से आसपास मौजूद होटलों, दुकानों व गाइड की भी अब जीवकोपार्जन हो जायेगी।

**पार्क में हैं विभिन्न प्रकार के जानवर :** बेतला नेशनल पार्क के अंदर विभिन्न प्रकार के जंगली जानवर हैं। पार्क के अंदर घूमने वाले पर्यटक आसानी से जंगली जानवरों को विचरण करते हुए देख सकते हैं। और आनंद उठा सकते हैं। पार्क में बड़ी संख्या में हिरण का इजाफा हुआ है। साथ ही कोटरा, हाथी, बंदर, तेंदुआ जंगली भैंस के अलावा लेपर्ड आदि जानवर भी आसानी से दिख जाते हैं।

### पार्क में घूमने का समय है निर्धारित

पार्क प्रबंधन ने पार्क में घूमने के लिए समय सीमा निर्धारित कर दी है. पार्क के अंदर घूमने के लिए सुबह 6:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक और दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक समय सीमा निर्धारित है। निर्धारित समय में कोई भी पर्यटक पार्क के अंदर घूम सकते हैं. इसके लिए पर्यटकों के पास अपना चार पहिया वाहन होना चाहिए। जिनके पास चार पहिया वाहन उपलब्ध नहीं है, उन्हें भाड़े पर पार्क परिसर में ही वाहन की व्यवस्था हो जाती है। पार्क में जाने के लिए 4 पहिया वाहनों के लिए 400 रुपये एंट्री फी है। डेढ़ सौ रुपए गाइड का लगता है। वही भाड़ा पर वाहन लेने पर 600 अतिरिक्त देना पड़ता है।

# वृद्धजन दिवस पर नप ने किया सेवानिवृत्त महिला स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित



**एक वयोवृद्ध मतदाता का भी उनके घर जाकर किया सम्मान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर के अवसर पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने तीन वयोवृद्ध सेवानिवृत्त महिला स्वच्छता कर्मियों को चाय पर आमंत्रित कर उनके पूर्व के योगदान के प्रति आभार जताया। साथ ही अध्यक्ष दीप नारायण उरांव के साथ संयुक्त रूप से इन सभी महिला स्वच्छता कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही नगर परिषद के वार्ड 8 निवासी एक वयोवृद्ध मतदाता रामविलास प्रसाद के घर जाकर संजय कुमार ने साल ओढ़ा कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव ने कहा कि वृद्ध चकरी में लगे कील के समान है, अगर कील नहीं होगी तो चकरी का परिक्रमा करना असंभव है। उसी प्रकार घर की सभी व्यवस्थाएं बुजुर्गों की धुरी पर टिकी होती है। शिष्टाचार यह कहता है कि घर, मोहल्ले व शहर के बुजुर्गों के साथ-साथ सभी बुजुर्गों का सम्मान करें।

वहीं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने कहा कि बुजुर्गों को सम्मान देने से अपना मनोबल बढ़ता है। बुजुर्गों के कारण ही वर्तमान का वजूद है। उन्होंने यह भी कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना भारतीय परंपरा का सुनहरा अध्याय है। मौके पर नगर परिषद के कई कर्मी मौजूद थे।

## विधायक आवास के पीछे कुएं से मिला पांच दिनों से लापता बुजुर्ग का शव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र से सटे रश्मि नगर निवासी सुरेंद्र तिग्गा का शव शनिवार को पुलिस ने सिसई रोड गुमला स्थित विधायक भूषण तिर्की के आवास के पीछे जॉन तिर्की की खाली जमीन में स्थित कुएं से बरामद किया है। कुंआ झाड़ियों से ढका हुआ है। पॉश इलाके के बीच खाली जगह पर शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस हत्या या आत्महत्या को लेकर मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल पुलिस के अधिकारियों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। मृतक के भाई वीरेंद्र तिग्गा ने बताया कि 27 सितंबर को सुरेंद्र शाम करीब चार बजे घर से घूमने निकला था। इसके बाद वह लौट कर नहीं आया। इस पर परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। तत्पश्चात 29 सितंबर को गुमला थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। शनिवार को मवेशी चराने पहुंचे कुछ लोगों ने कुएं में एक शव को देखा। इसके बाद तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कुएं से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## रमेश कुमार चीनी बने झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि, कांग्रेसियों ने दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी को झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि बनाये जाने पर कांग्रेस के पदाधिकारियों में हर्ष है। इस दायित्व को ग्रहण करने के बाद जहां रमेश कुमार चीनी अपने कार्यों के प्रति तत्परता दिखाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं, वहीं क्षेत्र के कांग्रेसी आशा भरी निगाहों से रमेश कुमार चीनी की ओर देखने लगे हैं। इस पदभार को ग्रहण करने के बाद रमेश कुमार को बधाई देने वालों का तांता लगा है। जिला कांग्रेस कमेटी के वारीय उपाध्यक्ष अकील रहमान, जिला महिला अध्यक्ष अमृता भगत, उपाध्यक्ष हेमावती देवी, महासचिव रामनिवास प्रसाद, सचिव अरुण कुमार गुप्ता, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, भैया राम उरांव, बैबुल अंसारी, राजेश टोप्पो, आशीष नाथ शाहदेव, बैजनाथ उरांव, रमजान खान, शांति देवी, प्रदीप मिंज, प्रवीण टोप्पो आदि ने बधाई दी है।

## टिप टॉस डांस एकेडमी में वार्षिकोत्सव सह डांस, ड्रॉइंग एवं डांडिया प्रतियोगिता 9 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** टिप टॉस डांस एकेडमी गुमला द्वारा 9 अक्टूबर दिन रविवार को नगर भवन गुमला में वार्षिकोत्सव सह डांस, ड्रॉइंग एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए एकेडमी की संचालिका रश्मिता मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गुमला, लोहरदगा, रांची, खूंटी, सिमडेगा आदि जिलों से भी कई प्रतिभागी भाग लेंगे। वहीं इस कार्यक्रम में राउरकेला के गोल्डमेडलिस्ट डांस शिक्षक, दो नागपुरी के एक्टर्स समेत जज भी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 4 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।वहीं अधिक जानकारी के लिए 8102392077 में कॉल भी कर सकते हैं।

**बैठक :** उपायुक्त ने की सड़क दुर्घटनाओं और कारणों की समीक्षा, दिये निर्देश

# सड़कों पर बने गड्ढों को फौरन भरा जाये

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल गुमला को दिये निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त गुमला की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक में जनवरी माह से जुलाई माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बताया गया कि विगत वर्ष 2021 में माह जनवरी से माह अगस्त तक कुल 143 सड़क दुर्घटना के मामले सामने आये। जिसमें 125 लोगों की अकास्मिक मृत्यु हो गयी एवं 24 लोग घायल हुए। वर्ष 2022 में 125 सड़क दुर्घटना के मामले सामने आये, जिसमें 101 लोगों की मृत्यु हो गयी है एवं 52 लोग घायल हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में होने वाली दुर्घटना एवं मृत्यु दर में कमी हुई है। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता राजकीय पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल खूंटी एवं स्टेट हाईवे ऑथोरिटी ऑफ झारखण्ड, एनएचएआई गुमला, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग सभी को निर्देश दिया गाया कि जिन सड़कों पर साइनेज बोर्ड नहीं लगाया गया है। वैसे स्थानों पर साइनेज बोर्ड जल्द से जल्द लगाया जाये। चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल स्पॉट गंभीरता से देखा जाये और जल्द से जल्द उस पर काम किया जाये। सड़क में पतली रम्बल स्ट्रिप लगाया जाये जहां कर्भ एवं चिन्हित स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाया जाये ताकि दुर्घटना में कमी लायी जा सके। वैसे स्थानों पर जहां गड्डे बने हों और पानी का ठहराव हो रहा हो उनका सही से समीक्षा कर निवारण किया जाये। रोड के किनारे जिन स्थानों पर रोड टर्निंग हो वैसे स्थानों से झाड़ियों को हटाया जाये। कामडारा में अत्यधिक सड़क दुर्घटना हो रही है इससे रोकने के लिए साईनेज बोर्ड एवं डेलिनेटर लगाने का निर्देश दिया गया। जेब्रा क्रोसिंग वाले स्थानों पर केट साईनेज एवं डेलिनेटर लगाने का भी निर्देश दिया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्ति को ब्रेथ एनलाईजर के द्वारा जांच करने का निर्देश दिया गया। गुमला में बाईक से सड़क दुर्घटना ज्यादा होने के कारण जांच अभियान सघन रूप से चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के निमित सभी ब्लैक स्पोर्ट पर सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करने एवं दुर्घटना ग्रसित क्षेत्र को चिन्हित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने अविलंब सड़क में बने गड्ढे को भरने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल गुमला को दिया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को स्पीड नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित साइनेज का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। हिट एंड रन से संबंधित मामले को 15 दिनों के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि आनंद, पुलिस उपाधीक्षक प्राण रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह विरवा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ, कार्यपालक अभियंता राजकीय पथ प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल खूंटी एवं स्टेट हाईवे ऑथोरिटी ऑफ झारखण्ड, गुमला, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं सड़क सुरक्षा टीम के कर्मी उपस्थित थे।

## एकता रौनियार महिला संगठन, गुमला ने किया डांडिया महोत्सव का आयोजन

**कार्यक्रम में जनहित से जुड़े कार्य करने का लिया गया निर्णय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** एकता रौनियार महिला संगठन गुमला के द्वारा पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला दरोगा पायल गुप्ता, उनके पति शंकर गुप्ता और संगीतरत्न समाजसेवी शंभू लाल गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। वहीं महिलाओं ने सर्वप्रथम मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात नन्हीं-नन्हीं बच्चियों द्वारा देवी दुर्गा रूप धारण कर झांकी और नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद संगठन के तमाम पदाधिकारी सहित सदस्यों ने डांडिया महोत्सव में भाग लिया और एक-दूसरे को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी।

जिला अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि हमें एक-दूसरे का सहयोग से जनहित में कार्य करना है, जिसकी शुरुआत अपने-अपने मोहल्ले से करें। समाज में शिक्षा और संगठन के स्तर को बढ़ाना है। मौके पर प्राची गुप्ता और जिया गुप्ता ने मां दुर्गा की वेशभूषा धारण कर झांकी प्रस्तुत किया। जिसकी लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष लता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, उपाध्यक्ष राधा देवी, शोभा देवी, सीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, पिंकी गुप्ता, कंचन गुप्ता, रानी गुप्ता, ममता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, किरण गुप्ता, लवली गुप्ता, सीमा गुप्ता, रीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, इंदु गुप्ता, आम्रपाली गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## विधि-विधान से हुई श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में षष्ठयादि कल्पारंभ की पूजा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के प्रागंण में षष्ठयादि कल्पारंभ की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ की गई। आचार्य पं. यमुना पांडेय एवं पूजक पं. हरिशंकर त्रिपाठी के मंत्रोच्चार के माध्यम से पूजन कार्य संपन्न कराया। इस अयोजन में मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यजमान की भूमिका पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी ने निभायी। पं. हरिशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मां दुर्गा का आगमन और गमन अमृत काल में है, जो सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। अनुष्ठान में समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल, विश्वनाथ पांडेय, ओम प्रकाश साहु, द्वारिका मिश्र सुमन, भूपन साहू, रुपेश भगत, विक्की खड़िया, अभिषेक सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

## रायडीह में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना क्षेत्र के थमगढ़ा गांव निवासी बलकेश्वर सिंह (34) पिता लालदेव सिंह ने गुरुवार रात्रि अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार बलकेश्वर सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अत्यधिक शराब का सेवन करता था। घटना की सूचना पर सुरसांग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**भरनो (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में नरकोपी थाना के बलरामपुर निवाशी प्रदीप तिर्की की 25 वर्षीय पत्नी सुमन तिर्की की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रदीप अपना ससुराल भरनो के गढ़ा टोली मेहमानी करने आया हुआ था। शनिवार को वह बाइक में सवार होकर अपनी पत्नी सुमन तिर्की, पांच वर्षीय पुत्री अनुष्का, नौ महीने की पुत्री अनु तिर्की को लेकर बलरामपुर घर वापस लौट रहा था। इस क्रम में तुरिअम्बा मोड़ एनएच-23 के समीप सड़क खराब होने के कारण बाइक जम्प कर गयी और बाइक के पीछे बैठी पत्नी जो नौ महीने के बच्चे को पीठ में बांधे हुई थी, सड़क पर गिर कर बेहोश हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उसे स्वास्थ्य केंद्र भरनो लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे को हल्की चोट होने के कारण इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

## दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में शुक्रवार की रात दो अलग-अलग हादसे में बाइक से गिरकर दो युवक चोटिल हो गए। पहली घटना बेहरा टोली के समीप घटी। जहां नशे में धुत मर्यादित बाड़ा का पुत्र सुधीर बाड़ा घर में प्रवेश करने के दौरान मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे सिर और आंख पर गंभीर चोट पहुंची। उसे इलाज के लिए रात्रि करीब 9:00 बजे अस्पताल पहुंचा गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि स्थिति सुधार नहीं होने पर रांची रेफर किया जाएगा। दूसरी घटना शहरी क्षेत्र के पटेल चौक के समीप घटी। बाइक सवार दुंदुरिया निवासी अशोक कुमार डिवाइडर से टकराकर जख्मी हो गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जतरा भगत की स्मृति में तीन दिवसीय जतरा सह पड़हा मिलन समारोह आयोजित



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को जतरा टाना भगत की जन्म स्थली चिगरी में जतरा भगत की स्मृति में तीन दिवसीय जतरा सह पड़हा मिलन समारोह आयोजन का किया गया है। जहां पर विभिन्न गांव से 300 की संख्या में आये टाना भगतों व प्रकृति के पूजक बैगा पाहन द्वारा पड़हा टांड़ में सामूहिक पूजा समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही भगवान जतरा के आदर्शों पर चलने की शपथ लोगों को दिलायी गयी। इस मौके पर जतरा के परपोता विश्वा टाना भगत वह उनके परिजन मौजूद थे। मौके पर तेतरू टाना भगत ने कहा कि हम लोगों की संस्कृति और परंपरा ही हमारी पहचान है। इसी की बदौलत हम लोग अपना धर्म एवं संस्कृति को बचाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि जतरा हमारी पुरानी परंपरा है जो कि हमें संगठित होकर अपने संस्कृति को बचाए रखने का संदेश देती है। उन्होंने जतरा में सभी लोगों को संगठित होकर अपने धर्म एवं संस्कृति को बचाये रखने के अलावा अपने हक एवं अधिकार के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया।

### सिसई विधायक की पहल पर लुंगटू गांव में नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो की पहल से लुंगटू गांव में विभाग द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया मोनिका लकड़ा, समाजसेवी संतोष तिर्की एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मालूम हो कि लुंगटू के स्थानीय ग्रामीण विगत 15 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। गांव में नया ट्रांसफार्मर लगने से गांव वालों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर इसमें मुख्य रूप से अल्बर्ट तिर्की, महेश मिंज, विक्रम तिर्की, रीतभंजन सिंह, जहर सिंह, दीपक पाठक, सुलु सिंह, बिपिन साय एवं तमाम जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बसिया में प्रदान संस्था ने सात पंचायतों की आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया प्रशिक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रदान संस्था द्वारा प्रखंड के सात पंचायतों की आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षक सुमित श्रीवास्तव, राजू और सोनू सिंह के द्वारा प्रखंड हॉल में स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय का उपयोग और बच्चों की वृद्धि आंकलन, संतुलित आहार का सेवन एवं रजिस्टर मेंटेंन करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सुपरवाइजर डेजी कुजूर एवं सुमन देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### थाना में आर्मी जवान के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नगर बगाल टोली गांव की 22 वर्षीय मंजू कुमारी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व बाद में शादी से इंकार करने को लेकर शनिवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। आरोपी भरनो थाना क्षेत्र के मलगो बरटोली गांव निवासी आर्मी के जवान प्रदीप उरांव (23) को बनाया है। प्राथमिकी में कहा है वर्ष 2019 में बीए पार्ट 2 में पढ़ाई कर रही थी, इसी दौरान प्रदीप खुद को आर्मी का जवान बताते हुए फेसबुक में दोस्त बनकर फोन से बातचीत करने लगा, 23 मार्च 2020 को प्रदीप मेरे घर नगर आया था। उस दिन मेरे परिवार वाले मेहमान गए हुए थे। वह मुझे घर में अकेले पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। मेरे द्वारा विरोध करने पर शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। उस रात परिवार वालों के घर नहीं लौटने की बात जानकर रात भर वह मेरे घर में ही ठहरा और रात भर शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद जब भी वह छुट्टी पर आता मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता था। इस बीच मैं कई बार उसको शादी करने के लिए बोलती रही, पर वह टालमटोल करता रहता था। बीते एक माह पहले वह मुझसे बात करना बंद कर दिया। किसी तरह उससे संपर्क करने पर वह शादी से इंकार कर रहा है। मेरे दबाव देने पर जो करना है करो पर शादी नहीं करूंगा बोलता है।

### एसडीओ ने धनसिंह डैम की सभी समितियों के साथ बैठक कर विवादों का समाधान निकाला

**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला डीसी सुशांत गौरव के निर्देश पर एसडीओ संजय पीएम कुजूर की अध्यक्षता में धनसिंह डैम जलाशय के सभी समितियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मुखिया आर्या पंचायत उपस्थित थे। बैठक के फलस्वरूप सभी समितियों एवं तीनों ग्राम कुरडेग, बालाचौरा, गुण्डरडीह के बीच विवादों का समाधान निकाला गया। जिसमें सर्वसम्मति से ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि तीनों ग्राम की अपनी-अपनी एक समिति होगी और इन तीनों समितियों के ऊपर एक फेडरेशन होगा। जिसके अनुसार ये कार्य करेंगी। इसके साथ में संरक्षक कमेटी भी होगी, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया रहेंगे। संरक्षक कमेटी फेडरेशन और समितियों को समय समय पर मार्गदर्शन देती रहेगी।

**कार्यक्रम :** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन

# दशहरा पूजा अधर्म पर धर्म की विजय को दर्शाती है : अंकिताश्री

**विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने डांडिया नृत्य पर खूब उठाया लुत्फ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा (घाघरा) में दशहरा के उपलक्ष में शनिवार को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर विद्यालय की सचिव अंकिताश्री ने संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा असत्य के विरुद्ध सत्य की विजय को दर्शाती है। यह पूजा अधर्म पर धर्म की विजय को दर्शाती है। मां दुर्गा नारी स्वरूप में पूजी जाती हैं। अतः हमें अपने समाज में नारियों का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान बच्चों ने डांडिया नृत्य का लुत्फ उठाते हुए क्लास 1 से लेकर क्लास 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय परिवार के द्वारा छोटी बच्चियों का कन्या पूजन (पांव पूजन) किया गया। वहीं मौजूद विद्यालय के निदेशक चंद्रकांत पाठक ने बालकों से कहा कि बालिकाओं, माताओं तथा महिलाओं का सम्मान एवं आदर करें और उनकी रक्षा करें। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एलटीएन शाहदेव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा का महत्व हमारे जीवन में अनादि काल से रहा है। दशहरा त्योहार हमें यह संदेश देता है कि हमें अपने अंदर के दुर्विचार रूपी रावण का संहार करके सद्विचार रुपी राम को अपने मन मंदिर में बसायें, तभी यह त्यौहार सार्थक हो पाएगा।

कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लेकर रामायण का नाट्य रूपांतरण और डांडिया गरबा जैसे नृत्य का प्रदर्शन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस पावन पर्व पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए डांडिया नृत्य में भाग लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रकाश पांडे, विनोद पांडे, कृष्णकांत पाठक, राणा हिमांशु सिंह, राम सुंदर ठाकुर, निलेश कुमार, विक्रांत रंजन बद्री विशाल, शैलेंद्र कुमार, गोविंद पांडे, शरद कुमार पांडे एवं शिक्षिकाओं में कुसुम बाड़ा, शालिनी टोप्पो, दीपा कुमारी, ज्योति कुमारी, अंबिका कुमारी, सुरुचि कुमारी, दिव्या कुमारी, संजू तिवारी, आंचल सिंघल, विनीता कुमारी, अनूप कुमार तथा विवेक पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

# पुरस्कार निगम वासियों को समर्पित : महापौर

▸▸ मेदिनीनगर नगर निगम को दिल्ली में मिला स्वच्छता पुरस्कार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने भारत सरकार द्वारा 1850 से अधिक निकाय में चयनित मेदिनीनगर नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 पुरस्कार दिल्ली में प्राप्त किए जाने पर पूरे निगम वासियों को बधाई दी और कहां यह माइलस्टोन पुरस्कार बिना निगम वासियों के सहयोग,निगम के पदाधिकारियों की कार्यकुशलता एवं कर्मियों के मेहनत के बिना संभव नहीं था। महापौर अरुणा शंकर ने कहां यह मेदिनीनगर नगर निगम के लिए एक माइलस्टोन पुरस्कार है जिसके लिए हमारी पूरी टीम उपमहापौर मंगल सिंह,सभी पार्षदगण,निगम कर्मी एवं पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। मैं टीम के कैप्टन होने के नाते यह पुरस्कार मेदिनीनगर नगर निगम को मिलने से गौरवान्वित हूं साथ ही यह पुरस्कार मैं निगम वासियों को समर्पित करती हूं क्योंकि उनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। महापौर ने इस पुरस्कार के लिए विशेषकर नगर आयुक्त समीरा एस को बधाई दी है जिनके अथक प्रयास एवं कार्य कुशलता से आज हमारा मेदिनीनगर नगर निगम पूरे देश में गौरवान्वित हो रहा है। जिससे हम निगम वासी गौरवान्वित महसूस कर रहे। महापौर ने कहा कि इस पुरस्कार को पाने के लिए सफाई के अलावे बहुत सारे क्राइटेरिया है जिसमें हम सबों ने बेहतर काम किया। जिसके फल स्वरुप पुरस्कार प्राप्त हुए लेकिन निगम क्षेत्र की सफाई से अभी भी मैं संतुष्ट नहीं इसे सुधारने की आवश्यकता है और यह तभी संभव होगा जब नगरवासी कचरे को रोड पर ना फेंककर हमारे निगम डस्टबीन फेक कर सफाई कर्मियों को कचरा फेंकने में सहयोग करेंगे।



## मेयर, डिप्टी मेयर को बधाई का तांता

आज काफी संस्थानों ने मेदिनीनगर नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 पुरस्कार प्राप्त करने के उपलक्ष में टीम लीडर महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, सभी पार्षदगणों एवं निगम के आयुक्त को बधाई दी है। महापौर को बधाई देने वालों में लायंस क्लब के अध्यक्ष नवीन गुप्ता, लायंस फेमिना की अध्यक्षा बिंदु तुलस्यान, रोटरी क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र भूषण, बार एसोसिएशन पलामू के अध्यक्ष रामदेव यादव, सचिव सुबोध सिन्हा, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, कृष्णा अग्रवाल,रंजीत मिश्रा, मोहम्मद अनवर, नगर अध्यक्ष दीपू चौरसिया, झारखंड चेंबर के उपाध्यक्ष संजय कुमार, जैन समाज से सुरेश सुरेश जैन, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, डाल्टेनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता, डां एसोसिएशन के अध्यक्ष पलामू क्लब के सचिव श्री सुधीर सिंह सचिव श्री सुधीर अग्रवाल,मारवाड़ी समाज से पवन खेतान,गोपाल छपरिया,विमल उदयपुरी,माता हीरामणि सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल,अखिल भारतीय नारनौलय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल,सिख समाज की ओर से अध्यक्ष सतवीर सिंह राजा एवं पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ आरपी सिन्हा,डां सिद्धार्थ ,डॉ अनवर निजाम,चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट जय शर्मा एवं काफी संख्या में लोगों ने बधाई दी है।

## त्यौहारों को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने हुसैनाबाद में चलाया जांच अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पर्व त्यौहार के दौरान हुसैनाबाद अनुमंडल वाशियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्रीमती गुलाब लकड़ा के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई ।इसके पूर्व एसडीओ ने मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब और मोबाइल फूड सेफ्टी ऑन व्हील को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने राजकीय कन्या मध्य बिद्यालय,मध्य बिद्यालय हुसैनाबाद, जेपी चौक के समीप खाद्य पदार्थों की जांच की गई वहीं विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि फूड टेस्टिंग लैब के टेक्नीशियन द्वारा रिपोर्ट उपलब्ध कराने के पश्चात फेल नमूने का कानूनी नमूना लेकर राज्य प्रयोगशाला में भेजा जाएगा ।उक्त नमूनों में मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत करवाई की जाएगी। मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल वाशियों से त्यौहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने एवं इससे संबंधित उपायों के प्रति सभी को जानकारी दी ।साथ ही मिष्ठान भंडारों को साफ सफाई रखने ,मिठाइयों को ढककर रखने,खाद्य पदार्थ को ढकने के लिए अखबार का प्रयोग नही करने एवम औधोगिक रंग का प्रयोग नही करने ,अपने प्रतिष्ठान के आसपास साफ सफाई ,शुद्ध पेयजल के साथ ढक्कन लगा डस्टबिन रखने का निर्देश दिया।

## हुसैनाबाद एसडीओ ने तंबाकू सेवन नहीं करने की दिलायी शपथ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया ।यह आयोजन गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर सामाजिक दूरी के मापदंडों का अनुपालन करते हुए किया गया ।सामूहिक शपथ ग्रहण में हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने शपथ में शामिल लोगों को तंबाकू उत्पाद का सेवन नही करने का संकल्प दिलाया ।वही लोगों को अपने परिजनों मित्रों को तम्बाकू उत्पादों का सेवन नही करने के साथ–साथ ,पर्यावरण को भी तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान करने की शपथ दिलायी ।उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ तंबाकू निषेध में सबकी सक्रियता जरूरी है ।मौके पर मुख्य रूप से भीम दयाल रमन,ब्रजेश कुमार,सतेंद्र कुमार,अशेन्द्र कुमार,अधिवक्ता जेके पासवान,धनंजय सिंह,नवल किशोर सिंह यादव,अनल प्रसाद,सुजीत कुमार,बिकास तिवारी,कन्हैया प्रसाद समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अमकर सिंचाई योजना का टेंडर शीघ्र : विधायक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की चीर प्रतीक्षित अमकर सिंचाई योजना का टेंडर शीघ्र निकल जायेगा। इसकी सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उक्त बातें बिधायक कमलेश कुमार सिंह ने शनिवार को हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उन्होंने अमकर सिंचाई योजना को अपने पिछले कार्यकाल में ही स्वीकृत कर दिया था। बीच के किसी जनप्रतिनिधि ने प्रयास भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा में लगातार हुसैनाबाद हरिहरगंज की सिंचाई योजनाओं को लेकर विधानसभा में आवाज बुलन्द करने के साथ साथ प्रयास का प्रतिफल है। अमकर सिंचाई योजना का सर्वे कर प्राकलन बन कर तैयार हो गया है। जल्द ही टेंडर निकल जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से पिपरा प्रखंड के भांगा,बनाडीह, मधुबना, कलीपुर,। बरदाग, तेंदुई, अंबा झरना,बरवाडीह, सकलदीपा, पिंजरही, कुड़वा, शोभिचक समेत दर्जनों गांव के किसानों की पंद्रह हजार एकड़ से अधिक भूमि सिंचित होगी। विधायक श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की अन्य सिंचाई योजनाओं को लेकर भी प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की एक एक समस्या पर उनकी नजर है। एक एक कर समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है ।बस थोड़ा धैर्य की जरूरत है।

## पर्यावरणविद ने अपने 69वें जन्मदिन का 46वां पौधा अंबिकापुर में लगाया



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर आकाश बाग में और कर्मभूमि छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर सरगांवां स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में जन्मदिन की पूर्व संध्या पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान व पौधरोपण कर अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने लोगों को शुभकामना देते हुए अपने 69 वें जन्मदिन के 46 वां पौधा स्कूली बच्चों व शिक्षिकाएं के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगाया। कार्यक्रम में शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के 8 मूल मंत्रों की शपथ दिलाने के बाद स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के सम्बंध में विस्तृत जानकारियां दी। धर्मगुरु कौशल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और घटते वनों को रोकने के उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 1977 में पर्यावरण धर्म की शुरूआत किया था। पर्यावरणविद ने आठ मूल ज्ञान मंत्रों को लोगों से अपने धर्म के साथ पालन करने का अभियान भी चलाया । वनराखी मूवमेंट के अगुआ कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म का 8 मूल मंत्र का पहला सूत्र के तहत जीवन के जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य के अवसर पर पौधा लगाना ही है। उन्होंने इस धर्म को अभियान के रूप में नेपाल,भूटान समेत देश के 22 राज्यों के 108 जिलों में अपने निजी खर्चों पर चलाकर आजतक पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाते आ रहे हैं। वहीं पर्यावरण धर्म के 8 मुल ज्ञान मंत्रों को भी अपनाने के लिए शपथ भी दिलाते आ रहे हैं। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र में प्रकृति कलश यात्रा के तहत तीन राज्यों के 6 जिलों में पांच हजार कन्याओं को पौधा पानी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसी लक्ष्य के तहत आज यात्रा के छठे दिन अंबिकापुर के सरगांवां कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कन्याओं को पौधा पानी दिया गया।

## टीएसपीसी का एरिया कमांडर गुड्डू यादव गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला पुलिस द्वारा तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी के एरिया कमांडर गुड्डू यादव को गिरफ्तार किया गया है। गुड्डू यादव चतरा के लावालौंग थाना क्षेत्र के रामपुर का रहने वाला है। गुड्डू यादव पर पलामू में कई नक्सली वारदातों में शामिल रहने का मामला दर्ज है। दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ के इलाके में टीएसपीसी के एक दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने एक स्पेशल टीम का गठन किया और पांकी के केकरगढ़ के इलाके में छापेमारी की। इस छापेमारी में पुलिस ने गुड्डू यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया। यह छापेमारी पलामू के मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार यादव के नेतृत्व में हुई थी। गुड्डू यादव को पुलिस गिरफ्तार कर मनातू ले गई है। मनातू में गुड्डू यादव पर कई नक्सल घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। गुड्डू ने टीएसपीसी के दस्ते के बारे में पुलिस को कई अहम जानकारी दी है, जिसके बाद पुलिस का सर्च अभियान चल रहा है। गुड्डू यादव टीएसपीसी के जोनल कमांडर रौशन के दस्ते में एरिया कमांडर था। वह पलामू चतरा सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय रहा है। पुलिस के अनुसार गुड्डू यादव पुलिस के साथ कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहा है। पलामू, चतरा और लातेहार में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शामिल है, उस पर मनातू थाना में रंगदारी, अपहरण, 17 सीएलए एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज गई है। पुलिस गुड्डू यादव के बयान के आधार पर मनातू, पिपराटांड़ और पांकी के इलाके में सर्च अभियान चला रही है।

# सबलोग घर से करें स्वच्छता की शुरूआत : उप महापौर

**मेदिनीनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा एक अक्टूबर को कोयल नदी के तटवर्ती क्षेत्रों एवं टाउन हॉल के आस-पास स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 44 झारखंड बटालियन एनसीसी एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन, पलामू ने सहयोग किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत युनाईटेड इंडिया फॉर स्वच्छता, क्लीन इंडिया 2.0 एवं स्वच्छता सप्ताह के तहत हो रहे इस कार्यक्रम की शुरूआत टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मेदिनीनगर नगर निगम के उप महापौर राकेश सिंह ऊर्फ मंगल सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को स्वछता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के आठ साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए इस कार्यक्रम से लोगों स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्वच्छता की शुरूआत हम सभी को अपने घर से करनी चाहिए, स्वच्छ माहौल से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इससे पहले क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा स्वच्छता के



लिए किए जाने वाले प्रयासों एवं इसके फायदों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मास्क, ग्लब्स, झाड़ू एवं डस्टबिन का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के 44 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार, 44 झारखंड बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर कुलदीप खलखो, बिमलेश सिंह, एस सी बड़ाईक, टीएस नायक, राजेश कुमार, हिमांशु अहीर, मनदीप सिंह, डी डी खड़िया, बी के ब्रजेश, नेहरू युवा केंद्र के विनीत पांडे, गोविंद मेहता, अमन, चंदन, आशुतोष, मनोरंजन, सचिन, कौशल की सहभागिता रही।

## दंडाधिकारी ने कई पूजा पंडालों का लिया जायजा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी चंदन कुमार ने शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत क्षेत्र के चंदा व बिजनिवार में बने पूजा पंडाल का जायजा लिया ।इस दौरान पूजा के समिति से मिलकर शांति व्यवस्था कायम रखते हुए नवरात्र का महा पर्व दुर्गा पूजा को सफल बनाने की अपील की। वहीं दंडाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि पूजा के दौरान आपति जनक गाना न बजे और कम धौनी में लॉड स्पीकर बजाने का निर्देश पूजा पंडाल के सदस्यों को दी।




























## गोमिया में चार जगहों पर वाल्व लगाने के लिए विधायक ने पीएचइडी विभाग को लिखा पत्र

गोमिया (आजाद सिपाही)। पेयजल स्वच्छता विभाग के गोमिया विधायक प्रतिनिधि संदीप कुमार स्वर्णकार ने विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो को गोमिया की जनता को सुचारु ढंग से पेयजलापूर्ति के लिए जगह-जगह भल्व लगाने की जरूरत से अवगत कराया। इससे संबंधित मांगों को लेकर एक पत्र प्रेषित किया। इसके माध्यम से विधायक प्रतिनिधि ने गोमिया प्रखंड के चार मुख्य जगहों गोमिया पंचायत के थाना चौक, पलिहारी गुरुडीह पंचायत के अशोक ठाकुर के दुकान के सामने, पलिहारी गुरुडीह पंचायत के बैंक मोड़ स्थित सिप एंड बाइट दुकान के सामने और बेलाटांड़ पाइपलाइन में महेंद्र यादव के घर के सामने भल्व लगाने की मांग की है। जिसपर विधायक ने तेनुघाट पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र में वर्णित मांगों को लेकर शीघ्र कराने के लिए अनुशंसा पत्र विधायक प्रतिनिधि के माध्यम से सुपुर्द किया।

### राजगंज के व्यवसायी ज्योति रंजन हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# संपत्ति के लिए सगे भाई ने ही दोस्त से मिलकर करायी थी कारोबारी ज्योति की हत्या

- फोनकॉल डिटेल्स व टावर लोकेशन की मदद से हुई गिरफ्तारी

## भाई समेत दो गिरफ्तार, बिहार के आरा से बुलाया गया था शूटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राजगंज थाना क्षेत्र स्थित खरनी सहित सनशाइन सिटी (अल्ट्राटेक कॉलोनी) के पास गुरुवार की देर शाम व्यवसायी ज्योति रंजन की गोली मारकर की गई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सौरव कुमार और तेतुलमारी निवासी श्रीकांत मिश्रा के रूप में हुई है। सौरभ मृतक ज्योति का छोटा भाई है। उसी ने संपत्ति के लिए अपने सगे भाई ज्योंति की अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। इसकी जानकारी एसएसपी संजीव कुमार ने दी। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी ज्योति रंजन के अंतिम संस्कार के दौरान ही लिलोरी स्थान स्थित श्मशान घाट से कर ली गई। पूछताछ के आधार पर एसएसपी ने बताया कि ज्योति रंजन, गौरव और श्रीकांत के कॉल डिटेल व टॉवर लोकेशन की मदद से पुलिस को कई अहम सुराग मिले थे। फैक्ट्री, जमीन और मकान में एकक्षत्र राज करने के लिए सौरव ने ही ज्योति रंजन की हत्या का षड्यंत्र रचा था। सौरव के कहने पर उसके दोस्त श्रीकांत मिश्रा ने बिहार के आरा से शूटर मंगवाया था। तीन की संख्या में शामिल अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। श्रीकांत ने ही घटनास्थल की रेकी करवाई थी। घटना को अंजाम देने के बाद रास्ते में चेकिंग के डर से हथियार को वहीं छिपाकर अपराधी भाग निकले थे।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार व अन्य।

## सोनारडीह में कोयला तस्करी के खिलाफ ग्रामीणों का हंगामा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** जिला पुलिस प्रशासन के सख्त निर्देश के बावजूद बाघमारा क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार चरम सीमा पर संचालित है। सोनारडीह ओपी क्षेत्र पूरे बाघमारा में नंबर वन के स्थान पर है। हाल ही में पुलिस ने सोनारडीह ओपी क्षेत्र में खानापूर्ति के लिए कुछ अवैध उत्खनन स्थल के मुहाने को बंद कर खुब फोटो सेशन करवाया, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। पुलिस के नाक के नीचे ही खुलेआम कोयले का अवैध खनन और तस्करी हो रही है। इसका खुलासा शनिवार को सोनारडीह ओपी क्षेत्र के बहियारडीह बस्ती मे अवैध उत्खनन कर तस्करी के लिए रखे गए हजारों बोरी कोयले को पकड़कर ग्रामीणों ने इस धंधे का भंडाफोड़ किया ।

### क्या है मामला

शनिवार की दोपहर सोनारडीह ओपी क्षेत्र बहियारडीह बस्ती के सैकड़ों महिला-पुरुष बहियारडीह में हो रहे अवैध उत्खनन स्थल पर पहुंच गए और अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ हंगामा करने लगे। वहीं बीसीसीएल प्रबंधन और धनबाद पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी। ग्रामीणों ने सबसे पहले सोनारडीह पुलिस को फोन कर अवैध उत्खनन स्थल पर आने की अपील की। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी जब पुलिस नहीं पहुंची। उल्टे सोनारडीह ओपी प्रभारी स्वेता कुमारी ने ग्रामीणों को कहा कि वे लोग सोनारडीह ओपी में आकर लिखित शिकायत दिजीए। खबर लिखे जाने तक बहियारडीह बस्ती के ग्रामीण अवैध धंधेबाज के खिलाफ लिखित आवेदन देने में जुटे थे। ग्रामीणो ने कहा कि कोयला तस्कर के विरूद्ध सोनारडीह पुलिस ठोस कदम नहीं उठाती है तो हमलोग ओपी का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे।

## महाषष्ठी पर खुले मां दुर्गा के पट, आराधना में डूबा बोकारो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** महाषष्ठी पर शनिवार को मां दुर्गा का पट खुलने के साथ ही दुर्गा पूजा शुरू हो गई। देर रात तक पूजा पंडालो में मूर्तियों को स्थापित करने का दौर जारी रहा। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की आवाजाही दिनभर लगी रही। सप्तमी के दिन सेक्टर 12, सेक्टर 2, सेक्टर 9 सहित सभी पूजा पंडाल में स्थापित मूर्तियों के पट खुलेंगे। तैयारी में किसी प्रकार की कमी न रह जाए इसे लेकर पूजा समितियां पूरी तरह सजग दिखी। वहीं शनिवार को षष्ठी के दिन पूजा पंडाल में आरती के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सेक्टर 2 पूजा कमेटी के पूजा पंडाल रविवार को सप्तमी के दिन बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंद्र प्रकाश मेले व पंडाल का उद्घाटन करेंगे।

### बांग्ला विधि वाले पूजा पंडाल में देवी दर्शन शुरू

शनिवार को बांग्ला विधि विधान के साथ पूजा करने वाले पंडालों में मंत्रोच्चारण के साथ पट खुल गए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दिव्य रूप के दर्शन किये। बंगाली समाज में मान्यता है कि षष्ठी को ही मां दुर्गा कैलाश से अपने मायके पृथ्वी पर आती हैं। जिसकी वजह से बंगाल समुदाय में मां दुर्गा का स्वागत बेटी के रूप किया जाता है। शनिवार को जिन मंदिरों में पट खुले उनमें बंग भारती, सेक्टर 4 सिटी सेंटर पूजा पंडाल, सेक्टर 8 कालीबाड़ी पूजा पंडाल, सेक्टर 1 एचएससीएल परिसर सहित अन्य पूजा पंडाल शामिल है। बंग भारती की ओर से मनाए जाने वाले पूजा पंडाल में बांग्ला रीति रिवाज से दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई। पुजारी व अतिथियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ पारपंरिक रुप से मां का आह्वान किया।

### गुजरात कॉलोनी में पारंपरिक रूप से डांडिया

नवरात्र के अवसर पर चास के गुजरात कॉलोनी में पारंपरिक रूप से गरबा व डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। जहां पश्चिम बंगाल से पहुंचे कलाकार गुजराती डांडिया गीत गा रहे हैं। देर रात तक इन गानों पर समाज के पुरुष व महिलाएं माता की अराधना गरबा व डांडिया नृत्य कर करते हैं। शनिवार को भी मां दुर्गा की पूजा कर डांडिया आयोजित हुआ।

## झरिया में ट्रक व बाइक की भिड़ंत, पिता व भाई संग कोचिंग जा रही छात्रा गंभीर रूप से घायल

- आक्रोशित लोगों ने किया झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग को घंटों जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/भगतडीह।** झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग स्थित भगतडीह मोड़ के समीप शनिवार को सीमेंट लोड ट्रक की चपेट में आने से छात्रा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मौके का फायदा उठाकर ट्रक चालक भागने में सफल रहा। वहीं, घायलों की पहचान राजेश पासवान (50), अश्विनी कुमारी (15) और अंगद पासवान (10) के रूप में हुई है। सभी बनियाहीर कोल बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले हैं। उधर, घटना से नाराज लोगों ने झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग घंटों जाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची झरिया पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर सड़क जाम समाप्त करवाया। साथ ही ट्रक को जब्त कर फरार चालक की तलाश में जुट गई।



सड़क पर लिगाई गई घायल छात्रा व सड़क जाम कर हंगामा कर रहे लोगों को समझाते पुलिस के अधिकारी।

### कुछ दूर तक सड़क पर घसीटता ले गया ट्रक

जानकारी के अनुसार भाजपा नेता राजेश पासवान शनिवार को अपनी बाइक से बेटे आंगद और बेटी अश्विनी को बाइक पर बिठाकर बैंक मोड़ स्थित कोचिंग सेंटर ले जा रहे थे। तभी भगतडीह के पास भागा से सीमेंट लेकर तेज रफ्तार ट्रक जोड़ाफाटक गोदाम जा रहा था। उसके आगे-आगे बाइक थी। अचानक सड़क खराब होने के कारण बाइक पर सवार तीनों गिर गए। छात्रा अश्विनी दाहिने तरफ गिरी। उसके ऊपर ट्रक ने चढ़ा दिया और घसीटते हुए ले जाने लगा। लोगों के शोरगुल मचाने पर ट्रक रुका, लेकिन चालक भागने में सफल रहा। इसके बाद घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जोड़ाफाटक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां अश्वनी और अंगद की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों को दुर्गापुर अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों की हालत चिंताजनक है। उधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। सड़क पर ब्रेकर देने की मांग की। लोगों का आरोप था कि सड़क पर काफी तेज रफ्तार में ट्रक और हाइवा चलते हैं। इस कारण हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वहीं, लड़क जाम की सूचना पाकर झरिया थाना प्रभारी पंकज कुमार झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को शांत किया। सड़क जाम हटाया।

## केएन सिंह अध्यक्ष व आरके शर्मा पुनः बने महासचिव




आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पीबी एरिया अंतर्गत मुनीडीह ऑफिसर्स क्लब में शनिवार को इंडियन माइन मैनेजर एसोसिएशन का वार्षिक आम सभा आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता आइएमएमए अध्यक्ष केएन सिंह ने की। इसमें बीसीसीएल, टाटा स्टील एवं सेल के प्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वप्रथम आरके शर्मा ने वार्षिक गतिविधियों का ब्योरा पेश किया और 2022 से 2025 के नये पदाधिकारियों के सूची को सभा में अनुमोदन के लिए रखा। जिसमें सर्वसम्मति से केएन सिंह को अध्यक्ष एवं आरके शर्मा को पुनः महासचिव चुना गया। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में मो युनूस अंसारी और सह-सचिव के रूप में नीरज कुमार, एचओडी पीएंडपी बीसीसीएल, एमआर श्रीवास्तव, राजीव तिवारी जीएम-सेल और इसीएल के बीके साह को चुना गया। साथ ही 41 काउंसिल मेंबर और ऑडिटर का भी चयन हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष केएन सिंह ने कार्यों का विवरण दिया और बताया कि आगामी 20 और 21 जनवरी 2023 को बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में आइएमएमए का 100वां वर्ष और बीसीसीएल के 50वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बीसीसीएल के कोयला नगर स्थित सामुदायिक भवन में एक संयुक्त समारोह मनाई जायगी। इसके साथ ही एक राष्ट्रीयस्तर का सेमिनार भी आयोजित किया जायेगा और माइनिंग सेक्टर के लिए विशेष योगदान देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी ग्राम पंचायत के रथटांड़ स्थित में भाजपा राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कार्यकरणी सदस्य एवं मध्यप्रदेश सह प्रभारी देवनारायण प्रजापति ने खाली पड़े पांच एकड़ के पैतृक भूमि पर करीब एक हजार पौधा लगाकर हरियाली का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित मुखिया पार्वती देवी एवं पंसस महेश रविदास को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद कहा कि हम सभी को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पौधा जरूर लगाना चाहिए। पेड़-पौधों को लगा कर गांव और क्षेत्र के आस पास हरियाली रखनी चाहिए। वहीं, मुखिया पार्वती देवी व पंसस महेश रविदास ने कहा कि जिस तरह जंगलों से पेड़ों की कटाई हो रही है इसका वातावरण और हमारे जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रदूषित वातावरण को बचाने के लिए सभी को पौधे लगाना आवश्यक है। इस मौके पर भाजपा साडम मंडल उपाध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद, तारमेश्वर प्रजापति, योगेंद्र प्रसाद, विनोद ठाकुर, मनोज दत्ता, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव आदि थे।




## रॉयल रूट्स प्ले स्कूल में हुआ डांडिया महोत्सव का आयोजन



**महुदा (आजाद सिपाही)।** रॉयल रूटस प्ले स्कूल में डांडिया नृत्य फेस्टेवल का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर समीर कुमार की निगरानी मे बच्चों ने अनुसाशन के साथ नृत्य में हिस्सा लिया। सभी विद्यार्थी पारंपरिक वेशभूषा में थे। यहां के विद्यार्थिं में भारत के विभिन्न राज्यों के महोत्सवों के बारे में जानकारी दी जाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर चीफ अमीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रचार्य सादिक कुरैशी, रमेश महतो, बीएस राय, प्रियंका महतो, लक्ष्मी कुमारी, सबनम रेहाना, नाजिया परवीन, नादिया मुस्ताक, सुनिता सिंह, निरंजन सिंह आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## विवाहिता की गला घोंटकर हत्या का आरोप

**कुमारधुबी 9आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड नकड़ा कनाली निवासी चिंता मोदक की बेटी सीमा दत्तो की गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिता चिंता मोदक ने सरायढेला पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराया है। शुक्रवार की दोपहर एसएनएनएमसीएच धनबाद में इलाज के दौरान सीमा नामक महिला की मौत हो गई। सीमा की आठ साल पहले जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के कुशबेदिया गांव निवासी सुजय दत्तो से शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरावालों द्वारा गाड़ी व रुपए की मांग को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि 24 सितंबर की दोपहर दो बजे सीमा को गला में फंदा डाल जान मारने का प्रयास किया गया। पति सुजय दत्ता, ससुर राखोहरि, सास पुनीता दत्तो, ननद का पति (ननदोसी) दीनू दत्ता व ननद मोनिका मित्र सभी एक मत होकर दहेज के लिए ऐसा किया गया। मृत समझ बेहोशी की हालत में उसे जामताड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे एसएनएनएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर दो बजे उसकी मौत हो गई।

### आरोपः बस्ताकोला प्रबंधन और आउटसोर्सिंग ठेकेदार गरीबों के घरों को उजाड़ने पर तुले

# झरिया बंगाली कोठी की महिलाओं ने रागिनी सिंह से लगाई मदद की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बीसीसीएल बस्ताकोला प्रबंधन और आउटसोर्सिंग ठेकेदार मिलीभगत कर गरीबों का आसियाना उजाड़ने पर चुले हैं। गरीबों के घरों के समक्ष ओबी डंप कर मूलभूत सुविधाओं में शामिल जलापूर्ति को बाधित कर दिया है। जिस कारण लोगों में त्राहिमाम मचा है। उक्त बातें झरिया बंगाली कोठी की महिलाओं ने कही। वे लोग शनिवार को सिंह मेंशन स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर उनसे मदद की गुहार लगा रही थीं। महिलाओं ने रागिनी सिंह को बताया कि बेरा कोलियरी प्रबंधन एवं संवेदक द्वारा बंगाली कोठी में उनके आवास के समीप ओबी डंप कर वहां से उजाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाओ को बाधित किया कर रहे, जबकि उनके जमीन के बदले मुआवजे को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन कोई विचार नहीं कर रहा है। ना ही स्थानीय को रोजगार देने पर सहमत हैं। प्रबंधन लगातार दबाव बनाकर वहां से लोगों को हटाने की साजिश रच रहा हैं। बड़े-बड़े बोल्डरो को डंप किया जा रहा जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हमसब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं, लोगों-महिलाओं की बातें सुनने के बाद जनता मजदूर संघ (जमसं) की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह ने बीसीसीएल के उच्च अधिकारियों से फोन पर बात की और समस्याओं को दूर करने को कहा। साथ ही प्रबंधन को चेतावनी दी कि अगर स्थानीय लोग व मजदूरों के साथ किसी भी तरह का अन्याय हुआ तो उसे बर्दाश्त नहीं करेंगी। इस दौरान मौके पर राजू दास, रंजीत दास, सुशील बाउरी, अजीत दास, दीपक बाउरी, आनंद दास, सतीश दास, हरी गोप, लक्ष्मी देवी, आशा देवी, किरण देवी, ठंडी देवी, रवीना देवी, तारा मुनि देवी आदि उपस्थित थे।



सिंह मेंशन जाकर रागिनी सिंह से मदद की गुहार लगाती महिलाएं।

**जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा**

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड राँची के राज्यादेश संख्या 10 दिनांक 21/06/2022 के आलोक में सिमडेगा जिला में विभिन्न जलाशयों में विभाग द्वारा अधिष्ठापित केजों में पंगेशियस/GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज का संचयन कराया जाना है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से पंगेशियस/GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन दिनांक– 15.10.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उल्लेखित शर्तो के साथ स्वीकार किया जाएगा। उपरोक्त उल्लेखित शर्त जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के सूचना पट्ट एवं सिमडेगा जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 279209 (Fish)22-23*D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
**नया समाहरणालय भवन, ए ब्लॉक, द्वितीय मंजिल, खूँटीटोली, सिमडेगा–835223–**
फोन: 06525-225835 ई–मेल- ssasimdega@gmail.com फैक्स : 06525-225836

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सिमडेगा जिले के सात प्रखण्ड (बानो, बोलबा, जलडेगा, कोलेबिरा, कुरडेग, सिमडेगा एवं ठेठईटांगर) में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं तीन प्रखण्ड (बांसजोर, पाकरडांड एवं केरसई) में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए खाद्य–अखाद्य सामग्रीः–(राशन/भोजन/अन्य वस्तुएँ)–"क", पठन–पाठन लेखन तथा शिक्षण सामग्री, कार्यालय उपयोग सामग्री एवं अन्य सामग्रियों आदि क्रय हेतु इच्छुक निविदादाताओं से पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा से दिनांक 01.10.2022 से 10.10.2022 के अपराहन् **4:00** बजे तक कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में 11.10.2022 के पूर्वाहन् **11:00** बजे तक सीलबंद निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर क्रय समिति द्वारा 11.10.2022 अपराहन् 01:00 बजे, स्थान झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत जानकारी सिमडेगा के अधिकारिक वेब–साईट www.simdega.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 279218 (Primary Education)22-23*D

# कोयला सचिव ने एमसीएल की खदानों का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** कोयला मंत्रालय के सचिव डॉ अनिल कुमार जैन और संयुक्त सचिव विस्मिता तेज ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की विभिन्न खदानों का दौरा किया। 29 सितंबर को डॉ जैन ने संबलपुर में एमसीएल मुख्यालय में संयुक्त सचिव के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसमें ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, प्रमुख सतर्कता अधिकारी, जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी/पी एंड पी), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त), एमसीएल मुख्यालय तथा क्षेत्रीय महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित थे । उत्पादन, प्रेषण और ओवरबर्डन रिमूवल तीनों मापदंडों में लक्ष्य से अधिक सकारात्मक वृद्धि के लिए डॉ जैन ने टीम एमसीएल की सराहना की।



डॉ अनिल जैन एवं विस्मिता तेज ने एमसीएल के इब वैली कोलफील्ड्स का दौरा किया और बसुंधरा, लखनपुर और इब वैली क्षेत्र में खनन कार्यों का निरीक्षण किया। डॉ जैन के साथ एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह, निदेशक (कार्मिक) केशव राव और निदेशक (तकनीकी/पीएंडपी) जेके बोरा आदि शामिल थे। वसुंधरा क्षेत्र में डॉ जैन ने गर्जनबहल और कुलडा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट्स (ओसीपी) के संचालन का निरीक्षण किया और वार्षिक 50 मिलियन टन उत्पादन देनेवाली सियारमल ओसीपी की समीक्षा की, जहां उन्होंने कहा कि सियारमल को वित्तीय वर्ष 2022-23 में लक्षित कोयले से अधिक कोयला उत्पादन करना चाहिए। श्री जैन ने बसुंधरा क्षेत्र के अंतर्गत सरडेगा साइडिंग से कोयला प्रेषण और वार्षिक 20 मिलियन टन रैपिड लोडिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। एमसीएल वसुंधरा क्षेत्र की सीएसआर पहल के तहत डॉजैन ने दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल भी वितरित की। इसके अलावा डॉ जैन ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कोयले की पर्याप्त आपूर्ति और कोयले के प्रेषण को बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता करने पर बल दिया। डॉ जैन ने लखनपुर ओसीपी एवं साइडिंग में खनन एवं प्रेषण कार्य का भी निरीक्षण किया। कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान एमसीएल करती है।

# किट ने अगले शैक्षणिक सत्र से फार्मेसी पाठ्यक्रम शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के तहत फार्मेसी स्कूल अगले शैक्षणिक सत्र से काम करना शुरू कर देगा और बी फार्म और डी.फार्म में पाठ्यक्रम पेश करेगा। इस बात का खुलासा किम्स कैंपस में आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2022 समारोह के दौरान किया गया। ओडिशा के औषधि नियंत्रक सुबोध कुमार नायक, जिन्होंने 25 सितंबर को मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया, उन्होंने राज्य भर के फार्मासिस्टों से उपभोक्ताओं के हित को हर चीज से ऊपर रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं की आपूर्ति के आरोप में बिहार से दो व्यक्तियों को ओडिशा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के आलोक में वे नकली दवाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएंगे। उन्होंने फार्मासिस्ट से नियमित चैनलों से अपने स्टॉक की खरीद का अनुरोध करते हुए कहा, कुछ लोगों के बेईमान लालच के लिए, हमने खराब नाम कमाया है। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान फार्मासिस्ट की भूमिका की सराहना की और कहा कि लोग फार्मासिस्ट पर उतना ही भरोसा और विश्वास रखते हैं, जितना कि डॉक्टरों पर।




श्री नायक ने किट, किस और किम्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के किम्स में 300 से अधिक फार्मासिस्टों की भर्ती के प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगामी फामेर्सी स्कूल ओडिशा के फामेर्सी परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से बदल देगा। उन्होंने बताया कि फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया पहली बार फामेर्सी छात्रों के लिए रिटेल दवा बिक्री के लिए लाइसेंस सुरक्षित करने के लिए 'एक्जिट' परीक्षा आयोजित करेगी। किम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर आर सी दास ने कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका रिटेल बिक्री से आगे बढ़कर नए समाधान और दवाएं विकसित करने में अनुसंधान गतिविधियों तक पहुंच गयी है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा एन. आई. एफ. आर. आई. एस. (नये अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना) पॉलिसी के तहत मण्डल के स्टेशनों के लिये आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विवरणी निम्न है: **(1) कार्य का नाम:** इच्छुक पार्टियों अर्थात् रेलवे पब्लिक सेक्टर/बाहर की एजेंसी (जैसे कि गैर सरकारी संगठन, स्वंय सहायता समूह, सहकारी समितियों) से सभी नये तथा अभिनव विचारों, अवधारणाओं, प्रस्तावों विषयों आदि। **(2) आवेदन शुल्क (नॉन रीफंडेबल):** रू.1,000/– **(3) आवेदन फॉर्म अपलोड करने की तिथि एवं समय:** दिनांक 14.10.2022 को 15:00 बजे तक **(4) बेवसाईट का पता, जहाँ पूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ecr.indianrailways.gov.in

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01168/डीडीयू/सीओएमएल/टी/22-23/24

## तीन महीने अतिरिक्त चावल दिया जायेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों को अगले तीन महीने तक 5 किलो अतिरिक्त चावल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इससे 2.92 लाख परिवारों के 9.05 लाख लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के तीन महीनों के लिए, लाभार्थियों को एनएफएसए लाभार्थियों की तरह प्रति व्यक्ति महीने में 5 किलो अतिरिक्त चावल मुफ्त मिल सक्ता है।

# किम्स ने राष्ट्रीय पोषण माह मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पौष्टिक भोजन और संतुलित आहार लेने के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने राष्ट्रीय पोषण माह 2022 का समापन । किम्स के डायटेटिक्स विभाग ने समापन दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें केक काटने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्टाफ सदस्यों के बीच पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता और पोषण जागरूकता प्रश्नोत्तरी आयोजित किया गयी थी। इस अवसर पर बोलते हुए ब्रिगेडियर प्रो (डॉ) अंबिका प्रसाद महांती प्रिंसिपल किम्स ने किम्स की डायटीशियन टीम को स्वस्थ, पौष्टिक भोजन और उन्हें स्वच्छ वातावरण में तैयार करने के बारे में आम जनता, रोगियों और उनके परिजनों के बीच जागरूकता पैदा करने की सलाह दी।

किम्स के डायटेटिक्स विभाग ने संतुलित और पौष्टिक आहार की एक प्रदर्शनी भी आयोजित किया और समूह नृत्य और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरित किए गए।

आयोजन में प्रो (डॉ) रामचंद्र दास चिकित्सा अधीक्षक, प्रो (डॉ) कबीकांत सामंतराय (अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. अश्विनी शर्मा (उप चिकित्सा अधीक्षक), सुसम्मा साहू नर्सिंग अधीक्षक और आहार विशेषज्ञों की टीम जिसमें संतोषीरानी साहू, संघमित्रा नायक, सुश्री तपस्विनी दास, मोनालिसा राउत, कुमारी सोनम सिंह और किम्स की स्वेतालिना दास शामिल थीं।

# संबलपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्वतट रेलवे संबलपुर मंडल में 16 सितंबर से 30 सितंबर तक स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। प्रदीप कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्वच्छ संवाद में किया गया। इस अभियान के दौरान स्वच्छ रेलगाड़ी पर कोच, शौचालय, बर्थ, वॉश बेसिन, मिरर, विद्युत उपकरणों की सफाई सुनिश्चित की गयी। संबलपुर मंडल के विभिन्न कार्यालयों, रेलवे अस्पताल, स्वास्थ्य इकाई, कोचिंग डिपो, क्रू लॉबी, रेलवे कालोनियों, रनिंग रूम, वेटिंग रूम, रेस्ट हाउस आदि में स्वच्छ परिसर पर सघन सफाई अभियान चलाया गया। कैंटीन, फूड स्टॉल, पेंट्रीकार, चाय के स्टॉल और अन्य खानपान इकाइयों में स्वच्छ आहार पर सघन सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान को लेकर रेलवे कॉलोनियों, स्टेशन, कोचिंग डिपो की सफाई अभियान संबलपुर में सघन सफाई अभियान चलाया गया। विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ नीर के अंतर्गत आपूर्ति किए गए पानी की गुणवत्ता की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अभियान के दौरान सभी जल प्रतिष्ठानों, फिल्टर प्लांटों, जलापूर्ति के स्त्रोतों का गहन निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रतियोगिता पर स्वच्छता को लेकर संबलपुर मंडल के रेल कर्मचारियों के बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# रेलवे संरक्षा आयुक्त ने दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** दक्षिण पूर्वी सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त एएम चौधरी ने 29 और 30 सितंबर को संबलपुर मंडल में संबलपुर- टिटीलागढ़ दोहरीकरण परियोजना के देबाहाल-बरगढ़ रोड- बरपाली के बीच दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री चौधरी ने ओवरहेड उपकरणों, पुलों, मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग, सिग्नल और दूरसंचार उपकरणों, रेलवे ट्रैक आदि जैसे संरक्षा से संबंधित पहलुओं का निरीक्षण किया और स्पीड ट्रायल भी किया। मंडल में इस खंड के दोहरीकरण और विद्युतीकरण के बाद यह ट्रेनों के सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अमर प्रकाश द्विवेदी और पूर्व तट रेलवे मुख्यालय और संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी साथ थे।




## केरल में पांच आरएसएस नेताओं को वाइ कैटेगरी की सिक्योरिटी

**तिरुअनंतपुरम।** केंद्र ने केरल में आरएसएस के 5 नेताओं को कैटेगरी की सिक्योरिटी की सिक्योरिटी दी है। यह फैसला नेताओं पर हमले की आशंका को देखते हुए लिया गया है। एनआइए ने पीएफआइ के 93 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान केरल पीएफआइ के मेंबर मोहम्मद बशीर के घर से एक लिस्ट मिली, जिसमें आरएसएस के पांच नेताओं के नाम थे।

## टाटा स्टील मेरामंडली ने शराब पीकर ड्राइव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) का सुरक्षा विभाग और ढेंकनाल पुलिस के सहयोग से यात्रियों के लिए 29 सितंबर से शराब पीकर ड्राइव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत अगले कुछ दिनों तक शराब का प्रभाव ड्राइविंग के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान चलाया जायेगा। कर्नल प्रकाश संजय चीफ सिक्योरिटी टाटा स्टील कलिंगनगर और टाटा स्टील मेरामंडली, अभिषेक शर्मा हेड सिक्योरिटी टीएसएम और दिब्यहास राय प्रमुख सीएसआर टीएसएम ने औपचारिक रूप से कंटाबनिया पुलिस स्टेशन के सबिता पात्र प्रभारी निरीक्षक और मोटंगा पुलिस स्टेशन के आइआइसी निरंजन सेठी की उपस्थिति में आसपास के गांवों से स्थानीय पंचायत राज प्रतिनिधियों के उपस्थिति में अभियान की शुरुआत किया गया।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**